अखबार जो बदल दे नजरिया
राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 13 अंक ›› 356
epaper.rashtriyakhabar.com
पौष, कृष्णपक्ष अमावस्या, विक्रम संवत 2079

चाणक्य नीति

नाऽत्यन्तं सरलैर्भाव्यं गत्वा पश्य वनस्थलीम्।
छिद्यन्ते सरलास्तत्र कुब्जास्तिष्ठन्ति पादपाः॥

भावार्थ : मनुष्य को अत्यन्त सरल और सीधा भी नहीं होना चाहिए। वन में जाकर देखो, सीधे वृक्ष काट दिये जाते हैं और टेढ़े मेढ़े गांठों वाले वृक्ष खड़े रहते हैं।

रांची पारा अपडेट

मैक्सिमम	मिनीमम
26.00 °C	12.00 °C

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .08 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 06 .26 बजे

बेरोजगारी में आ रही है कमी : भूपेन्द्र यादव

नयी दिल्ली: केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेन्द्र यादव ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि देश में बेरोजगारी में धीरे-धीरे कमी आने लगी है। श्री यादव ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि रोजगार के लिए तीन स्तर पर सर्वेक्षण किया जा है और इन तीनों स्तर पर अब बेरोजगारी दर में धीरे -धीरे कमी आने लगी है। उन्होंने कहा कि संगठित क्षेत्र के लिए ईपीएफओ के आंकड़े लिये जाते हैं जिससे पता चलता है कि अब देश में रोजगार में बढ़ोतरी होने लगी है। इसके साथ ही विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र के कामगार का सर्वेक्षण होता है जिसमें आथित्य, परिवहन, विनिर्माण आदि क्षेत्रों में रोजगार बढ़ने के आंकड़ें सामने आ रहे हैं। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि कार्यबल में महिलाओं की संख्या बढ़ाने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है और नये श्रम कानून में महिलाओं के वेतन आदि को पुरूषों के समान बनाने पर जोर दिया गया है।

फोन टैपिंग मामले में फडणवीस दे इस्तीफा:पटोले

नागपुर: महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष नाना पटोले ने गुरुवार को मांग की कि फोन टैपिंग मामले को दबाने की कोशिश कर रही सरकार में गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस को इस्तीफा देना चाहिए। विधानभवन परिसर में श्री पटोले ने पत्रकारों से कहा कि वर्ष 2016-17 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के शासनकाल में जनप्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों और पत्रकारों के फोन अवैध रूप से टैप किये गये थे। इस मामले में आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इस मामले की जांच संस्था ने जब इन्हें दोषी पाया है तो प्रवर्तन निदेशालय(ईडी), सरकार को क्लीन चिट देने की कोशिशों में क्यों लगी है। उन्होंने कहा कि यह मामला तब का है जब श्री देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री और गृहमंत्री दोनों पद संभाले थे और आज भी वह गृहमंत्री हैं। सभीलोगों के फोन अलग अलग नाम से टैप किये गये । यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर हमला है।

एक सौ 65 देशों के पर्यटकों मिल रहा है ई वीजा

नयी दिल्ली : सरकार ने गुरुवार को राज्यसभा को बताया कि कोरोना के बाद प्रतिबंधों में ढ़ील दिये जाने के बाद से विदेशी पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। और अब कनाडा सहित 165 देशों के पर्यटकों को ई वीजा जारी किया जा रहा है। पर्यटन राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने आज प्रश्नकाल के दौरान इस संबंध में एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कनाडा के साथ भी इस संबंध में संधि होने से अब 165 देशों को ई वीजा जारी करने की सुविधा शुरू दी गयी है। उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद पांच निशुल्क वीजा जारी किये जाने के बाद से विदेशी पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होने लगी है। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की सहायता और सुरक्षा के लिए 12 भाषाओं में टॉल फ्री नंबर जारी किये जा चुके हैं और पर्यटकों को इसके माध्यम से सहायता और सुरक्षा आदि उपलब्ध कराने में मदद की जाती है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है। संपादक

चीन के मुद्दे पर हंगामे के कारण लोकसभा में प्रश्न काल, शून्य काल नहीं हुआ

प्रधानमंत्री से जबाव मांग रहे विपक्ष का भारी विरोध

›› तीन बार लगातार एक ही मुद्दे पर हंगामा
›› इसी चक्कर में शून्यकाल भी नहीं हो सका
›› सरकार ने कहा संवेदनशील मामला है यह

राष्ट्रीय खबर

नयी दिल्ली : चीन के मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल और शून्य काल की कार्यवाही नहीं हो सकी और सदन की बैठक दोबारा अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। पीठासीन अधिकारी राजेन्द्र अग्रवाल ने 12 बजे शून्य काल शुरू होते ही आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाये। इसके साथ ही विपक्षी सदस्य अपने-अपने स्थानों पर खड़े होकर चीन के मुद्दे पर सदन में चर्चा कराने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जवाब देने की मांग करते हुए शोरशराबा करने लगे। वे लगातार नारे लगाते रहे। श्री अग्रवाल ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रख दिये जाने के बाद शून्य काल शुरू होने की घोषणा की, तभी विपक्षी सदस्यों ने हंगामा तेज कर दिया। इसके बाद पीठासीन अधिकारी श्री अग्रवाल ने सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दी। दो बार के स्थगन के बाद दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरु हुई तो कांग्रेस सहित अन्य कई विपक्षी दलों के सदस्यों ने पीठासीन अधिकारी किरीट सोलंकी से विपक्ष को सदन में अपनी बात कहने के लिए अनुमति देने का अनुरोध किया, लेकिन श्री सोलंकी ने विपक्ष की बात सुने बिना और उन्हें कोई आश्वासन दिये बिना नियम 377 के

›› पेज 2 भी देखें

पीठासीन अधिकारी ने विपक्षी सदस्यों से बार-बार अपनी सीटों पर बैठने का आग्रह किया

पीठासीन अधिकारी ने विपक्षी सदस्यों से बार-बार अपनी सीटों पर बैठने और शून्य काल में सदस्यों को अपनी बात कहने का मौका देने का आग्रह किया, लेकिन विपक्षी सदस्य शोरशराबा करते रहे। इस पर संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि चीन के मुद्दे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बयान दे चुके हैं, सेना की ओर से भी वक्तव्य जारी किया गया है। यह बहुत संवेदनशील मामला है। इस पर सदन में बहस कराना उचित नहीं है। पहले के भी ऐसे उदाहरण हैं, जब विपक्ष ने सरकार की अपील को माना है और संवेदनशील मुद्दों पर सदन में चर्चा की मांग से पीछे हटा है। श्री जोशी ने कहा कि सदन को अभी कई जरूरी कार्य निपटाने हैं, विपक्ष को सहयोग करना चाहिए और सदन का कामकाज सुचारु रूप से चलने देना चाहिए। विपक्षी सदस्यों ने श्री जोशी की अपील को नजरअंदाज करते हुए हंगामा जारी रखा और शोरशराबा तेज कर दिया।

फेसबुक पोस्ट पढ़कर देश भर से बारिश हो गयी मदद की

सिर्फ पांच सौ रुपये मांगे थे मिले 55 लाख

- एक वक्त खाने का पैसा भी नहीं बचा था
- हिंदी शिक्षिका ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की
- अत्यधिक समर्थन के बाद अब पोस्ट को हटा लिया

राष्ट्रीय खबर

तिरुअनंतपुरम: फेसबुक की एक अपील ने सारी परेशानियों को हल कर दिया। यहां की एक महिला की मदद के लिए यह अपील जारी की गयी थी। दरअसल 46 साल की सुभद्रा के लिए यह अपील वहां की हिंदी शिक्षिका मिज हरिकुमार ने जारी की थी। उन्होंने इस बारे में पूरी जानकारी मीडिया को दी है। उनके मुताबिक सुभद्र के पति का निधन अगस्त माह में हो गया था। अपने तीन बच्चों के भरणपोषण के लिए उनके पास कोई साधन नहीं था। कोशिशों के बाद भी वह अपने लिए भी कोई नौकरी नहीं जुटा पायी थी। इस दौरान सुभद्रा ने अपने दूसरे पुत्र की शिक्षिका से अपनी परेशानी बयां की। उन्होंने कहा कि अब तो आज के लिए भी खाने जुटाने के लिए एक पैसा भी नहीं बचा है। उनकी परेशानी यह भी थी कि उनका सबसे छोटा बेटा सेलिब्रल पैल्सी से पीड़ित है और उसे हर दम देखभाल की जरूरत पड़ती रहती है।

गिरिजा ने अपनी तरफ से उन्हें तत्काल राहत के तौर पर एक हजार रुपये दिये थे। साथ ही वह समझ गयी थी कि इससे पूरे परिवार का काम नहीं चल सकता है। लिहाजा उन्होंने फेसबुक पर पूरी जानकारी देते हुए लोगों से इस महिला की मदद की अपील की थी। इस पोस्ट के जारी होन के बाद देश दुनिया तक यह सूचना पहुंचने लगी।

›› पेज 2 भी देखें

पूर्वोत्तर में ड्रग्स तस्करी भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुनौतियां: एनसीबी

मिजोरम में 175 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त तीन गिरफ्तार

भूपेन गोस्वामी

गुवाहाटी: मिजोरम में पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने आज भारी मात्रा में मादक पदार्थ का भंडाफोड़ करते हुए करीब 175 करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ,ड्रग्स जब्त किया। अधिकारियों ने एक वाहन को रोका और उसमें से मेथम्फेटामाइन की गोलियां जब्त कीं। पुलिस ने बताया कि पूरे जप्ते का वजन करीब 20 किलोग्राम था। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी की संभावित बोली की विशेष सूचना के आधार पर एक जांच बिंदु स्थापित किया गया था। चेकिंग के दौरान मिजोरम में जोखुआथर से आइजोल जा रहे एक वाहन को रोका गया और उसमें से मादक पदार्थ, ड्रग्स बरामद किया गया। इतना ही नहीं, बड़ी मात्रा में ड्रग्स बरामद होने के बाद, पुलिस ने मामले के संबंध में वाहन के चालक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि उन पर ड्रग्स की तस्करी का आरोप लगाया गया है। गिरफ्तार लोगों की पहचान संघलाई थंगा, ललथला मुना और भानला लोंगुरा के रूप में हुई है।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने घोषणा की है कि

इस बीच, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने घोषणा की है कि अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम और नागालैंड राज्य म्यांमार से पूरे भारत में ड्रग्स साझा करते हैं।उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में मादक पदार्थों की तस्करी भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुनौती है।नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो गुवाहाटी जोनल यूनिट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आज कहा कि अफीम, हेरोइन, मेथामफेटामाइन और कई अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी म्यांमार से पूर्वोत्तर में की जाती है। इसके अलावा, भारत में अवैध रूप से खेती की जाने वाली दवाएं व्यापार के लिए उसी मार्ग से यात्रा करती हैं। 'गोल्डन ट्रायंगल' में उत्पादित ड्रग्स म्यांमार के भामो, लशियो और मांडले से मिजोरम, मणिपुर और नागालैंड के माध्यम से भारत में प्रवेश करते हैं। मार्ग विभाजित होता है और एक चैनल मणिपुर में मोरेह के माध्यम से उत्तर की ओर बढ़ता है जबकि दूसरा दक्षिण की ओर बढ़ता है और मिजोरम में चंपई में प्रवेश करता है।

कुख्यात अंतर्राष्ट्रीय अपराधी चार्ल्स शोभराज रिहा होगा

राष्ट्रीय खबर

नईदिल्ली: सीरियल किलर और बहुत बड़ा ठग के तौर पर चर्चित अंतर्राष्ट्रीय अपराधी चार्ल्स शोभराज अब नेपाल की जेल से बाहर निकलेगा। वहां पर वह पिछले 19 सालों के बंद है। नेपाल की सुप्रीम कोर्ट ने उसकी रिहाई की अर्जी को मंजूरी दे दी है। इस अदालती आदेश की वजह से ही उसके जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। दरअसल नेपाल के काठमांडू में दो पर्यटकों के खून के इल्जाम में उसे उम्र कैद की सजा सुनायी गयी थी। मूल रुप से फ्रांस के रहने वाले इस व्यक्ति ने कई देशों में ठगी के सिलसिले में हत्या की है, ऐसा आरोप है। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन के लिए प्रसिद्ध शहरों में वह अपराध किया करता था। आरोप है कि उसने सत्तर और अस्सी के दशक में थाईलैंड सहित कई देशों में खास तौर पर महिला पर्यटकों को नशे का अतिरिक्त सेवन कराकर मार डाला था। मारने के बाद वह उनका सारा सामान ले भागता था। कहा यह भी जाता है कि उसके शिकार महिलाएं बिकिनी पहली हुई अवस्था में पायी गयी थी। इसी वजह से उसे बिकिनी किलर का भी नाम दिया गया था। पुलिस रिकार्ड के मुताबिक अपने शिकार को मार डालने तथा उसके सारा माल हड़प लेने के बाद वह बड़ी चालाकी से भूमिगत हो जाता था। जिस कारण आसानी से किसी भी देश की पुलिस को उसकी भनक नहीं मिल पाती थी।

कोरोना फैलने की केंद्र की चेतावनी के बाद पश्चिम बंगाल सतर्क

गंगासागर मेले पर ममता ने बैठक कर की समीक्षा

राष्ट्रीय खबर

कोलकाता: पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अगले साल 08 से 17 जनवरी के बीच लगने वाले अति महत्वपूर्ण गंगासागर मेले की तैयारियों को लेकर एक समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद सुश्री बनर्जी ने कहा कि यह मेला प्रदेश के गौरव से जुड़ा है जिसमें देश और दुनिया भर से लोग आते हैं और श्रद्धालु पवित्र गंगा नदी में स्नान कर पूजा अर्चना करते हैं। इस बारे मेला पूरी तरह से पर्यावरणमित्र रखा जायेगा और यहां प्लास्टिक के इस्तेमाल पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि मेले में आने वाले लोगों की सुविधाओं के लिए सभी जरूरी इंतजाम किये जा रहे हैं। पैदल यात्रियों के लिए 2250 सरकारी, 500 निजी बसों का इंतजाम किया गया है। इसके अलावा चार नौकाओं, 32 छोटे जहाजों, 100 मोटरबोट और 21 जेटी की व्यवस्था की गयी है जिसमें जीपीएस ट्रेकिंग सिस्टम भी लगाया गया है। उन्होंने कहा कि हावड़ा, नामखाना और सियालदह से लोगों की आवाजाही सुगम बनाने के लिए भारतीय रेलवे ने

›› पेज 2 भी देखें

वास्तविक नियंत्रण रेखा के विवाद को सुलझाने की सैन्य पहल जारी

भारत चीन के बीच हुई सैन्य कमांडर स्तर की बैठक

- चुशूल मोल्दो में हुई सैन्य कमांडरों की 17वीं बैठक
- दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने अपनी राय व्यक्त की
- तवांग की घटना के बाद यह पहली बैठक थी

राष्ट्रीय खबर

नयी दिल्ली: भारत एवं चीन के बीच सीमा मामलों पर वरिष्ठ सैन्य कमांडर स्तर की 17वीं बैठक गत मंगलवार 20 दिसंबर को हुई जिसमें पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर लंबित मामलों को जल्द से जल्द सुलझाने के लिए संपर्क एवं संवाद बनाये रखने पर सहमति बनी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने यहां नियमित ब्रीफिंग में संवाददाताओं से कहा कि भारत चीन कोर कमांडर स्तर की 17वीं बैठक 20 दिसंबर को चुशूल मोल्दो में हुई। गत 17 जुलाई को 16वीं बैठक से आगे प्रगति करते हुए दोनों पक्षों ने पश्चिमी सेक्टर में एलएसी पर महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान को लेकर अपने अपने विचार खुले एवं रचनात्मक ढंग से साझा किये। श्री बागची ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच दोनों देशों के नेताओं के दिशानिर्देशों के अनुरूप खुली

›› पेज 2 भी देखें

चर्चा धरती पर भाप के तौर पर भी मौजूद है साफ पानी का असीमित भंडार

समुद्री भाप के इस्तेमाल पर शोध जारी

- दुनिया के कई इलाकों में यह समस्या बड़ी
- समुद्री इलाकों में भाप का बनना निरंतर जारी
- इसी भाप को पानी में बदलने पर काम किया गया

राष्ट्रीय खबर

रांची: धरती पर जलसंकट की चर्चा लगातार हो रही है। यह चर्चा प्रासंगिक भी है क्योंकि निरंतर दोहन की वजह से अब भूमिगत जल भंडार तेजी से घट रहे हैं। दूसरी तरफ शहरीकरण की वजह से इस भूमिगत जलभंडार को दोबारा भरा नहीं जा रहा है। दूसरी तरफ जंगल की कटाई तथा अन्य कारणों से भी नदियों का पानी सूख रहा है। इस वजह से अनेक इलाकों में अब जलसंकट बहुत बड़ी समस्या हो चुकी है। अभी हाल ही में कई प्रमुख नदियों और डैमों का

›› पेज 2 भी देखें

धरती के हर इलाके में यह समुद्री भाप मौजूद है

यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनोइस के वैज्ञानिकों ने इस दिशा में प्रारंभिक शोध कर लेने के बाद इस दिशा में पूंजीनिवेश की राय व्यक्त की है। उनके मुताबिक धरती के हर इलाके में यह समुद्री भाप मौजूद है, जो दरअसल साफ पानी ही है। पानी से भाप बनने की वजह से समुद्री जल का खारापन इस भाप में मौजूद नहीं होता। इसलिए हर इलाके में, जहां जलसंकट है, वहां इसका बेहतर इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए प्रारंभिक स्तर पर आधारभूत संरचना बनाने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय के शोध दल का नेतृत्व प्राइरी रिसर्च इंस्टिट्यूट के कार्यकारी निदेशक प्रोफसर प्रवीण कुमार ने की है। इस दल ने दुनिया के 14 ऐसे इलाकों की पहचान की है, जहां अभी जलसंकट की समस्या सर्वाधिक है। इन इलाकों के पास स्थित समुद्र के ऊपर मौजूद भाप से पानी हासिल करने की रिपोर्ट जारी की गयी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मौसम के बदलाव की चुनौतियों के बीच भी इस काम को किया जा सकता है।

युद्ध जारी रहने के बीच पश्चिमी विशेषज्ञों ने चेतावनी दी

रूस अब खास यूक्रेनी नागरिकों की तलाश में

राष्ट्रीय खबर



कियेव: रूसी सेना औ? गुप्तचर अब प्रभावशाली यूक्रेनी नागरिकों की तलाश में जुटे हैं। पश्चिमी गुप्तचर एजेंसियों ने यूक्रेन को इस बात के लिए आगाह किया है। दरअसल यूक्रेन की सीमा के अंदर भी एक तबका ऐसा है जो रूस समर्थक है। रूस द्वारा कब्जा किये गये इलाकों में ऐसे गुप्त समर्थकों के अलावा हथियारबंद विद्रोही भी हैं, जिन्हें रूसी सेना का समर्थन हासिल है। यह सारे लोग अब मिलकर वैसे प्रभावशाली लोगों को पहचान और तलाश कर रहे हैं जिन्होंने अब तक रूसी सेना के खिलाफ जनता को संगठित होने में अग्रणी भूमिका निभायी है। इसी वजह से ऐसे लोगों को अपने घरों में नहीं रहने, अपना फोन तुरंत बदल लेने तथा हर कदम फूंककर रखने की हिदायत दी गयी है।

रूसी सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर भी नजरदारी की है और वैसे लोगों की एक सूची बनायी है, जिन्होंने रूस के खिलाफ आवाज उठाने का काम किया है। अनेक स्थानों पर ऐसे लोगों को उनके नाम से तलाशा गया है। सोशल मीडिया पर उनकी तथा उनके घरवालों की अथवा परिचितों की तस्वीरें मौजूद होने की वजह से रूसी सेना का यह काम आसान हो गया है। आरोप है कि इससे पहले युद्ध के दौरान रूसी सेना के हत्थे चढ़े अनेक लोगों को पहले ही मौत के घाट उतार दिया गया है। यूक्रेन के ऐसे लक्ष्यों में सरकारी अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, धार्मिक नेता, वकील और पत्रकार भी शामिल हैं।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र राजनीति

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

शहर ›› अपडेट

मंत्री मिथिलेश ठाकुर और विधायक अमर बाउरी में हुई नोकझोंक

रांची : शीतकालीन सत्र के चौथे दिन सदन में भाजपा विधायक अमर बाउरी के सवाल पर सरकार के जवाब के दौरान मंत्री मिथिलेश ठाकुर के बीच हल्की नोकझोंक हुई। जवाब से असंतुष्ट अमर बाउरी ने स्पीकर से कहा कि सरकार को डांटिये। जिसपर जवाब देने के लिए खड़े हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि आप गलतफहमी में ना रहें कि सिर्फ आपको ही जानकारी है। दरअसल, अमर बाउरी ने पूछा था कि क्या सरकार चास प्रखंड के केलिया डाबर में 10 एकड़ से अधिक में फैले लोतन बांध का जीर्णोद्धार कराना चाहती है। इसी का जवाब देते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा था कि सवाल पूछने से पहले आप जान लें कि वह बांध नहीं है, नहर है। जल संसाधन विभाग के अंदर नहर नहीं आता है। इसी के बाद दोनों में नोंकझोंक हुई।

राज-काज झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन आज सदन में

भाजपा विधायकों ने विधानसभा में महाधिवक्ता राजीव रंजन को बर्खास्त करने की मांग की

›› अभिषेक श्रीवास्तव उर्फ पिंटू व महाधिवक्ता के बीच बातचीत का ऑडियो लीक होने के मामला उठाया

राष्ट्रीय खबर

रांची : झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन आज सदन में भाजपा विधायकों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक श्रीवास्तव उर्फ पिंटू व महाधिवक्ता के बीच बातचीत का ऑडियो लीक होने के मामला उठाया। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो के सदन में आसन ग्रहण करते ही भाजपा के विधायकों ने झारखंड के महाधिवक्ता राजीव रंजन को बर्खास्त करने की मांग की। भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि महाधिवक्ता अपराधियों को मदद पहुंचा रहे हैं और ऐसे में राज्य सरकार उन्हें तुरंत बर्खास्त करे तथा पूरे मामले की जांच सीबीआई से हो। इसे लेकर भाजपा के विधायक सदन के बीच में में पहुंचकर हंगामा करने लगे। बाद में सभा अध्यक्ष ने सदस्यों को शांत किया। इसके बाद भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने राज्य में नदियों के अतिक्रमण का मामला उठाया और कहा कि नदियों के अतिक्रमण से राज्य की अधिकांश नदियों का अस्तित्व खतरे में है।

उन्होंने कहा कि सिर्फ गढ़वा जिला के भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में कई ऐसे जल स्रोत हैं जैसे पांडा नदी, डोमनी नदी, धोबनी नदी समेत आधे दर्जन से ज्यादा नदियों का अस्तित्व खतरे में है। नदियों को बचाने के लिए राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय कमिटी बनाई जाए। प्रत्येक जिले में जल संरक्षण के लिए नीति बने।

इस पर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि पूरे राज्य में जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में कमिटी काम कर रही है। इसलिए अलग से कमिटी बनाने का कोई औचित्य नहीं हैं। भाजपा विधायक अमर बाउरी के एक सवाल पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर को उनसे हल्की नोकझोंक हुई। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट श्री बाउरी ने स्पीकर से कहा कि सरकार को निर्देशित करिए। इसपर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आप गलतफहमी में ना रहें कि सिर्फ आपको ही जानकारी है।

श्री बाउरी ने पूछा था कि क्या सरकार चास प्रखंड के केलिया डाबर में 10 एकड़ से अधिक में फैले लोतन बांध का जीर्णोद्धार कराना चाहती है। इसका जवाब देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने कहा था कि सवाल पूछने से पहले आप जान लें कि वह बांध नहीं है, नहर है और जल संसाधन विभाग के अंदर नहर नहीं आता है। इसी के बाद दोनों में नोंकझोंक हुई। आजसू विधायक लंबोदर महतो ने अपने सवाल में कहा कि राज्य की जन वितरण प्रणाली की दुकानदारों को विगत 16 महीने से कमीशन की राशि का भुगतान नहीं किया गया है और इसके कारण उनके समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने सरकार से शीघ्र कमीशन भुगतान करने की मांग की। जवाब में प्रभारी मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभुकों को एक रुपये प्रति किलो की दर से जन वितरण प्रणाली की दुकानों से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। डीलरों को यह एक रुपया कमीशन के रूप में जाता है। इस योजना में डीलर का कोई कमीशन बकाया नहीं है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना चलाई गई थी। इस योजना के तहत राज्य सरकार को केंद्र से चार महीने की राशि प्राप्त हुई है जो 90 करोड़ 87 लाख है। बाकी 60 करोड़ रुपया केंद्र सरकार के पास बकाया है।

वर्ष 2संविदा कर्मियों को मानदेय व महंगाई भत्ता में मिले वृद्धि का लाभ

रांची : झारखंड विधानसभा के जारी शीतकालीन सत्र में राज्य सरकार ने संविदा कर्मियों के संबंध में एक अहम सूचना दी है। वित्त विभाग, झारखंड की ओर से बताया गया है कि 5 जुलाई 2002 को जारी परिपत्र संख्या 4569 के आधार पर जिनकी नियुक्ति अलग अलग सरकारी विभागों में संविदा पर हुई है, उन्हें ही महंगाई भत्ता और मानदेय में वृद्धि का लाभ मिलता है। ऐसे और किसी भी कर्मी को ऐसा लाभ नहीं मिलेगा। जिनकी नियुक्ति इस परिपत्र की बजाय दूसरे आधार पर हुई है। 2002 के परिपत्र के आधार पर नियुक्त कर्मियों (संविदा, मानदेय पर आधारित) के ही मानदेय या संविदा राशि का निर्धारण वित्त विभाग के स्तर से किया जाना निर्धारित है। विधायक राज सिन्हा ने सदन में अल्प सूचित प्रश्न के जरिये पूछा था। कि न्यूनतम मासिक वेतन 26,300 रुपये का लाभ बाल संरक्षण, मनरेगा, पारा शिक्षकों सहित अन्य संविदा कर्मियों को मिल रहा है या नहीं। सरकार संविदा कर्मियों को लंबित महंगाई भत्ता एवं न्यूनतम वेतन का लाभ देने का विचार रखती है या नहीं। इस पर वित्त विभाग ने बताया है कि राज्य सरकार के सचिवालय एवं संलग्न कार्यालय, कोषागार, उप कोषागार एवं राज्य के अन्य क्षेत्रीय कार्यालयों में नियत संविदा राशि या एकमुश्त राशि पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर, डाटा इंट्री ऑपरेटरों को देय एकमुश्त या संविदा राशि में अभिवृद्धि कर 26,300 रुपये प्रतिमाह किये जाने का निर्णय लिया गया है।

पेज एक का शेष

प्रधानमंत्री से जबाव मांग ...

तहत सदस्यों को अपने मुद्दे उठाने के लिए कहा। कांग्रेस के सदस्यों ने कहा कि उनकी बात सुनी जानी चाहिए। इसलिए पीठासीन अधिकारी को चीन के मुद्दे पर सदन में चर्चा करानी चाहिए। पीठासीन अधिकारी ने जब उनके बार-बार किये गये आग्रह को नहीं सुना तो सदस्य नारे लगाते हुए सदन के बीचों बीच आकर हंगामा करने लगे। हंगामे के बीच ही स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कोरोना की स्थिति को लेकर सदन में बयान दिया। श्री मांडविय जब कुछ बोल रहे थे तो उस समय सदन में चल रहे हंगामे के कारण कुछ सुनाई नहीं दे रहा था। हंगामे के बीच ही उन्होंने सदन में अपना वक्तव्य पढ़ा। स्वास्थ्य मंत्री के बयान के बाद सदस्यों का हंगामा जारी रहा, लेकिन श्री सोलंकी ने नियम 377 के तहत लोक महत्व के मुद्दे उठाने को कहा इस पर हंगामा और बढ गया और श्री सोलंकी को सदन की कार्यवाही चार बजे तक स्थगित करनी पड़ी।

सिर्फ पांच सौ रुपये मांगे थे .. .. ..

पिछले रविवार तक इसी पोस्ट के आधार पर सुभद्रा को पचपन लाख रुपये की मदद मिल चुकी थी। मिज हरिकुमार के मुताबिक उसके बाद वह उनके घर गयी और पूरी स्थिति का मुआयना करने के बाद ही फेसबुक पर मदद की अपील जारी की। शुक्रवार की शाम को फेसबुक पर यह पोस्ट जारी किया गया था। इस पोस्ट में सुभद्रा के बैंक खाते का विवरण भी दिया गया था। उसके बाद से ही अनजाने लोगों न महिला की मदद करने का काम प्रारंभ किया। जिसका नतीजा है कि रविवार तक उसके बैंक खाता में 55 लाख रुपये जमा हो चुके थे। अब सुभद्रा ने तय किया है कि अपने स्वर्गीय पति ने जिस मकान को बनाने का काम प्रारंभ किया था, उसे पूरा किया जाएगा। शेष रकम को वह बैंक में ही जमा रखेगी ताकि उनके परिवार का खर्च चल सके। इतनी अधिक मदद के बाद अब फेसबुक से उस पोस्ट को भी हटा लिया गया है, यह जानकारी खुद मिज हरिकुमार ने दी है।

गंगासागर मेले पर ममता.. ..

ट्रेनों की संख्या बढ़ाने का आदेश दिया है और यात्रियों के लिए सिगल टिकट सिस्टम की भी व्यवस्था की गयी है। मेले के दौरान चप्पे चप्पे पर निगरानी के लिए एक मेगा नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। इस दौरान यातायात को सुचारु रूप से चलाने के लिए 11 बफर ज़ोन और 10 पार्किंग एरिया भी तैयार किये गये हैं। सुश्री बनर्जी ने कहा कि बसों में यात्रियों की मदद के लिए सागर बंधु कार्यकर्ताओं को भी लगाया जायेगा। पूरे मेला परिसर में किसी भी समस्या के समाधान या मदद के लिए पुलिस शिविरों का आयोजन किया जायेगा। मेले के दौरान भीड़ भाड़ के मद्देनजर प्रबंधन के लिए 51 किलोमीटर तक अवरोधक लगाये गये हैं । मेले की निगरानी के लिए 1150 सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन लगाए जाएंगे जो आने जाने वालों पर नजर रखेंगे। इस दौरान 2100 सिविल डिफेंस स्वंयसेवी भी मौजूद रहेंगे। यदि मेले में कोई भी अप्रिय घटना घटती है तो उससे निपटने के लिए 10 अस्थायी दमकल स्टेशनों और 25 दमकलकर्मी मौजूद रहेंगे। भारत सेवाश्रम संघ के 6500 स्वयंसेवी भी मेले में सेवा प्रदान करने के लिए मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि मेले में 10 हजार से अधिक शौचालयों, सात ठोस कचरा प्रबंधन यूनिटों, ई-कार और 3000 से अधिक स्वयंसेवी भी मौजूद रहेंगे जो तटों को साफ रखने में मदद करेंगे। मेले में आपातकाल मेडिकल सुविधाएं भी रहेगी 300 बिस्तर के अस्थायी अस्पताल और चिकित्सकों और नर्सों की सुविधा भी मौजूद रहेंगे। मेले में एयर एंबुलेंस, चार वाटर एंबुलेंस, 100 एंबुलेंस और एक आईसीयू सुविधा भी मुहैया करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि हम किसी भी आगंतुक, अधिकारी या मीडियाकर्मी की आकस्मिक मृत्यु के मामले में पांच लाख रुपये का बीमा कवरेज भी प्रदान करेंगे। सुश्री बनर्जी ने कहा कि इस मेगा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधायुक्त वातावरण मुहैया कराने और मेले के सफल आयोजन में जी जान से लगे हर व्यक्ति का मैं हृदय से धन्यवाद देना चाहूंगी। आज इस बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों, अतिथियों का भी बहुत धन्यवाद। इस मेले में आने वाले हर एक श्रद्धालु से मेरा अनुरोध है कि वह मेले में शामिल होने के लिए बेफिक्र होकर आये और सुरक्षित रहें।

भारत चीन के बीच हुई .. ..

एवं गहन चर्चा हुई ताकि एलएसी के पश्चिमी सेक्टर में बाकी मुद्दों का समाधान हो और शांति एवं स्थिरता कायम हो जिससे भारत एवं चीन के द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति हो सके। उन्होंने कहा कि अंतरिम व्यवस्था के तहत दोनों पक्षों ने पश्चिमी सेक्टर में जमीनी स्तर सुरक्षा एवं स्थिरता बनाये रखने पर सहमति जतायी। दोनों पक्षों ने सैन्य एवं राजनयिक चैनलों के माध्यम से एक दूसरे के निकट संपर्क में रहकर संवाद कायम रखने तथा बाकी मुद्दों के परस्पर स्वीकार्य समाधान के लिए काम करने पर सहमति व्यक्त की। भारत एवं चीन के बीच तवांग की घटना के बाद यह पहली सैन्य स्तर की बैठक थी। चीन में कोविड की स्थिति एवं प्रवासी भारतीयों के लिए एडवायजरी के बारे में पूछे जाने पर प्रवक्ता ने कहा कि हम अपने दूतावास के माध्यम से चीन में कोविड की स्थिति पर पैनी नजर रखे हैं। हमने विश्व के अन्य देशों की दवाओं एवं टीकों के माध्यम से मदद की है क्योंकि हमें दुनिया की फार्मेसी कहा जाता है। हमने अभी तक कोई यात्रा एडवायजरी जारी नहीं की है लेकिन लोगों उस देश के दिशानिर्देश मानने चाहिए जहां वे रहते हैं।

समुद्री भाप के इस्तेमाल पर .. ..

पानी सूख जाने की वजह से वहां के प्राचीन वैसे धरोहरों का पता चला जो इस पानी में डूब गये थे। पानी का यह संकट खाद्यान्न संकट पैदा कर रहा है। इस संकट से उबरने के लिए अब वैज्ञानिकों ने पानी के उस असीमित जल भंडार का प्रयोग करने की योजना पर काम प्रारंभ किया है जो इन सारी परेशानियों को भी दूर सकता है। साफ पानी का यह जलभंडार दुनिया के समुद्रों के ऊपर पानी के भाप के तौर पर मौजूद है। इस काम में प्रोफसर कुमार के साथ अफीफा रहमान और प्रोफसर फ्रांसिना डोमिनिगुएज भी शामिल थे। उनका यह शोध प्रबंध नेचर साईंटिफिक रिपोर्ट में प्रकाशित हुआ है। इनका मानना है कि सूर्य किरणों की वजह से समुद्र में पानी का भाप बनना एक निरंतर प्रक्रिया है। इस भाप को अगर फिर से पानी बनाया गया तो कम पानी वाले इलाकों में उसका उपयोग किया जा सकता है। इस दल ने जो विधि समझाने की कोशिश की है, उससे व्यापक पैमाने पर मीठा पानी हासिल कर पाना संभव होगा। इस दल ने 210 मीटर चौड़े और एक सौ मीटर ऊंचे एक ढांचा पर इसे आजमाया भी है। इस ढांचा में समुद्री भाप को एकत्रित कर जांचा परखा गया है। जिस आधार पर वे लोग इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि भीषण जलसंकट वाले इलाकों में यह विधि कारगर हो सकती है। उनके मुताबिक समुद्री जल के इस भाप को बादल बनने से पहले रोककर भी इसका बेहतर उपयोग किया जा सकता है। इससे मीठा पानी उपलब्ध होने के साथ साथ मौसम का चक्र भी निरंतर जारी रखा जा सकेगा।

झारखंडियों का पैसा सहारा इंडिया में फंसा

सुब्रत राय को झारखंड तलब किया जाये : लंबोदर महतो

›› विशेष कमिटी के सामने पेश कराया जाये

›› 24 हजार करोड़ हैं जमा

›› थानों में दर्ज हो केस

राष्ट्रीय खबर

रांची : विधानसभा शीतकालीन सत्र के चौथे दिन सदन के अंदर सहारा इंडिया द्वारा झारखंड के लोगों का पैसा हड़पने का मामला उठा। ध्यानाकर्षण के दौरान आजसू विधायक लंबोदर महतो ने सरकार से पूछा कि जमाकताओं का पैसा निकालने के लिए क्या किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सिर्फ गोमिया प्रखंड के 18 हजार 500 जमाकताओं ने 274 करोड़ रुपया जमा कराए हुए हैं। जिसपर राज्य सरकार की ओर से जवाब देते हुए मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि सहारा इंडिया का मामला राज्य सरकार के अधीन नहीं आता है। लंबोदर महतो ने कहा कि सहारा इंडिया मामला बेहद ही गंभीर है। गरीब, मजदूर और निम्नमध्यवर्गीय परिवार का पैसा हड़पा हुआ है। इसकी गंभीरता को देखते हुए विधानसभा के द्वारा एक विशेष कमिटी बनायी जाय। उन्होंने मांग किया कि सहारा इंडिया के मालिक सुब्रत राय को उस कमिटी के सामने पेश कराया जाय। लंबोदर महतो ने कहा कि देश भर के 3 करोड़ जमाकताओं ने कुल 24 हजार करोड़ रुपये जमा कराए हैं। जिसमें से अबतक मात्र 5 हजार 120 करोड़ दावाकताओं को मिले हैं। सरकार ने कहा कि जमाकताओं के पैसे को लेकर चिंतित हैं।

आंगनबाड़ी केंद्रों को राशि जनवरी के प्रथम सप्ताह तक : जोबा

रांची: विधानसभा में झामुमो विधायक दीपक बिरुआ ने आंगनबाड़ी केंद्रों को राशि नहीं मिलने का मामला उठाया। उन्होंने कहा की पश्चिमी सिंहभूम जिले में पोषाहार राशि नहीं मिलने से 2330 आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े 50 हजार से अधिक बच्चों, गर्भवती व धात्री माताओं को पोषाहार बंद हो गया है। इसपर सरकार की ओर से जवाब देते हुए मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि केंद्र से राशि नहीं मिली है। केंद्रांश के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। आते ही राशि उपलब्ध करा दी जाएगी। इस पर स्पीकर रविंद्रनाथ महतो ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि सदस्य का सवाल काफी गंभीर है। अगर केंद्रांश नहीं मिल रहा तो राज्य अपनी तरफ से वैकल्पिक व्यवस्था करे, ताकी बच्चों को परेशानी न हो। जवाब में मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि दिसंबर के अंतिम सप्ताह या जनवरी के प्रथम सप्ताह मं राशि का भुगतान कर दिया जायेगा।

झारखंड नगर पालिका संशोधन विधेयक को मंजूरी

राष्ट्रीय खबर

रांची: झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष से रबींद्र नाथ महतो से राज्य के निजी विश्वविद्यालयों की जांच करने के लिए सदन की कमिटी बनाने का अनुरोध किया। श्री सोरेन ने भोजनावकाश के बाद सदन में कहा कि कुछ चीजों का आकलन हमें करते रहना चाहिए। राज्य में कई निजी विश्वविद्यालय विधेयक पारित हुए हैं उनकी क्या स्थिति है। इसे लेकर विधानसभा अध्यक्ष विधायकों की एक कमेटी बना दें। यह कमेटी संबंधित विश्वविद्यालयों की जांच कर रिपोर्ट देगी। इससे उच्च शिक्षा बेहतर हो सकेगी। इससे पहले सरकार ने सदन में जैन विश्वविद्यालय विधेयक को वापस ले लिया। प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि कई सदस्यों ने इस विधेयक में अहम सुझाव दिए हैं। सरकार उन सुझावों का सांगोपांग विचार कर आगे निर्णय लेगी इसलिए अभी इस विधेयक को वापस लिया जाता है। इसके अलावा सदन ने झारखंड कोर्ट फ़ीस , संशोधन विधेयक ,झारखंड नगर पालिका , संशोधन विधेयक ,झारखंड आकस्मिकता निधि , संशोधन विधेयक ,बाबू दिनेश सिह , विश्वविद्यालय, विधेयक और सोना देवी , विश्वविद्यालय, विधेयक को मंजूरी प्रदान कर दी। बाद में विधानसभा अध्यक्ष श्री महतो ने सभा की कार्यवाही शुक्रवार को 11 बजे दिन तक के लिए स्थगित कर दी।

राज्य की शिक्षा व्यवस्था चौपट, राजनीतिज्ञ अलाप रहे अगल राग: सीपीएम

राष्ट्रीय खबर

रांची : राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर सीपीआइएम ने बयान जारी कर चिंता व्यक्त की है। सीपीएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि राज्य के सरकारी विधालयों मे शिक्षा व्यवस्था खराब होती जा रही है। राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर निजी संस्थानों की ओर से रिसर्च रिपोर्ट जारी किया गया है। सर्वे 16 जिलों के 138 स्कूलों में किया गया।

जिसके अनुसार इन स्कूलों में मात्र एक पारा शिक्षक ही कार्यरत है। इतना ही नहीं शिक्षक और विधार्थी के अनुपात मे भारी कमी, स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं न होना और मध्याह्न भोजन मे अनियमितता भी पायी गयी। राज्य के सरकारी स्कूलों मे शिक्षा का अधिकार अधिनियम का अनुपालन भी नहीं किया जा रहा है। जिसका असर आदिवासी, दलित और दूसरे गरीब परिवारों के बच्चों पर पड़ रहा है। कोरोना काल मे सरकारी स्कूलों के बच्चों की पढ़ाई ठप्प थी। छात्र पढ़ना लिखना भूल गये, वहीं जब स्कूल खुलने लगे तो सरकारी स्कूलों मे छात्रो की संख्या कम हो गयी है। प्रकाश विप्लव ने कहा कि राज्य में सरकारी शिक्षा व्यवस्था की तस्वीर काफी चिंताजनक है। लेकिन विधानसभा के चालू सत्र मे न ही सत्ता पक्ष और न ही विपक्ष इस मुद्दे पर कुछ बोल रहा है। पार्टी की ओर से मांग करते हुए इन्होंने कहा कि सरकारी सरकारी शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए अविलंब ठोस कदम उठायें।

नदियों का अस्तित्व बचाने के लिए बने कमेटी : भानु

रांची: सदन में भाजपा विधांयक भानु प्रताप शाही ने राज्य में नदियों के अतिक्रमण का मामला उठाया। कहा कि नदियों के अतिक्रमण से राज्य की अधिकांश नदियों का अस्तित्व खतरे में है। सिर्फ गढ़वा जिला के भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में कई ऐसे जल स्त्रोत हैं जैसे पांडा नदी, डोमनी नदी, धोबनी नदी समेत आधे दर्जन से ज्यादा नदियों का अस्तित्व खतरे में है। नदियों को बचाने के लिए राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय कमिटी बनाई जाए। साथ ही प्रत्येक जिले में जल संरक्षण के लिए नीति बने। इसके जवाब में मंत्री मिथलेश ठाकुर ने कहा कि पूरे राज्य में जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में कमिटी काम कर रही है।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल रांची आयेंगे

राष्ट्रीय खबर

रांची: भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवम कुशल संगठनकर्ता श्री सुनील बंसल जी अपने तीन दिवसीय सांगठनिक प्रवास पर कल 23दिसंबर को प्रातः 8.30 बजे ट्रेन द्वारा रांची पहुंचेंगे। यह जानकारी प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने दी। श्री वर्मा ने बताया कि पटना हटिया एक्सप्रेस द्वारा श्री बंसल जी रांची पहुंच रहे हैं। 9बजे प्रातः प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे। तत्पश्चात 1बजे वे खूंटी केलिए प्रस्थान करेंगे । बताया कि खूंटी में वे पार्टी के जिला बैठक में शामिल होंगे। बैठक के बाद वे पार्टी के वरिष्ठ नेता,पद्मश्री कड़िया मुंडा जी से मुलाकात करेंगे। श्री बंसल रात्रि विश्राम खूंटी में ही करेंगे। श्री वर्मा ने बताया कि 24दिसंबर को राष्ट्रीय महामंत्री भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु जाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। तत्पश्चात रांची ग्रामीण जिला के बुंडू मंडल की बैठक में शामिल होकर शाम 4बजे प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे। प्रदेश कार्यालय में श्री बंसल मीडिया विभाग की बैठक के बाद प्रदेश के प्रमुख नेताओं के साथ बैठक करेंगे। 25दिसंबर को राष्ट्रीय महामंत्री श्री सुनील बंसल 9बजे प्रातः जगन्नाथपुर मंदिर पूजा अर्चना के बाद 10बजे विधानसभा परिसर स्थित श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। 11बजे पूर्वाह्न वे प्रदेश कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद प्रदेश कोर कमेटी, प्रदेश पदाधिकारी,जिलाध्यक्ष ,जिला प्रभारी की बैठक में शामिल होंगे। तत्पश्चात किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक को संबोधित करेंगे। श्री वर्मा ने बताया कि 25दिसंबर को देर शाम राष्ट्रीय महामंत्री श्री सुनील बंसल सेवा विमान द्वारा दिल्ली केलिए प्रस्थान करेंगे।

राजनीति प्रदेश कांग्रेस की सारी सूचनाएं आरपीएन सिंह तक कौन पहुंचा रहा है ?

अनुशासन समिति का फैसला प्रदेश अध्यक्ष के दबाव में

›› कॉल डिटेल्स निकले तो खुलासा हो जाएगा

›› बोर्ड निगम की सूची में अपनों को स्थान

›› जेल गये, लाठी खायी तो सच भी बोलेंगे

राष्ट्रीय खबर

रांची: प्रदेश कांग्रेस में मचे घमासान का फिलहाल थमने का कोई आसार नजर नहीं आ रहा है। दरअसल अब यह धीरे धीरे स्पष्ट होता जा रहा है कि इस विवाद के पीछे की कहानी पुराने कांग्रेसी और दूसरे दल से पार्टी में आये लोगों के बीच का टकराव है। बता दें कि वर्तमान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी दूसरे दल से कांग्रेस में शामिल हुए थे। इस वजह से पहले से सक्रिय कार्यकताओं के एक बहुत बड़े जमात ने उनके नेतृत्व को कभी खुले मन से स्वीकार नहीं किया था। आज राजकीय अतिथिशाला मोरहाबादी में आहूत कांग्रेस जनों की आज महत्वपूर्ण बैठक में कहा गया है कि अनुशासन समिति ने भेदभाव किया एवं राजेश ठाकुर के दवाब में कांग्रेस पार्टी के समर्पित, निष्ठावान नेताओं को स्पष्टीकरण दिया गया वह भी मीडिया के माध्यम से जिसकी जितनी भी निन्दा की जाए वह कम है। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता फिरोज रिजवी मुन्ना ने की। बैठक में कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे ने कहा राजेश ठाकुर का कॉल डिटेल्स निकाला जाए दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। झारखंड कांग्रेस की सभी आंतरिक सूचनाएं आरपीएन सिंह को जाती है, वर्तमान टीम आरपीएन सिंह की बी टीम है, वैसे ही लोगों को संगठन में तवज्जो मिलता है जो आरबीएन सिंह से नजदीकी हैं या उनके साथ अच्छे रिश्ते रहे हैं। बोर्ड/निगम में भी जो सूची तैयार की गई है उसमें आरपीएन सिंह के नजदीकियों को स्थान दिया गया है। आलोक दूबे ने कहा बोर्ड/निगम में आरपीएन सिंह के द्वारा भेजी गई सूची प्राप्त हो गई है जिसे 25 दिसम्बर को सार्वजनिक किया जाएगा।

कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा प्रदेश अध्यक्ष को हटाने का अभियान पूरे प्रदेश के लगभग सभी जिलों में हो रहा है, जिला अध्यक्षों के मनोनयन के साथ ही राज्य के हर कोने से पुतला दहन, धरना प्रदर्शन, जुलूस, कालिख पोतो कार्यक्रम हो रहे हैं, जिला एवं प्रदेश कमिटी के गठन में जनसंख्या के अनुसार सभी जातियों का समायोजन नहीं किया गया विशेषकर जो हमारे वोटर हैं और शुभचिंतक भी हैं अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक, ओबीसी, ईसाई व सरना समुदाय की घोर अपेक्षा की गई है आधी आबादी महिलाओं को भी स्थान नहीं दिया गया है। कांग्रेस नेता डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा हम सब ने अपनी पूरी जवानी पार्टी की मजबूती के लिए लगा दिया,लाठी खाये,जेल गए और इसका पुरस्कार अगर स्पष्टीकरण है तो यह भी हमें स्वीकार है?। कांग्रेस नेता सुनील कुमार सिंह ने कहा ने कहा उदयपुर उद्घोषणा का झारखण्ड में उल्लंघन हो रहा है।राजेश ठाकुर को तीन तीन पद हैं जबकि उदयपुर अधिवेशन में एक व्यक्ति एक पद का निर्णय हुआ था।

रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह प्रवक्ता रमेश उरांव ने कहा जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारियों के मनोनयन में सरना आदिवासी के हितों को नजर अंदाज किया गया है जिसकी भारी कीमत राजेश ठाकुर को चुकानी पड़ेगी। बैठक में संजीव सिन्हा बबलू, प्रेम कुमार,राजेश चन्द्र राजू,रमेश उरांव, योगेन्द्र सिंह बेनी,उमर खान,सोनी नायक,टींकू कुमार बर्मा, नागेन्द्र चौधरी नागो, कुमार अजीत मुख्य रूप से शामिल थे।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र शिक्षा/धर्म

web : www.rashtriyakhabar.net
epaper.rashtriyakhabar.com

शहर ›› अपडेट

मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 26 से

रांची: राज्यस्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता सोमवार 26 दिसंबर से शुरू होगी। प्रतियोगिता के मैच मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में होगा। जबकि समापन 29 दिसंबर को होगा। इस प्रतियोगिता में चारों जोन की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता नॉकआउट कम लीग आधार पर खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता के विजेता टीम महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग को 3 लाख एवं उपविजेता को 2 लाख, जबकि तीसरे स्थान पर आने वाली दोनों वर्ग की टीमों को 50-50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी जायेगी।

आग्रह

सीएम ने स्पीकर से सदन की कमिटी बनाने का किया आग्रह

विधानसभा कमेटी करेगी निजी विवि की जांच

राष्ट्रीय खबर

रांची: विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्पीकर से राज्य के निजी विश्वविद्यालयों की जांच कराने के लिए सदन की कमिटी बनाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कुछ चीजों का आकलन हमें करते रहना चाहिए। राज्य में कई निजी विश्वविद्यालय विधेयक पारित हुए हैं उनकी क्या स्थिति है। इसे लेकर विधानसभा अध्यक्ष विधायकों की एक कमेटी बना दें। यह कमेटी संबंधित विश्वविद्यालयों की जांच कर रिपोर्ट देगी। इससे उच्च शिक्षा बेहतर हो सकेगी। सदन में सरकार ने जैन विश्वविद्यालय विधेयक को वापस लिया। प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि कई सदस्यों ने इस विधेयक में अहम सुझाव दिए हैं। सरकार उन सुझावों का सांगोपांग विचार कर आगे निर्णय लेगी। अभी इस विधेयक को वापस लिया जाता है।

विरोध के कारण जैन विवि विधेयक नहीं हो सका पास

राष्ट्रीय खबर

रांची: जैन विश्वविद्यालय विधेयक-2022 को मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सदन में रखा। भारी विरोध के कारण सरकार ने इसे वापस ले लिया। इसके बाद सीएम ने अब तक बने सभी निजी विश्वविद्यालय की जांच के लिए स्पीकर से कमेटी बनाने की मांग की। विधायक विनोद सिंह ने इसका जोरदार विरोध किया। 2017 में इसी संस्था को एक पॉलिटेक्निक कॉलेज की अनुमति दी गई थी। अब यही संस्था केवल नाम बदलकर जैन विश्वविद्यालय के नाम से संस्था खोलना चाहती है। अनंत ओझा ने कहा जो संस्था पांच साल एक कॉलेज नहीं चला सकी, उसे फिर अनुमति क्यों दी जा रही है। लंबोदर महतो ने मांग रखी कि 16 निजी विश्वविद्यालय जो पहले से चल रही हैं, उसकी एक कमेटी बना कर जांच की जाये तब ही नए विवि को अनुमति मिले। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि इस विधेयक में कुछ खामियां हैं। इसलिए इसे सरकार वापस लेती है।

न्यूज फटाफट

मैट्रिक-इंटर के परीक्षार्थी अब चार जनवरी तक भर सकते है फॉर्म

रांची: झारखंड में मैट्रिक और इंटर परीक्षा की तैयारियों के बीच जैक बोर्ड ने परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। जैक ने परीक्षा फार्म भरने के लिए 4 जनवरी तक का मौका उम्मीदवारों को दिया है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से जारी सूचना में कहा गया है कि वैसे उम्मीदवार जिन्होंने अब तक मैट्रिक या इंटर की परीक्षा 2023 में शामिल होने के लिए आवेदन नहीं किया है। वे चार जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए जो फीस देनी होगी, वह बैंक चालान के माध्यम से जमा होगा। बोर्ड के सचिव महीप कुमार सिंह ने बताया कि जो स्टूडेंट्स इस डेट में आवेदन करेंगे। उनके फीस का चालान लेट फाइन के साथ जेनरेट होगा। 4 जनवरी तक आवेदन करने के बाद छह जनवरी तक फीस जमा किया जा सकता है। जैक सूत्रों के अनुसार इस साल एक टर्म में परीक्षा ली जाएगी। यह परीक्षा होली के बाद मार्च के तीसरे सप्ताह में ली जाएगी। जबकि परीक्षा का परिणाम जून के दूसरे सप्ताह में जारी किया जाएगा। 7 जनवरी तक परीक्षा का प्रोग्राम जारी करने की तैयारी जैक कर रहा है। जैक की ओर से की जा रही तैयारियों के अनुसार 20 फरवरी के बाद प्रैक्टिकल परीक्षा ली जएगी। वहीं इंटरनल एसेसमेंट की प्रक्रिया भी फरवरी के अंत तक पूरी कर लेने की तैयारी है। राज्य के विभिन्न जिलों ने परीक्षा केंद्र निर्धारण कर जैक को फाइनल रिपोर्ट भेज दी है।

कृष्णा नगर कॉलोनी में गुरुद्वारा श्री गुरूनानक सत्संग सभा की प्रभातफेरी

रांची: श्री गुरु गोविंद सिंह जी के 356वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आज सुबह 6 बजे दर्शन दिऊडी गेट से प्रभातफेरी निकाली गयी। फेरी ललित किंगर,मनोहर लाल मिढ़ा, बलबीर खीरबाट,श्याम गाबा और अर्जुन देव मिढ़ा की गलियों से होते हुए गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिऊडी गेट पहुंच कर सुबह 8.00 बजे विसर्जित हो गई। सत्संग सभा की कीर्तन मंडली के सुंदर दास मिढा, इंदर मिढा, पाली मुंजाल, रमेश पपनेजा, बबली दुआ, गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, गुड़िया मिढ़ा, बबीता पपनेजा, नीता मिढा, इंदु पपनेजा, मंजीत कौर, रेशमा गिरधर ने भक्ति भाव से गोबिंद गुण गोबिंद सद गावह गुण गोबिंद अंत ना पाईआ... गीत गोबिंद संपूर्णड़ों पत पत लिखिआ अंत ना पावै... और गुर चेला चेला गुरु गुर सिख सुंड़ गुरसिख सदावै... जैसे शबद गायन कर कृष्णा नगर कॉलोनी की गलियों को गोविंदमय कर दिया। सरदार भूपिदंर सिंह ने निशान साहिब उठाकर फेरी की अगुवाई की तथा मनीष मिढा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने श्रद्धाभाव से वाहेगुरु से अरदास की। फेरी में दिलीप गुप्ता, सुनीता देवी, द्वारका दास मुंजाल, अर्जुन दास मिढा, जीवन मिढा, मोहन काठपाल, हरगोविंद सिंह, अशोक गेरा, गुलशन मिढ़ा, हरीश तेहरी, अमर मदान, रौनक ग्रोवर, जगदीश मुंजाल, किशन गिरधर, कमल मुंजाल, आशु मिढ़ा, उमेश मुंजाल, नवीन मिढ़ा, राकेश गिरधर, पवनजीत खत्री, अनूप गिरधर, बिनोद सुखीजा, महेंद्र अरोड़ा, जीतू काठपाल, गौरव मिढ़ा, रमेश तेहरी, भगवान दास मुंजाल, अश्विनी सुखीजा, कमल अरोड़ा, रमेश गिरधर, प्रताप तलेजा, सुरजीत मुंजाल, हरविंदर सिंह, छोटु सिंह, वंश डावरा, मोहित झंडई, पीयूष मिढ़ा, अमन डाबरा, बीबी प्रीतम कौर, बलबीर मिढ़ा, रमेश गिरधर, उषा झंडई, सुषमा गिरधर, रूपा मिढ़ा, दुर्गी मिढा, शांति सरदाना, खुशबू मिढा, रानी तलेजा, बंसी मल्होत्रा, मनौरी काठपाल, सावित्री दुआ, अमर मुंजाल, सपना काठपाल, श्वेता मुंजाल, बिमला मिढ़ा, मीना गिरधर, अमर बजाज, गूंज काठपाल, किरण अरोड़ा, खुशबू मिढा तथा रानी तलेजा समेत सैकड़ों शामिल थे।

आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने विधायकों को किया सम्मानित

रांची: झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा केंद्रीय कमेटी का एक दल अध्यक्ष राजू महतो एवं महासचिव के नेतृत्व में मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सह पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा, विधायक दीपक बिरूआ, विधायक निरल पूर्ति, विधायक सोना राम सिंकू से मिला। मोर्चा के सदस्यों ने सभी को माला पहनाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया और आभार जताया। संघर्ष मोर्चा के नेताओं ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों के मामले को विधानसभा में जोरदार ढंग से उठाया गया, जो सराहनीय एवं स्वागत योग्य है। उक्त विधायकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके लिए उपरोक्त सभी विधायकों का आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा आभार प्रकट करती है। विधायकों द्वारा विधानसभा में जोरदार तरीके से आंदोलनकारियों के हितों के पक्ष में कहा कि झारखंड सरकार अविलब तय सीमा के अंदर शहीद, विख्यात, सामान्य आंदोलनकारियों की चयन की प्रक्रिया को सरलीकरण करें। सभी आंदोलनकारियों को सम्मानजनक तरीके से समान रूप से सम्मानित करें। जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए भारत सरकार के गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 1952 के अनुसार स्वतंत्रता सेनानी की तर्ज पर नामकरण कर उसी तर्ज पर सुविधाएं प्रदान करें। झारखंड आंदोलनकारियों के आश्रितों को नियोजन की विशेष व्यवस्था करे। दल में केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो, महासचिव कयूम खान, महिला संयोजिका विनीता खलखो, एरेन कच्छप, पश्चिमी सिंहभूम जिला अध्यक्ष आसमान सूंडी, कृष्णा सिंकू, सोहेल अहमद, गोपाल महतो, महादेव मुंडा, दाऊद होरो, सोमा सिंह आदि शामिल थे।

टैगोर हिल के ओपन स्पेस थिएटर में झारखंड आदिवासी विकास समिति ने समारोह की आयोजित

रांची: टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा स्मृति सम्मान समारोह 2022 का आयोजन किया गया। मोरहाबादी स्थित टैगोर हिल के ओपन स्पेस थिएटर में झारखंड आदिवासी विकास समिति के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता छोटानागपुर सांस्कृतिक संघ की डॉक्टर सचि कुमारी ने पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा की स्मृतियों को साझा करते हुए बताया कि कैसे उनके पिता ईश्वरी प्रसाद एवं मुंडा जी झारखंडी नागपुरी गीत संगीत को आगे बढ़ाने के लिए दिन-रात प्रयत्न किया करते थे। कैसे उन लोगों ने नाटक कथा कविता गीत संगीत के माध्यम से झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाया। छोटानागपुर संस्कृतिक संघ की सचिव होने के नाते उन्होंने ऐसे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि झारखंड आदिवासी विकास समिति सही मायनों में पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा के सपनों को आगे बढ़ाने में अपना बहुमूल्य योगदान अर्पित कर रही है। मुंडारी भाषा के विद्वान कुशल मे मुंडू जिले कहा कि वर्षों में विरले ही ऐसे महापुरुष का जन्म होता है। पद्मश्री मुकुंद नायक ने संबोधित करते हुए कहा कि आज से ओपन स्पेस थिएटर का नाम पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा अखड़ा के नाम से करने की मांग करते हैं।

अंधेर नगरी चौपट राजा नाटक का हुआ मंचन, दर्शकों ने खूब सराहा

रांची: भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा लिखित कालजयी नाटक अंधेर नगरी चौपट राजा का चौथा भव्य मंचन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी के सभागार में कुलपति प्रो डॉ तपन कुमार शांडिल्य तथा शिक्षकों और 500 से ज्यादा हाउसफुल सभागार में आयोजित किया गया। इस आयोजन में पत्रकार कला मंच के कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।निलय सिंह के निर्देशन और संगीत निर्देशन में हुए इस नाटक में राजा के किरदार में संदीप नाग को फिर से दर्शकों ने पसंद किया, तो वहीं गोवर्धन दास बने अमित दास व महंत की भूमिका में एएसआरपी मुकेश और चेले की भूमिका में अथर्व सिन्हा को दर्शकों ने खूब पसंद किया।कारीगर के रूप में उद्यम प्रभात, मछलीवाली की भूमिका में कीर्ति, नारंगीवाली की भूमिका में सोनम गुप्ता, भिश्ती की भूमिका में परवेज कुरैशी अपने अभिनय से दर्शकों की वाहवाही बटोरने में सफल रहे। कसाई की भूमिका में जयशंकर ने कम समय में बेहतरीन छाप छोड़ी। इन सबके अलावा पठान के रूप में राज सिंह, सिपाही की भूमिका में विनय कुमार मुर्मू व अभिषेक, फरियादी के रूप में सोनम, चूनेवाली के रूप में पियालि, गरेड़िया के रूप में राहुल सहित सभी कलाकार अपने पात्र के साथ न्याय करते दिखे।संगीत इस नाटक की खासियत रही और समसामयिक विषयों को बहुत सरल और मनोरंजक तरीके से नाटक में दशार्या गया।

प्रतियोगिता में दमखम दिखाएगी झारखंड की 21 सदस्यीय टीम

राष्ट्रीय खबर

रांची: पंजाब में 26-27 दिसंबर को राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन होना है। इसमें झारखंड की 21 सदस्यीय टीम भी हिस्सा लेगी। टीम के सदस्यों की घोषणा कर दी गयी है। अब टीम गुरुवार की रात पंजाब के लिए रवाना होगी। टीम में संदीप कुमार, यश, गौरव, संभव जायसवाल, प्रियांशु कुमार, रागिनी कच्छप, अनिता टोप्पो, रुपेश रंजन, शैलेन्द्र महतो, राजा सिंह, रितेश कुमार, आदित्य कुमार व दीपू कुमार शामिल हैं। टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए मारवाड़ी युवा व्यायामशाला के वरिष्ठ सदस्यों ने अपनी शुभकामनाएं दी हैं। ईस्ट इंडिया स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में झारखंड टीम भी रांची स्टेशन से मिदनापुर (पश्चिम बंगाल) के लिए बुधवार की रात रवाना हुई। 22 से 24 दिसम्बर तक आयोजित हो रहे इस टूनार्मेंट में महिला वर्ग में प्रतिभा हेमरोम, अशिषण कच्छप, हेमा तिर्की और हेमा कुमारी शामिल हैं। पुरुष वर्ग में रोहन कुमार, शुभम कुमार साहू, रत्नेश कुमार और दिनेश नायक शामिल हैं। टीम के मुख्य कोच अशोक कुमार गुप्ता हैं।

दायर किया प्रतिशपथ पत्र, मिली कोर्ट में उपस्थिति से छूट

उच्च शिक्षा सचिव हाईकोर्ट में हुए हाजिर

राष्ट्रीय खबर

रांची: ए एस कॉलेज, देवघर के शिक्षकों के बकाया वेतन भुगतान से संबंधित एकल पीठ के आदेश के खिलाफ दायर सिद्धो कान्हू मुर्मू यूनिवर्सिटी और राज्य सरकार की अपील की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को हुई। सुनवाई के दौरान उच्च शिक्षा सचिव राहुल पुरवार कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए और कोर्ट के आदेश के आलोक में प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया। कोर्ट ने उनके प्रतिशपथ पत्र को देखते हुए उन्हें अगली सुनवाई में उपस्थिति से छूट प्रदान की है। मामले की अगली सुनवाई 2 जनवरी 2023 को होगी। हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।

एएस कॉलेज, देवघर में वर्ष 1990 के आसपास कई शिक्षक बहाल किए गए थे। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने वर्ष 2018 में इन शिक्षकों को नियमितीकरण से वंचित रखते हुए यह आदेश पारित किया था कि जिस अवधि में प्रार्थी शिक्षकों के द्वारा शिक्षण कार्य किया गया है उस अवधि का उन्हें लोएस्ट वेतनमान दिया जाए। एकल पीठ के आदेश के आलोक में सिदो कान्हू मुर्मू यूनिवर्सिटी के द्वारा राज्य सरकार से उक्त शिक्षकों के बकाया वेतन आदि की मांग की गई थी। उसके बाद राज्य सरकार ने सिदो कान्हू मुर्मू यूनिवर्सिटी को निर्देश दिया कि या तो वह अपने आंतरिक स्रोत से प्रार्थी शिक्षकों के वेतन का भुगतान करें या एकल पीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में एलपीए दायर करें। इसके बाद राज्य सरकार और सिदो कान्हू मुर्मू यूनिवर्सिटी दोनों की ओर से हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में अपील दायर की गई है।

फर्स्ट मार्क पब्लिक स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग

रांची: फर्स्ट मार्क पब्लिक स्कूल में गुरुवार को क्रिसमस गैदरिंग धूमधाम से मनायी गयी। जिसमें प्लेग्रुप से क्लास 8 तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। क्रिसमस के मौके पर परिसर को क्रिसमस थीम से सजाया गया था। बच्चों ने सांता क्लॉज बन कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों के बीच टॉफियां और उपहारों का वितरण किया गया। बच्चों ने जीसस क्राइस्ट के जन्मदिन को लेकर लघु नाटक प्रस्तुत किया। प्रभु यीशु के जन्म को दशार्या गया। इसके बाद बच्चों ने प्रभु यीशु, मरियम, संत युसूफ का रूप धर उनके जीवन को दशार्या। डायरेक्टर कल्पना सोरेन ने क्रिसमस गैदरिंग पर बच्चों को संदेश दिया। प्रशासक प्रमोद कुमार ने कहा कि क्रिसमस प्रेम तथा एकता का प्रतीक है। प्रभु यीशु का जन्म इसलिए हुआ ताकि सभी का जीवन सार्थक हो सके।

आदर्श सामुहिक विवाह, श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा ,वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन

राष्ट्रीय खबर

रांची: श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति के संस्थापक एवं संरक्षक संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के शिष्यों की एक अति आवश्यक बैठक श्री मती विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान शिवगंज, हरमु रोड़, स्थित सत्संग भवन मे हुई। बैठक का आयोजन परमपूज्य संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा प्रत्येक वर्ष होने वालीं श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा एव 151 निर्धन जोडो का आदर्श सामुहिक विवाह के आयोजन को लेकर हुई। स्वामी सदानंद जी महाराज का आशीर्वाद हमे पिछले 35 वर्षो से मिलता आ रहा है।प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चार दिवसीय 6 जनवरी से 9 जनवरी 2023 तक भागवत भास्कर श्री श्री सदानंद जी महाराज अपनी सुमधुर वाणी से हम रांची वासियों को गीता प्रवचन, श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा भजनो एवं सत्संग का रसपान करायेंगे। संत शिरोमणि श्री श्री 1008 सदानंद जी महाराज के सानिध्य में 151 निर्धन जोडो का आदर्श सामुहिक विवाह रविवार 8 जनवरी 2023 को संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्णा प्रणामी मंदिर के प्रांगण में प्रातः 08 बजे से 02 बजे तक होगा।इस बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल ने कीइस बैठक मे संस्था के सह-संरक्षक बसंत कुमार गौतम अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्याय निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी सज्जन पाडिया, प्रमोद सारस्वत, विशाल जालान, विष्णु सोनी, सुरेश चौधरी और इनके अलावा भी संस्था के बहुत से सदस्य उपस्थित थे। यह सभी जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।

आश्रितों से मिला आंदोलनकारी का प्रतिनिधिमंडल

रांची: झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो के दिशा निर्देश पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल पुष्कर महतो के नेतृत्व में शहीद रतिलाल महतो के आश्रितों से मिला। सरायकेला खरसावां के गम्हारिया के ऊपरबेड़ा गांव में उनके आवास में जाकर परिजनों से मुलाकात किया गया। आश्रितों में शहीद की पत्नी श्रीमती रीना महतो, बेटी सुश्री बिहू रानी महतो, बेटा मोनीदीप महतो उपस्थित थे। आश्रित के रूप में शहीद रतिलाल महतो के पुत्र मोनीदीप महतो का आवेदन लिया गया। उन्हे भरोसा दिलाया गया कि झारखंड सरकार के संकल्प के अनुसार आश्रित को पेंशन और नौकरी का लाभ जरूर दिलवाया जायेगा। विगत 23 वर्षो से शहीद रतिलाल महतो के परिवार उपेक्षित है और घोर आर्थिक तंगी से गुजर रहे है। झामुमो के मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने दूरभाष के माध्यम से पीड़ित परिवार को ढाढस दिलाए हुए हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने दिया भरोसा, कहा

रिम्स की व्यवस्था में होगा सुधार

राष्ट्रीय खबर

रांची: विधानसभा में सरकार ने भरोसा दिया है कि रिम्स की व्यवस्था में और भी सुधार किया जायेगा। शीतकालीन सत्र में आज रिम्स की व्यवस्था पर मचे बवाल के बीच स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि रिम्स की व्यवस्था में सुधार हो रहा है। व्यवस्था को सुधारने की कोशिश में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के विधायक समरीलाल उनके भाई हैं और उन्हें रिम्स की चिंता रहती है, इसलिए वह उन्हें यह भरोसा दिलाने आये हैं कि रिम्स की व्यवस्था में सुधार होगा। बता दें कि शीतकालीन सत्र के चौथे दिन आज गुरूवार को कांके विधायक समरी लाल विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने के पूर्व विशेष अंदाज में धरना देकर रिम्स में मरीजों की व्यवस्था की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने का प्रयास किया था। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि कोरोना को लेकर राज्य में अभी कोई खतरा नहीं है परंतु स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट है। क्रिसमस को लेकर कोई कोरोना गाइडलाइन जारी होने के सवाल पर बन्ना गुप्ता ने कहा कि कोई भी त्योहार ऐसे नहीं मनाया जाना चाहिए जिससे संक्रमण फैले, इसलिए इसके लिए जरूर एडवाइजरी जारी की जाएगी। महिलाओं की सुरक्षा के मामले में कांग्रेस की विधायक अंबा प्रसाद ने भाजपा विधायकों के प्रदर्शन को लेकर कहा कि उनकी भी चिंता यही है कि राज्य की महिलाएं, यहां की बहू बेटियां कैसे सुरक्षित रहें, लेकिन भाजपा के विधायकों से सवाल है कि उनके राज में बेटियां कितनी सुरक्षित थीं।

दुखद

सबसे अधिक 91 एकलव्य मॉडल स्कूलों की सौगात झारखंड को पर

8 वर्षों बाद भी 7 प्रोजेक्ट ही धरातल पर

राष्ट्रीय खबर

रांची: राज्य में 8 सालों बाद भी सभी एकलव्य स्कूलों को धरातल पर नहीं उतारा जा सका है। भूमि की उपलब्धता और दूसरे कारणों से यह हाल है। केंद्र सरकार ने 50 फीसदी से अधिक एसटी की आबादी वाले या कम से कम 20 हजार जनजातीय व्यक्तियों वाले हर ब्लॉक में एक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (एटफर) खोलने का निर्णय पूर्व में लिया था। इसके बाद देशभर के जनजातीय क्षेत्रों में 740 ईएमआरएस स्थापित करने का लक्ष्य तय किया है। इसमें सबसे अधिक 91 स्कूलों का तोहफा झारखंड को मिला। असम के लिए 14, महाराष्ट्र के लिए 37 और छत्तीसगढ़ के लिए 74 स्कूलों का लक्ष्य बना। पर स्थिति यह है कि राज्य में अब तक मात्र 7 स्कूलों के प्रोजेक्ट ही कार्यात्मक हैं या संचालन में हैं। शेष अधर में ही हैं।

गैर कार्यात्मक की सूची में देश में दूसरा स्थान

संसद के शीतकालीन सत्र में चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह ने झारखंड में एकलव्य आदर्श आवासीय स्कूलों के संबंध में जानकारी मांगी थी। इस पर जनजातीय कार्य मंत्रालय ने बताया कि जनजातीय क्षेत्रों में 740 ऐसे स्कूलों की स्थापना करने का लक्ष्य बनाया गया है। जनजातीय कार्य राज्य मंत्री रेणुका सिंह सरूता के मुताबिक झारखंड में जमीन की उपलब्धता और आवंटन को देखते 87 स्कूलों का लक्ष्य किया गया है। इनमें से 80 स्कूल अब भी गैर कार्यात्मक हैं। इनमें से कुछ स्कूल 2013-14 से ही अस्तित्व में नहीं आ सके हैं। इसके अलावा ज्यादातर स्कूलों का प्रोजेक्ट 2019-20 और 2020-21 का है। गैर कार्यात्मक स्कूलों के मामले में झारखंड देश में नागालैंड के बाद दूसरे स्थान पर है। नागालैंड में 22 स्कूलों के लिए स्वीकृति मिली थी। पर 2018-19 से सभी गैर कार्यात्मक ही हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में 73 स्कूलों में से मात्र एक स्कूल की गैर कार्यात्मक है। अरुणाचल प्रदेश के 10 स्कूलों में से 3 कार्यात्मक हैं। असम के 14 में से एक स्कूल कार्यात्मक हैं। महाराष्ट्र के 36 में से 3 गैर-कार्यात्मक हैं। मणिपुर के 20 में से 3 कार्यात्मक हैं। मिजोरम के 43 में 6 कार्यात्मक हैं। सिक्किम के सभी 4 स्कूल कार्यात्मक हैं जबकि त्रिपुरा के 21 में से 6 कार्यात्मक हैं।

38 का कार्य प्रगति पर

जनजातीय मंत्रालय के मुताबिक झारखंड में अभी 38 स्कूलों का निर्माण प्रगति पर है। इनमें पश्चिमी सिंहभूम के गुदरी ब्लॉक के कंस्केल में 2014-15 से लंबित स्कूल प्रोजेक्ट भी हैं। दुमका, पाकुड़, साहेबगंज, सरायकेला खरसावां में 1-1 स्कूल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। सिमडेगा, लातेहार में 2-2, गुमला और खूंची में 3-3, पूर्वी सिंहभूम में 4, लोहरदगा में 5, रांची में 6 और सबसे अधिक पश्चिमी सिंहभूम में 10 स्कूल का निर्माण कार्य जारी है। देश भर में 228 ऐसे स्कूलों का कार्य प्रगति पर है।

शहर ›› अपडेट

आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को मिलेगा स्वैटर

कसमार : आंगनबाड़ी केंद्र में स्कूल पूर्व शिक्षा लेने वाले बच्चों को सरकार अब (स्वैटर) गर्म कपड़ा देगी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इसके लिए सभी जिलों को राशि भेजकर स्वेटर आपूर्ति कर वितरण करने का निर्देश दिया है। इसके लिए गोड्डा के संजीव वस्त्रालय को निविदा मिली है। बोकारो जिले के नौ प्रखंडों में दस परियोजनाओं के अंतर्गत 1 लाख 15 हजार 274 बच्चों को स्वेटर उपलब्ध कराया जाएगा।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स ››

लूट-खसौट का अड्डा बना जन सेवा केंद्र

बोकारो : जनता को सीधा लाभ देने और बिचौलियों की दखल से बचाने के लिए जन सेवा केंद्र खोले गए है। इनका उद्देश्य गरीब जनता को काफी कम फीस देकर ही योजनाओं का लाभ देना है। सेक्टर 4 सिटी सेंटर, बैंक ऑफ बड़ोदा के समीप जन सेवा केंद्र में जीवन प्रमाण पत्र, पैन कार्ड तथा अन्य योजनाओं के नाम पर आमजनों को लूटा जा रहा है। जन सेवा केंद्र संचालक लोगों की मजबूरी का फायदा उठाकर निर्धारित शुल्क से कई गुना ज्यादा वसूली कर रहे हैं।

पुलिस लाइन में हार्ट अटैक पर संगोष्ठी

बोकारो : पुलिस अधीक्षक के पहल पर पुलिस लाइन में हार्ट अटैक पर संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मेदांता के डॉ. तापस ने कहा कि सड़क पर हार्ट अटैक से पीड़ित व्यक्तियों को बचाने में पुलिस टीम की अहम भूमिका होती है। उसे बचाया जा सकता है, इसके लिए मरीज को लेटा कर हाथ से हृदय को पंपिंग क्रिया कर व मुख से फूंक कर बंद हृदय की गति को चालू किया जा सकता है। इससे मरीज की जान बचाई जा सकती है। क्रिएटिव केयर विशेषज्ञ डॉ तापस ने यह दक्षता पुलिस कर्मियों को बताया।

संक्षिप्त ›› अपडेट्स

ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था करें प्रशासन: प्रमुख

कसमार : ठंड को देखते हुए कसमार की प्रखंड प्रमुख सह संघ की जिला सचिव नियोति कुमारी दे ने कसमार अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला से कसमार क्षेत्र के खैराचातर, कसमार बाजारटांड, कसमार स्कूल चौक सहित अन्य क्षेत्रों मे अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है। अंचलाधिकारी से उन्होंने कहा है कि बढ़ती ठंड के चलते लोग बीमार हो रहे हैं। इसे देखते हुए प्रशासन प्रखंड ओर अंचल के सभी सार्वजनिक चौक-चौराहो पर अलाव जलाने की समुचित व्यवस्था कराए। प्रमुख ने कहा कि ठंड के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। लेकिन अभी तक कसमार में अलाव की व्यवस्था नहीं हो पाई है। उन्होंने ठंड को देखते हुए प्रखंड प्रशासन को जल्द से जल्द समुचित व्यवस्था करने की बात कही।

निधन पर शोक सभा का आयोजन

सिल्ली : सिल्ली कालेज सिल्ली के लाइब्रेरियन गोल्लक बिहारी महतो (59) के निधन पर गुरुवार को कॉलेज परिसर में प्राचार्य डॉ मुकुंद महतो की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। मौके पर प्रो त्रिभुवन महतो, प्रो अनंत कुमार महतो, प्रो भवानंद चैधरी, प्रो नकुल चंद्र महतो, गुन्नू महतो, सुमंत महतो एवं कॉलेज के तमाम कर्मचारियों ने शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट मोन धारन कर श्रधांजलि अर्पित किया। जानकारी के मुताबिक सोनाहातु प्रखंड के सालबांदा गांव निवासी लाइब्रेरियन गोलक बिहारी महतो पिछले मंगलवार को कॉलेज से ड्यूटी कर घर पहूंचे तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गया।

तेनु बोकारो नहर की मरम्मती कार्य पूर्ण, जल्द शुरू होगा जलप्रवाह

राष्ट्रीय खबर

बेरमो : तेनु- बोकारो नहर की 34.5 किमी दूरी तक कुल 48 स्थलों पर मरम्मती कार्य सोमवार से शुरू किया गया। गुरुवार को नहर की मरम्मती कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। शुक्रवार शाम को जलापूर्ति प्रारंभ की जाने की संभावना बताया गया।

नहर की मरम्मत कार्य लगे संवेदकों ने जोरशोर से कार्य कर पूरा किया. नहर मरम्मती कार्य के दौरान बोकारो सेल एवं जल संसाधन विभाग तेनुघाट के अधिकारियों की टीम ने संयुक्त रूप से चयनित स्थलो पर पहुँचकर निरीक्षण किया।

चल रहे मरम्मती कार्य में चैनल दो में जेई विष्णु कुमार, चैनल तीन में जेई विकास कुमार व चैनल चार में जेई सचिन कुमार की देखरेख में किया गया। जेई विष्णु कुमार ने कहा कि नहर की मरम्मती कार्य लगभग पूर्ण हो गयी है।

शुक्रवार शाम को नहर की जलप्रवाह प्रारंभ की जाने की संभावना है।

वही आजसू पार्टी के नेता सूरज महतो ने जल संसाधन विभाग से नहर की सफाई करने व झाड़ी कटाई की मांग की। कहा कि बीते वर्ष भी नहर की मरम्मती किया गया लेकिन विभाग द्वारा नहर की सफाई नही किया गया। कहा कि पिछरी के समीप आउटलेट के समीप घाट के समीप एक सीढ़ी का निर्माण कराया जाय जिससे श्राद्धकर्म में ग्रामीणों को सुविधा होगी।

क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

सिल्ली : सिल्ली पॉलिटेक्निक कालेज में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आदर्श कॉलेज राजधनवार, के प्राचार्य सह प्रो डॉ विमल मिश्रा एवं कालेज के निदेशक डॉ बिष्णुब्रत चटोपाध्याय ने संयुक्त रूप से गणितज्ञ श्री रामानुज के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप जलाकर कार्यक्रम का उदघाटन किया। इस मौके पर प्रो विमल मिश्रा ने कहा गणित काफी रोचक विषय है। हमारे देश की गणित की सभ्यता वैदिक युग से ही समृद्ध है। वेदों में इसके प्रमाण मौजूद है। पाइथागोरस समेत कई दूसरे देशों के गणितज्ञ का नाम आता है। जबकि ये सिद्धान्त पहले से वेदों में मौजूद है। उनको ही हमारे समक्ष प्रस्तुत करके गणितज्ञों ने अपना नाम दे दिया। हनुमान चालीसा में युग सहस्त्र योजन पर भानु को कैलकुलेट करें तो पृथ्वी और सूर्य की दूरी लगभग उतनी ही आती है जितनी बाद क समय मे नासा ने केलकुलेट किया है। इन चीजों का अगर अध्ययन करें तो हम भ्रम से बाहर आ सकते है। भारत के गणितज्ञ श्री निवासन रामानुज ने कई प्रमेय गणित को दिए है। जो अबतक हल नहीं किये जा सके।

अच्छा इंसान बनाने के साथ खेल में दुनिया बदलने की ताकत: जयदीप

›› डीपीएस बोकारो में दो-दिवसीय अंतर विद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज

राष्ट्रीय खबर

बोकारो: डॉ. राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में दो दिवसीय अंतर विद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता गुरुवार को डीपीएस बोकारो की मेजबानी में शुरू हुई। रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ जोश और उत्साह भरे वातावरण के बीच डीपीएस बोकारो के समुन्नत बास्केटबॉल कोर्ट में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्लोबल एक्टिव पार्टनर सिटी के लीड ऑफिसर सह अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रशिक्षक जयदीप सरकार ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उन्होंने प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर, गुब्बारे उड़ाकर तथा बॉल बास्केट में डालकर इसकी विधिवत शुरूआत की। खेल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि खेल में दुनिया बदलने की ताकत है। खेल भावना अच्छा इंसान बनने की प्रेरणा देती है। उन्होंने ग्लोबल एक्टिव पार्टनर सिटी प्रोग्राम के तहत खेल-संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की चर्चा की। कहा कि खेल के क्षेत्र में बोकारो में एक नई क्रांति आई है और निश्चय ही आनेवाले दिनों में इस शहर से नए-नए आयाम जुड़ेंगे। उद्घाटन समारोह के प्रारंभ में मुख्य अतिथि एवं सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए डीपीएस बोकारो के प्राचार्य सह सहोदया के अध्यक्ष डॉ. एएस गंगवार ने प्रतिभागी टीमों को खेल भावना से खेलने तथा बेहतर प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। कहा कि खेल टीम भावना से काम करने की सीख देता है। इस अवसर पर सहोदया के उपाध्यक्ष सह जीजीपीएस बोकारो के प्राचार्य सौमेन चक्रवर्ती तथा महासचिव सह एआरएस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य बिश्वजीत पात्रा सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रतिनिधि, रेफरी और निर्णायकगण उपस्थित रहे।

प्रभाकर ने चलाया बाल अधिकार संरक्षण जागरूकता अभियान

राष्ट्रीय खबर

बोकारो: हरला थाना क्षेत्र अंतर्गत भतुआ पंचायत भवन में बाल अधिकार कार्यकर्ता सह मनोवैज्ञानिक शिक्षाविद् डॉ. प्रभाकर कुमार द्वारा बाल अधिकार संरक्षण जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान तेजस्वनी योजना के किशोरियां उपस्थित रही। बाल अधिकारों, बाल कानून एवं बाल मुद्दों पर किशोरियों को जानकारी दी गई। उन्होंने बढ़ती बाल शोषण, गुड टच बैड टच, पोक्सो कानून, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल दुव्यार्पार व दुर्व्यवहार, सेल्फ डिफेंस एवं बचाव के मनोवैज्ञानिक तरीकों को बतलाया। साथ ही डॉ प्रभाकर ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, लिंग भेद व असमानता, तेजस्वनी क्लब बनाने के सरकार के उद्देश्य, तेजस्वनी परियोजना एवं आत्मनिर्भर बनना क्यों जरूरी है जैसे पक्ष पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस मौके पर पूर्व मुखिया नरेश चंद्र महतो, वार्ड सदस्य डोलिका देवी, मदन कुमार गुप्ता, शक्ति प्रसाद, साधन महतो, तेजस्वनी परियोजना की समन्वयक संगीता, शिक्षक मानिक लाल महतो सहित आंचल, रेणुका, वंदना, मीना, पूजा, अंशु, माधुरी, पायल, राखी, खुश्बू, जोसना, सोनम, नेहा, मोनिका आदि सैंकड़ो किशोरियों उपस्थिति थी।

विद्यार्थी विज्ञान मंथन में 18 विद्यार्थी सफल

राष्ट्रीय खबर

बोकारो: एनसीईआरटी की ओर से आयोजित विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा 2022-23 में विद्यालय के कुल 18 विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित कर अपने विद्यालय तथा शहर का नाम रोशन किया है।

सफल छात्र-छात्राओं में कक्षा 8 के कुणाल आनंद, कुमार अभिनीत, निर्वाण, शुभ एवं वंशिका सिंह, कक्षा 9 के कुमार अनमोल, यशार्थ गौतम, अमोघ आनंद झा व ऋषिका दत्ता, कक्षा 10 से श्रेष्ठा रूपम द्विवेदी, अभिनव अभि, आरुष बनर्जी, शिव द्युति वर्मा, स्वप्निल स्निग्ध, अभिनीत शरण तथा कक्षा 11 के श्रेयांशु घोष, तमन्ना रे और इशिता घोष शामिल हैं। ये सभी विद्यार्थी अब झारखंड राज्यस्तरीय कैंप में हिस्सा लेंगे।

प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उल्लेखनीय है कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) परीक्षा विज्ञान भारती, विज्ञान प्रसार एवं एनसीईआरटी, शिक्षा मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा समर्थित भारत की सबसे बड़ी विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा है।

डालसा ने लिया नई चेतना पहल बदलाव की कार्यक्रम में भाग

›› पैनल अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने दी जानकारी

राष्ट्रीय खबर

रांची : डालसा, रांची ने नगर निगम, रांची के सहयोग से अटल भेंडर मोर्केट के परिसर में नई चेतना पहल बदलाव की के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर डालसा के पैनल अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, पुर्णिमा मुखर्जी, आरती वर्मा, कोरोबी दत्ता समेत अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर डालसा के पैनल अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने डालसा का प्रतिनिधित्व किया और कहा कि लैंगिग भेदभाव के विरोध संविधान में बहुत सारे प्रावधान दिये हुए है। आम जनता को इसकी जानकारी नहीं रहने के कारण वो अपने साथ हो रहे भेदभाव के विरूद्ध आगे नहीं आते हैं। आगे उन्होंने बताया कि आर्टिकल 39-ए संविधान का, जहां निःशुल्क विधिक सहायता का प्रावधान का हैं, चाहे वह गरीब या कानूनी सहायता पाने में अक्षम क्यों न हो, उन सभी को इसके तहत निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान की जाती हैं।

इस क्षेत्र में नालसा, राज्य विधिक सेवा प्राधिकार और जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं तालुक विधिक सेवा समिति जो ब्लॉक स्तर में काम करती हैं, सभी संयुक्त रूप से लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करती हैं। इसके अलावा सरकार की ओर से चलायी जा रही विकास के अन्य कार्यक्रम के बारे में लोगों को जागरूकता प्रदान करती हैं।

पैनल अधिवक्ता ने बाल विवाह, डायन प्रथा, घरेलू हिंसा, बाल मजदूरी के संबंध में संक्षिप्त जानकारी प्रदान किया।

हक-अधिकार के लिए रणनीति बनाने की जरूरत

›› धनघरी के धरना स्थल में गुरुवार को हुई रैयतों की विचार गोष्ठी

राष्ट्रीय खबर

बोकारो: धनघरी धरना स्थल में गुरुवार को शिबुटांड, कुंडौरी, पंचौरा सहित 20 गांवों के रैयतों की समस्याओं को लेकर एक विचार गोष्ठी कार्यक्रम हुई। अध्यक्षता धनघरी के कमालुद्दीन अंसारी व संचालन कुंडौरी के अरविंद कुमार ने किया। इस दौरान उपस्थित रैयतों ने एक-दूसरे को गांवों की समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत कराते हुए धनघरी के कमालुद्दीन अंसारी ने कहा कि अपने हक अधिकार के लिए न्यायालय का शरण लेना होगा। इसके बाद जन आंदोलन करने की जरूरत है। तभी जाकर अधिकार मिलेगा। कुंडौरी के अरविंद कुमार ने कहा कि हमारे गांवों को बीएसएल के अधिकारी हो या जिला प्रशासन सभी विस्थापित गांव कहते है। यह गलत है, अबोध गोस्वामी ने कहा कि सभी रैयतों को एकजुट होकर हक अधिकार के लिए रणनीति बनाने की जरूरत है। साथ ही विचार करके लड़ना होगा। सभी गांवों के रैयतों को भूमि की रक्षा के लिए घर से बाहर निकलना होगा। अन्यथा हमारे भूमि पर दूसरे का कब्जा होगा। हम लोग देखते रह जाएंगे। दूसरी ओर धनघरी के ग्रामीणों का धरना 89वां दिन जारी रहा। ग्रामीणों ने राज्य सरकार से न्याय दिलाने की मांग की। विचार गोष्ठी में गुलाम हुसैन, मदन किस्कू, गजेंद्र बेसरा,अब्दुल अंसारी, काली प्रसाद बेसरा, अमजद अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी, सिराजुद्दीन अंसारी, आलम अंसारी, आजाद अंसारी, उमेश बेसरा, जीतन किस्कू, शक्ति मुर्मू, धनेश तुरी, फिरोज अंसारी, समीउल्लाह अंसारी, हसनूल महतो, नगमा बीबी, राबिया बीबी, गुलशन बीबी, सगीरा बीबी, जुबेदा, कुलिया बीबी, इदरीश अंसारी, नूर मोहम्मद, गुलजार अंसारी आदि शामिल है।

न्यूज फटाफट

चौका में मनाया गया संथाली भाषा दिवस

चांडिल : चौका पंचायत भवन में गुरुवार को मारांग बुरू ओल ईतुन आसड़ा के द्वारा संथाली भाषा जितकार माहा (भाषा विजय दिवस) मनाया गया। संथाली लिपि के जनक गुरू गोम्के पंडित रघुनाथ मुर्मू एवं सभी वीर शहीद सिदु-कान्हु, बाबा तिलका मांझी, बिरसा मुंडा के फोटो पर माल्यार्पण कर विजय दिवस शुरू किया गया। इस दौरान संबोधित करते हुए समाजसेवी सोमचांद सोरेन ने छात्र-छात्राओं के बीच संविधान एवं कानून के बारे में भी जानकारी दिए। उन्होंने कहा 22 दिसंबर 2003 को संथाली भाषा संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हुआ था, संविधान में हमें अधिकार मिला लेकिन ओल चिकी लिपि को सरकार ने अब तक सरकारी स्कूलों में पठन-पाठन शुरू नहीं किया है। सोरेन ने मांग किया की सभी सरकारी स्कूलों में पठन-पाठन ओलचिकी में भी शुरू हो। इस अवसर पर सोमचांद सोरेन, महेंद्र नाथ टुडु, मुखिया कुनाराम बास्के, पियो हेम्ब्रम, पारूल हांसदा, बालेश्वर सोरेन, अरून सोरेन, गणेश सोरेन, सुशिला हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे।

बीएसएल के सिंटर प्लांट में नए फीडर्स की कमिशनिंग की गई

बोकारो : बीएसएल के सिंटर प्लांट के स्टॉक बिन्स में 33 नए फीडर्स की कमिशनिंग अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी तथा अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) सीआर महापात्रा की उपस्थिति में अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कुमार द्वारा बुधवार को किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (पावर फैसिलिटी) अलक साधू, मुख्य महाप्रबंधक (सेवाएं) अनिल कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (आरएमएचपी) धनञ्जय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) एमपी सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (सीओ एवं सीसी) राकेश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (सिंटर प्लांट) बीके बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएं) कुंदन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (यांत्रिकी) वीके सिंह सहित अन्य विभागों के वरीय अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। इन नए फीडर्स की कमिशनिंग हो जाने से सिंटर प्लांट के उत्पादन एवं उत्पादकता में समग्र रूप से बेहतरी आयेगी, नए तकनीक से प्रोसेस कंट्रोल भी बेहतर हो सकेगा तथा अनुरक्षण कार्यों में भी सहूलियत होगी।

अखिल भारतीय बाउरी समाज कल्याण समिति का 25 वां स्थापना दिवस

चास : चास के दीपांजलि पैलेस में अखिल भारतीय बाउरी समाज कल्याण समिति का 25 वां स्थापना दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर एवं बाबा साहब अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तपन बाउरी एवं पश्चिम बंगाल बाउरी समाज उन्नयन समिति के बबलू बाउरी थे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुभाष बाउरी ने किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि आज हम लोग अखिल भारतीय बाउरी समाज कल्याण समिति का 25वां स्थापना दिवस मना रहे हैं। हम लोग का मुद्दा है समाज को आगे बढ़ाया जाए। शिक्षा, स्वास्थ्य के अलावा समाज में हो रहें कुर्तियों को कैसे रोका जाए। इस पर हम लोग नए साल में नई उमंग के साथ काम करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सुभाष, महासचिव प्रफुलचंद्र बाउरी, वरिष्ठ सलाहकार बादल चंद बाउरी, वरिष्ठ सलाहकार लक्ष्मण बाउरी, आनंद बाउरी, हेमलाल बाउरी, किशन बाउरी, केंद्रीय सदस्य बीरबल बाउरी, महेंद्र बाउरी, मुकेश बाउरी, पश्चिम बंगाल बाउरी समाज उन्नयन समिति स्वरूप बाउरी, भक्ति बाउरी, बेरमो से साधु बाउरी, काली बाउरी, विनोद बाउरी, अजय बाउरी, हलधर बाउरी, चंदनकियारी प्रखंड अध्यक्ष संतोष बाउरी, चास प्रखंड अध्यक्ष राकेश बाउरी, चंदन बाउरी, जुरन बाउरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

ह्यूमैनिटी सेवियर्स दिव्यांग बच्चों को सहयोगी उपकरण उपलब्ध कराएंगे रू हरबंस सिंह सलूजा

बोकारो : ह्यूमैनिटी सेवियर्स, बोकारो, झारखंड द्वारा आभा सेवा सदन, काशी झरिया में दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण लगाने हेतु जांच शिविर का आयोजन किया गया। ह्यूमैनिटी सेवियर्स के संस्थापक ब्लड मैन हरबंस सिंह सलूजा के नेतृत्व में दिव्यांग बच्चे जो अपने पैरों पर खड़े नहीं हो सकते हैं, जो बच्चे सीधा बैठ नहीं पाते हैं , जो बच्चे चल नहीं पाते हैं उन बच्चों के लिए सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु यह शिविर आयोजित किया गया। श्री हरबंस सिंह सलूजा ने बताया कि आज कुल 17 दिव्यांग बच्चों की जांच की गई। संस्था के सौरव रस्तोगी ने बताया कि जांच उपरांत जिन बच्चों को सहयोगी उपकरण लगेंगे वह ह्यूमैनिटी सेवियर्स द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में पुरुलिया लेप्रोसी होम एंड हॉस्पिटल, पुरुलिया से डॉक्टर पूनम महतो प्रोस्थेटिस्ट एवं ऑथोर्टीस्ट (सहयोगी) द्वारा एवं आभा सेवा सदन के डॉ डी के रावत, जयप्रकाश कुमार, नेहा कुमारी, द्वारिका देवी, आरती कुमारी एवं विनोद महतो की देखरेख में जांच की गई। संस्था के संस्थापक श्री हरबंस सिंह सलूजा के संग श्री सौरव रस्तोगी, श्री प्रवीण कुमार एवं श्रीमती माया राय मुख्य रूप से उपस्थित थीं।

गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनी

रांची : छात्र क्लब बुद्धिजीवी मंच (यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप) के तत्वावधान में रातू रोड गुप्ता भवन मे एवं पिस्कामोड़ अचीवर्स क्लासेज में देश के महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जी की जयंती क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा जी निर्देशन में मनाई गई। इस मौके संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज पंडरा के प्राचार्य डॉक्टर(प्रो.)दुर्गा लाल शर्मा,अचीवर्स क्लासेज के निदेशक सच्चिदानंद विश्वकर्मा, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के डॉ.एकेलाल, डॉ.(प्रो.)आभा कुमारी,प्रो.सुरेश शर्मा,सनोज सिंह,प्रज्ञा मणि, डॉ.सुखदेव साहू जी ने रामानुजन जी के जीवन इतिहास एवं प्रमुख रुचिकर विषय गणित पर प्रकाश डाला।अपने संबोधन मे डॉक्टर दुर्गा लाल शर्मा ने कहा हमारे देश भारत में रामानुजन जी ने गणित में परचम लहराया।वे गणित में हमेशा 100% अंक लाते थे इन्हें अनेकों पुरस्कार से नवाजा गया था।इनके जन्मदिवस के अवसर पर देश में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है।रीना सिंह ने कहा ऐसे महान गणितज्ञ को स्मरण करने के लिए ही आज 22 दिसंबर को यह जयंती मनाई जा रही है।

मनाया गया संताली भाषा दिवस

चांडिल : सिंहभूम महाविद्यालय चांडिल परिसर में गुरुवार को संताली भाषा के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू जी तस्वीर पर माल्यार्पण कर संताली भाषा दिवस मनाया गया। इस दौरान उपस्थित सभी छात्रों ने बारी - बारी से पं रघुनाथ मुर्मू जी के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया।छात्र नेता सुदामा हेम्ब्रम ने कहा कि भारत सहित विश्व की अन्य भाषा की पुस्तकें भी संताली में अनुवाद होकर पहुंच रही है। आज पहले से ज्यादा संताली की साहित्य गतिविधियां हो रही हैं। लेखकों को प्रोत्साहित किया जाना लगा है। संताल समुदाय के लोग 22 दिसंबर को पारसी जितकार माहा अर्थात भाषा विजय दिवस के रूप में मनाते हैं। आने वाले दिनों में इसके विकास के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार दोनों को तत्पर रहना होगा। इसे स्कूली पाठ्यक्रमों में भी लागू करना होगा। इस अवसर पर कृष्णा मिंज, शंकर हांसदा, सोमचांद टुडू, उमेश सिंह मुंडा, नारायण किस्कू, धनीराम हेम्बम, मंगल सिंह मुण्डा, दीपक मांझी, आदि छात्रों उपस्थित थे।

राष्ट्रीय खबर हमारी नज़र झारखंड

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

महिलाएं अपने घर और समाज के लिए वरदान साबित हो रही है : योगेंद्र प्रसाद

रांष्ट्रीय खबर

बेरमो /गोमियाः स्वांग दक्षिणी पंचायत अंतर्गत न्यू माइनर्स कॉलोनी में संत थॉमस स्कूल के समीप नई दिशा जागृति महिला संगठन की ओर से महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आम सभा आयोजित की गई। इस आम सभा में आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में महिलाएं जुटी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य समन्वय समिति सदस्य सह राज्य मंत्री योगेंद्र प्रसाद पहुंचे। नई दिशा जागृति संगठन के पदाधिकारियों ने उन्हें माला पहनाकर व गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया। संचालन चंदा देवी ने किया।

सभा को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि महिलाओं का यह संगठन महिला सशक्तिकरण को बल देने, समाज को सही दिशा में ले जाने और समाज में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाया गया है। उन्होंने कहा कि अब महिलाओं की सामाजिक रुप से स्थिति काफी बदली है। पहले समाज में ऐसा प्रचलन था, कि अगर किसी की बहू बेटी घुंघट नहीं लगाती थी तो उसे अपराध माना जाता था। किंतु वर्तमान समय में महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता के परचम लहरा रही हैं। महिलाएं अपने समाज व घर के लिए वरदान साबित हो रही है।

उन्होंने कहा कि गोमिया नगर परिषद का विघटन नहीं होता तो आज कई चीजों की हम लोगों को अतिरिक्त टैक्स का बोझ उठाना पड़ता। गोमिया में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं था, मेरे प्रयास से डिग्री कॉलेज का निर्माण हुआ है। इसके साथ स्टेडियम का भी निर्माण हुआ। कहा की जनता की ताकत हमारे साथ है इस कारण हर समस्या का समाधान सहजता के साथ होगा। मैं जनता के समस्याओं का समाधान तत्परता के साथ करता आया हूं। उन्होंने महिलाओं के इस संगठन का हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन स्वांग दक्षिणी पंचायत के पूर्व मुखिया धनंजय सिंह ने किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से स्वांग दक्षिणी पंचायत मुखिया रीना सिंह, हजारी मुखिया तारामणि भोक्ता, स्वांग उत्तरी पंसस धनेश्वरी देवी, झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष अमित पासवान, घनश्याम महतो, ललन केवट, युगल रजक,देव प्रसाद, अनिल सोनी, नई दिशा जागृति महिला संगठन के अध्यक्ष सुचिता कुमारी, सचिव शोभा पासवान, कोषाध्यक्ष वीणा महतो, कार्यकारिणी सदस्य रेणु बाला, आयन, बबीता देवी, रिंकी देवी आदि लोग मौजूद थे।

शहर ›› अपडेट

महान गणितज्ञ रामनुजन को किया गया याद

रजरप्पा : सीसीएलरजरप्पा क्षेत्र स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को देश के महान सुप्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीरामनुजन की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर गणित के क्षेत्र में उनकी प्रतिभा एवं देनों का उल्लेख करते हुए उन्हें याद किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने श्रीरामनुजन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स ››

घर में आग लगने से सामान जलकर खाक

गिरिडीह : जिले मेंगावां थाना क्षेत्र के मालडा पांडेय टोला निवासी तारकेश्वर पांडेय के घर में आग लग जाने से हजारों की संपत्ति जल कर खाक हो गई।वहीं घर के अंदर रह रहे दो बच्चियां बाल बाल बच गई। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए गृह स्वामी ने बताया कि दो बच्चियों को छोड़ कर सभी परिवार के लोग बाहर आंगन में भोजन कर रहे थे। इसी बीच शॉर्ट सर्किट से उनके घर में आग लग गई। कुछ देर बाद जब कुछ स्थानीय लोगों ने उनके घर से आग की लपटे निकलते देखे तो उन्हें सूचित किए।

मनाई गई महान गणितज्ञ की जयंती

पतरातू : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, पतरातू बाजार में गुरुवार को महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में गणित रेस का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा प्रथम से लेकर 10वीं तक के भैया बहनों ने अपनी सहभागिता निभाई। साथ ही साथ महान गणितज्ञों की जीवन गाथा लिखी, विभिन्न प्रकार के चित्रों के साथ पोस्टर बनाए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के गणित आचार्य संजय , प्रशांत , आदर्श , घनश्याम , रमेश एवं सुदामा ने अपनी भूमिका निभाई।

संक्षिप्त ›› अपडेट्स

गणित दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

गिद्दी : सरस्वती विद्या मंदिर सिरका में राष्ट्रीय गणित दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर एक प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। कार्यक्रम की शुरूआत मैथ शिक्षक दीपक कुमार महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का देखरेख मुख्य अतिथि प्राचार्य कुमार विमलेश द्वारा की गई। स्कूल के भैया- बहनों ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन से संबंधित नाटक, भाषन, गणित दौड़ प्रतियोगिता प्रस्तुत किया। जिन्हें प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कृत भी किया गया। अवसर पर मुख्य वक्ता प्राचार्य कुमार विमलेश ने गणितज्ञ रामानुजन के जीवन से प्रेरणा लेते हुए बच्चों को पढ़ाई लिखाई ध्यान पूर्वक करने की बातें कहीं। साथ ही भारतीय गणितज्ञ के को नमन करते हुए सदैव गणित की ज्योति जलाने की बात कहां। कार्यक्रम का संचालन बहन साक्षी व प्रीति ने किया।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक आयोजित

भुरकुंडा : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीसीएल सौदा शाखा का बैठक शाखा सचिव विजय कुमार की अध्यक्षता में हुआ जिसमें मुख्य रूप से पतरातू अंचल सचिव कॉमरेड मनोज कुमार महतो उपस्थित रहे जिसमें संगठन को मजबूत करने सदस्यता अभियान चलाने शाखा सम्मेलन, कोष संग्रह एवं रोजगार आदि मुद्दों को लेकर गंभीरतापूर्वक विचार विमर्श किया गया कॉमरेड मनोज कुमार महतो ने कहा कि पूरे प्रखंड में पार्टी सदस्यता अभियान चलाई जाएगी हर एक पंचायत में कैंप लगाया युवाओं को पार्टी में जोड़ने का काम किया जाएगा उपस्थित साथीरु कामरेड मनोज कुमार महतो, छोटू कुमार इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

न्यूज फटाफट

दस लाख रुपए के रिफाइंड तेल चोरी

गिरिडीह : गिरिडीह में डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर अपराधियों का तांडव जारी है।बताया जाता है कि यह अपराधी हावड़ा-नई दिल्ली मार्ग पर विशेषकर रात्रि समय भारी माल वाहक वाहनों से कीमती सामान चुरा लेते हैं तो कभी लूट लिया जाता है।कभी कभार तो इस मुख्य मार्ग पर सामान सहित ट्रकों को भी अगवा कर लिया जाता है।ऐसी कई घटनाएं इस मार्ग पर हो चुकी हैं। जो रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। जिसमें आसाम केरेला रोडवेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक संजय राय पुत्र छोटू राय कोलकाता निवासी ने डुमरी थाना में आवेदन देकर लिखा है कि ट्रक नंबर युपी 65 बीटी 2990 से 18 दिसम्बर रात 2 बजे 485 कार्टून धारा रिफाइंड ऑयल का चोरी हो गया।उन्होंने लिखा है कि 17 दिसंबर को ट्रक नंबर युपी 65 बीटी 2990 में ट्रक ड्राइवर इरफान खान पिता जसीमुद्दीन खान ग्राम मोहिनी पोस्ट शिवपुर थाना बिक्रम गंज जिला रोहतास बिहार जो ट्रक लेकर छपरा के लिए जा रहा था,ट्रक में मदर डेहरी फूट एंड वेजिटेबल प्राइवेट लिमिटेड टायर ऑफ सरेष्ठ प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड हुगली (पश्चिम बंगाल) से 18 सौ कार्टून धारा रिफाइन ऑयल जिसका कुल कीमत 2718323 रूपए लेकर चला,जीटी रोड कुलगो स्थित टोल प्लाजा में बीती रात लगभग 2 बजे ड्राइवर ट्रक खड़ी कर सो गयासुबह 5 बजे के करीब उठा तो पाया कि ट्रक का तिरपाल कटा हुआ है और 485 कार्टून रिफाइंड ऑयल गायब है।

साइकिलिंग प्रतियोगिता टीम को एसडीपीओ ने दिखाई झंडी

डुमरी: 9वीं राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गुरूवार को गिरिडीह की टीम बस द्वारा गढ़वा रवाना हुई।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डुमरी मनोज कुमार ने हरी झण्डी दिखाकर बस को रवाना किया।आयोजित 3 दिवसीय प्रतियोगिता में गिरिडीह जिले से 32 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं।वाहन की व्यवस्था डुमरी विधायक सह सूबे के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो द्वारा किया गया है।इस दौरान झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो राजू जामतारा मुखिया खेमलाल महतो ने प्रतिभागियों को खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु अपनी शुभकामनायें दी।इस दौरान झामुमो युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार मेहता झामुमो नेता पंकज महतो,प्रदीप पटेल गिरिडीह साइकिलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष सह जिप सदस्य धनंजय प्रसाद सचिव जितेंद्र महतो ट्रेजरर नरेश कुमार आदि उपस्थित थे।

आजसू पार्टी के काशी महतो नहीं रहे

डुमरी: आजसू पार्टी ने अपना तेज तर्रार कर्मठ नेता खो दिया।आजसू पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष सह प्रखंड सांसद प्रतिनिधि काशी महतो का निधन बुधवार की देर रात धनबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया।जिसका अंतिम संस्कार गुरूवार को जमुनिया नदी करमाटोंगरी श्मशानघाट में किया गया। घटना की खबर सुनकर सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी, जिला अध्यक्ष गुड्डू यादव, पार्टी की विधान सभा प्रभारी यशोदा देवी, अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि छक्कन महतो,शंभू महतो, पिन्टू कुमार,मिराज आलम,महेश महतो प्रखंड अध्यक्ष सतीश महतो,निर्मल महतो,दुलारचंद महतो उप प्रमुख उपेंद्र महतो, पंकज महतो,सुभाष महतो,जगदीश महतो उमाशंकर महतो कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर मंडल आदि ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी।

कुल्ही चौक में लगा स्ट्रीट लाइट

दुलमी: प्रखंड के कुल्ही चौक मे स्थानीय विधायक ममता देवी के सौजन्य से स्ट्रीट लाइट लगाया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन कांग्रेस नेता सह समाजसेवी बजरंग महतो ने फिता काटकर व स्विच ऑन कर किया। स्ट्रीट लाइट का स्विच ऑन करते ही पूरा चौक दूधिया रोशनी से जगमगा गया। बजरंग महतो ने कहा कि काफी दिनों से स्थानीय लोगों के द्वारा विधायक से स्ट्रीट लाइट की मांग की जा रही थी क्योंकि चौक में शाम के बाद लाइट नहीं होने से लोगों को काफी परेशानी होती थी और पूरा चौक घुप्प अँधेरा की वजह से सन्नाटा सा लगता था। लेकिन आज स्थानीय लोगों की मांग को देखते हुए विधायक द्वारा स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की गई, जिसके बाद लोगों के वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई जिससे ग्रामीणों में काफी उत्साह का माहौल है। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश हेमन्त महतो पवन महतो प्रदीप महतो किष्टो महतो रुकेश महतो विकास कुमार रामप्रसाद महतो सपुत कुमार उतम कुमार छोटन कुमार मोहित पटेल युगल किशोर महतो डबलू महतो तबारक अंसारी हिरालाल महतो विनोद प्रजापति दिवाकर महतो संजय करमाली संदीप कुमार शिव कुमार करमू महतो फुलेन्दर महतो व कई लोग मौजूद थे।

स्वास्थ विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा

रामगढ़ : स्वास्थ्य विभाग द्वारा रामगढ़ जिले में किये जा रहे कार्यो की गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने जिला समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा की। प्रसव पूर्व जांच के तहत हो रहे कार्यों की प्रखंडवार समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने एवं कार्यो को गंभीरता से लेते हुए सुदूरवर्ती क्षेत्रों में नियमित रूप से सहियाओं व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का नियमित प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया वही संस्थागत प्रसव संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत प्रसव के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने, निजी अस्पतालों में होने वाले प्रसव से संबंधित प्रतिवेदन प्राप्त करने व संबंधित जानकारियां पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने लड़कों की तुलना में लड़कियों की कम संख्या पर चिंता जाहिर करते हुए सिविल सर्जन सहित सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को पीसीपीएनडीटी एक्ट का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया।

यूनिफार्म व गर्म कपड़े पाकर खुश हुए बच्चे : महतो

गिद्दी :डाडी प्रखंड अंतर्गत डाडी पंचायत के राजकीयकृत मध्य विद्यालय गिद्दी सी में पोशाक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सह मुखिया लखनलाल महतो और जिप सदस्या डाडी भाग 2 की श्रीमती पिंकू देवी शामिल हुए। जिप सदस्य, मुखिया व विद्यालय के प्रधानाध्यापक, आदि ने संयुक्त रूप से स्कूली बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया। मुखिया लखनलाल महतो द्वारा अपने हाथों विद्यालय के वर्ग एक और दो के 48 बच्चो के बीच पोशाक, जूता और स्वेटर का वितरण किया गया। पोशाक पाकर बच्चे काफी खुश नजर आए।मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष श्री महतो ने कहा कि पोशाक वितरण सरकार की एक अच्छी पहल है। पोशाक से बच्चों में एकरूपता आती है। वर्तमान सरकार बच्चों की शिक्षा के प्रति गंभीर है। बच्चों को नि:शुल्क पोशाक, खाना, साइकिल, पुस्तकें, छात्रवृत्ति आदि का वितरण किया जा रहा है जिससे बच्चों के पढ़ाई की ललक बढ़ गयी है। यही विकसित समाज के लिए संजीवनी का काम करेगा.साथ ही गांव के गरीब परिवार के बच्चे पढ़ कर क्षेत्र का नाम रौशन कर सकते हैं।

स्पोर्ट्स बच्चों के लिए सबसे बेहतर मार्ग: सरिता

पतरातू : छात्रों के मन में खेल भावना और अनुशासन की भावना पैदा करने के लिए, पीवीयूएन लिमिटेड ने अपनी सामुदायिक विकास पहल के तहत स्पोर्ट्स किट डिस्ट्रीब्यूशन ड्राइव जारी रखे हुए है। 22 दिसंबर 2022 को स्वर्णरेखा महिला समिति ने एसएस हाई स्कूल, पतरातू में स्कूल प्रिंसिपल, स्टाफ और छात्रों की उपस्थिति में किट वितरित किए। स्पोर्ट्स किट में क्रिकेट किट, फुटबॉल किट, कैरम सेट, वॉलीबॉल सेट, शतरंज सेट, स्किपिंग रोप और टीम ड्रेस शामिल हैं। ड्राइव के अलावा, सरिता झा, महासचिव (स्वर्णरेखा महिला समिति) और दीपिका रॉय, कल्याण सचिव (स्वर्णरेखा महिला समिति) ने छात्रों को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बताया।

कोलफील्ड मजदूर यूनियन की बैठक संपन्न

अध्यक्ष मनोज पुलकित तथा सचिव बने विनोद कुमार

राष्ट्रीय खबर

गिद्दी : स्थानीय अस्पताल चौक स्थित विनोद कुमार के आवास पर कोल फील्ड मजदुर यूनियन की बैठक संपन्न हुई। जिसमें सबसे पहले बिनोद कुमार एवं केशव राय अपने दल बल के साथ कोलफील्ड मजदुर में शामिल हुए। जिनका उपस्थित सभी नेताओ ने माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया.बैठक में सभी का स्वागत कर संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष रंजीत पाण्डेय एवं क्षेत्रीय सचिव पुरुषोत्तम पाण्डेय ने कहा की अरगड्डा क्षेत्र की नंबर वन यूनियन कोलफील्ड मजदूर यूनियन है। और लगातार मजदूरों की आस्था इस यूनियन पर बढती ही जा रही है। गुरूवार को यूनियन में शामिल हुए सभी सदस्यों का यूनियन के तमाम सदस्यों ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। साथ ही भरोसा दिलाते हुए कहा कि जिस उम्मीद से आपलोगों ने कोलफील्ड मजदुर यूनियन पर आस्था व्यक्त किया है।

रिहा के बाद पूर्व पंचायत समिति सदस्यो मे खुशी की लहर

रांष्ट्रीय खबर

बेरमो /पेटरवारः अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी डीके साहू ने पेटरवार प्रखंड के पूर्व पंचायत समिति प्रमुख मनोज कुमार गुप्ता सहित 13 अन्य अभियुक्तों के साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए रिहा कर दिया।

बताते चलें कि 14 मई 2013 को तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार रजक ने तत्कालीन प्रखंड प्रमुख मनोज कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार नायक, रतन कुमार सेठी, जीतलाल सोरेन, अखिलेश्वर ठाकुर ,रोहित सिंह, ललिता सोरेन,मेहीलाल सोरेन, चरकी देवी,आरती देवी, सुमित्रा देवी मंगरी देवी,रीना देवी, मंजू देवी सभी तत्कालीन पंचायत समिति के सदस्यों के विरुद्ध मामला पेटरवार थाना में दर्ज कराया था। जो पेटरवार थाना कांड संख्या 69/13 धारा 342 ,353/ 34 भादवी के अंतर्गत दर्ज किया गया था।

सभी अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 342, 353 भादवी के अंतर्गत आरोप गठन किया गया। अभियोजन की ओर से चार गवाहों का बयान न्यायालय में दर्ज कराया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार रजक ने अभियुक्तों पर आरोप लगाया था कि मनोज कुमार गुप्ता के नेतृत्व में उपरोक्त सभी तत्कालीन पंचायत समिति के सदस्य प्रखंड कार्यालय में तालाबंदी कर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न किए थे। दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद न्यायालय ने संदेह का लाभ देते हुए मनोज कुमार गुप्ता तत्कालीन प्रमुख सहित तत्कालीन पंचायत समिति के सदस्यों को रिहा कर दिया।

आजसू नेता व कार्यकताओं ने जारंगडीह मे ट्रांसपोर्टिंग किया बंद

प्रदूषण नहीं रोका गया तो नहीं चलने दिया जायेगा ट्रांसपोर्टिंग

›› सीसीएल प्रबंधन पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप

रांष्ट्रीय खबर

बेरमो /जारंगडीह : बीते देर शाम जारंगडीह मुख्य मार्ग पर होने वाले कोयले की ट्रांसपोर्टिंग आजसू नेता मुकेश सिंह व दर्जनों कार्यकताओं द्वारा बंद यह कहते हुए कर दिया कि सीसीएल जारंगडीह प्रबंधन उनके साथ वादा खिलाफी किया है। कहा कि पिछले दिनो जारंगडीह मे उड़ने वाले प्रदूषण को लेकर उनके द्वारा जारंगडीह कोलियरी मुख्य मार्ग को जाम किया गया था। जिसमे सीसीएल प्रबंधन से वार्ता के दौरान यह तय हुआ था कि दो दिनो के भीतर यहां उड़ने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपाय कर लिए जायेगे मगर दो दिनो की बाते तो दुर वार्ता के दस दिन गुजरने को है मगर यहां प्रदुषण की स्थिति जस की तस बनी हुई है। यानी सीसीएल प्रबंधन सिर्फ आंदोलन को खत्म करने के लिए वार्ता कर लोगो को गुमराह करने मे विश्वास करती है समस्या के समाधान को लेकर वे कही से भी गंभीर नही दिखते। कहा कि वार्ता में तय हुआ था दो दिनो के अंदर सड़कों से कोल डस्ट को पुरी तरह साफ करवा दिया जायेगा मगर ऐसे कुछ भी नहीं हुआ और परिणाम स्वरूप आय दिन इन सड़कों पर दुर्घटना देखने को मिल रही है। कहा कि इतने से भी अगर सीसीएल जारंगडीह प्रबंधन नही चेती तो आने वाले दिनो मे इस जान लेवा प्रदुषण के विरुद्ध एक बड़ा जन आंदोलन खड़ा कर अनिश्चितकालीन के लिए जारंगडीह कोलियरी का चक्का जाम कर दिया जायेगा।

विस्थापितों को हक दिलाना मुख्य उद्देश्य: इंद्रदेव महतो

रांष्ट्रीय खबर

बेरमो: बेरमो के बैदकारो कॉलोनी स्थित हिंद मजदूर किसान पंचायत के प्रधान कार्यालय में बेरमो कोयलांचल स्तरीय बैठक का आयोजन गुरूवार को किया गया। जिसका अध्यक्षता विश्वनाथ रजवार व संचालन विजय साव ने किया। बैठक में यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रदेव महतो ने संगठन मजबूती और सदस्यता अभियान बढाने पर बल दिया। संगठन का उद्देश्य मजदूरों के हक और अधिकार दिलाना है। साथ ही साथ श्री महतो ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन मजदूर और विस्थापितों के अनदेखी कर रहा है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहां की पांचों सेंट्रल ट्रेड यूनियन के लोग मजदूरों को छलने का काम कर रहे हैं। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगामी फरवरी माह में यूनियन का सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। इससे पूर्व संगठन से जुड़े लोगो ने इंद्रदेव महतो को नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर फूल माला एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया। बैठक में मोहम्मद इम्तियाज, सोहनलाल मांझी, विजय पासवान, खेमलाल महतो, शमशुल हक, मोहम्मद मनु,अशोक यादव, विनोद सिंह, रंगनाथ चौबे, ठाकुर प्रसाद नायक सहित दर्जनों श्रमिक मौजूद थे।

नई चेतना पहल बदलाव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

रांष्ट्रीय खबर

रामगढ़ : झारखण्ड सरकार के निदेर्शानुसार नई चेतना पहल बदलाव की कार्यक्रम को रामगढ नगर परिषद अंतर्गत मुर्रामकला में किया गया।

कार्यक्रम में एरिया लेवल फेडरेशन एवं स्वयं सहायता समूहों के द्वारा नई चेतना पहल बदलाव के तहत जागरूकता कार्यशाला, पेंटिंग, शपथ ग्रहण, रंगोली एवं गांव में जनजागरण रैली निकाली गई। जिसमे उनके द्वारा आवाज बुलंद एवं जागरूक करने की पहल की गई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज महतो एंव वार्ड पार्षद सीता देवी उपस्थित रहे।

मौके पर उपाध्यक्ष महतो ने बताया कि घरेलु हिंसा और लैंगिक भेदभाव के खिलाफ नगर परिषद के द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है इसकी शुरूआत आज मुर्रम कला से की गई। कार्यक्रम का संचालन नगर परिषद रामगढ के नगर मिशन प्रबंधक विकाश आनन्द ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सामुदायिक संगठनकर्ता कंचना कुमारी, सामुदयिक संसाधनकर्ता लाजवंती देवी एवं स्वयं सहायता समूह महिला समिति के सदस्य उपस्थित थे।

आजसू छात्र संघ के कार्यकताओं ने किया अमन का स्वागत

रजरप्पा : झारखण्ड के चौबीस जिलो से होते हुए पैतिश सौ किलो मीटर की सम्पूर्ण झारखण्ड की यात्रा लगभग छह महीनों में तय करने का संकल्प लिए अपने घर से चंदन गुप्ता निकला है।गुरुवार को यात्रा का सुभारम्भ माँ छिन्मस्तिका मन्दिर रजरप्पा से किया उसके बाद चितरपुर रजरप्पा मोड़ पहुंचा जहां आजसू छात्र संघ के कार्यकर्ता और पदाधिकारी इनके हौसले को अफजाई करने के लिए माल्यार्पण कर स्वागत किया साथ ही कुछ दूर पदयात्रा में शामिल होकर मंगलमयी यात्रा के लिए शुभकामनाएं दिए।

संपादकीय

कोरोना पर कहासुनी पर सावधानी जरूरी

कोरोना संक्रमण के मुद्दे पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया द्वारा राहुल गांधी को लिखे गये पत्र पर राजनीति होने लगी है। कांग्रेस की तरफ से कई लोगों ने यह सवाल उठा दिया है कि क्या केंद्रीय मंत्री ने ऐसा पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अथवा भाजपा की तरफ से रैलियां निकालने वाले दूसरे नेताओं को भी लिखा है। राजनीतिक तौर पर कांग्रेस का यह तर्क सही है लेकिन यह भी सही है कि इतनी अधिक संख्या में एक साथ चलते लोगों के बीच कोरोना के नये वेरियंट के फैलने का खतरा अत्यधिक है। इसलिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस बात पर सावधानी बरते जाने की जरूरत है। वैसे औपचारिक जानकारी के मुताबिक चीन वाले कोरोना वेरिएंट की भारत में भी एंट्री हो गई है। अभी तक तीन लोगों के कोविड 19 के इस नए वेरिएंट बीएफ 7से संक्रमित होने की खबर है। समाचार एजेंसी पीटीआई के अपडेट के मुताबिक एक मामला गुजरात के वडनगर का है। महिला को एनआरआई बताया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक

भारत में बीएफ 7का पहला केस अक्टूबर में गुजरात बायोटेक्नॉली रिसर्च सेंटर में पता चला। बीएफ 7ने चीन में तबाही मचाई हुई है । कोरोना के जो तीन मामले में मिले हैं उनमें दो गुजरात और एक केस ओडिशा से संबंधित है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने सभी राज्यों को पत्र भेजकर संक्रमण के नमूनों की जिनोम सिक्वेंसिंग जांच कराने की बात कही है। ऐसा इसलिए जरूरी है क्योंकि वैज्ञानिक शोध में यह पाया गया है कि अब तुरंत का संक्रमण प्रचलित आरटीपीसीआर विधि से पकड़ा नहीं जा रहा है। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वी के पॉल ने बुधवार को लोगों को टीका लेने तथा भीड़-भाड़ वाली जगह पर मास्क पहनने की सलाह दी है। डॉ. पॉल ने भारत की केवल 27-28 प्रतिशत योग्य आबादी के कोविड-19 की एहतियाती खुराक लेने का जिक्र किया। उन्होंने लोगों से नहीं घबराने की अपील की। पॉल ने कहा कि लोगों को भीड़-भाड़ वाले इलाकों में मास्क पहनना चाहिए। जिन लोगों को पहले से कोई बीमारी है या बुजुर्ग हैं, उन्हें विशेष रूप से इसका पालन करना चाहिए। गुजरात के वडनगर में एक महिला शायद विदेश से आयी हैं। वडोदरा में एक एनआरआई महिला में इसके लक्षण मिले थे। वह अमेरिका से वडोदरा आई थी। उसके कॉन्टैक्ट में आए 2 अन्य लोगों की भी जांच हुई थी। हालांकि उनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई थी। बाद में महिला ठीक हो गई थी। इसके अलावा इक्स 7 के दो अन्य केस अहमदाबाद और ओडिशा में भी मिले थे। इधर, स्वास्थ्य मंत्रालय की उच्च स्तरीय बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मंडाविया ने कहा कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है, पर भारत हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। हमने सभी संबंधित लोगों को अलर्ट रहने और निगरानी बढ़ाने को कहा है। सूत्रों के मुताबिक एयरपोर्ट्स पर इंटरनेशनल फ्लाइट्स से आने वाले यात्रियों की रैंडम सैंपलिंग भी शुरू कर दी गई है। इसके बीच ही राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा हरियाणा से होते हुए अब दिल्ली की तरफ बढ़ रही है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि केंद्रीय मंत्री ने जिस खतरे की तरफ आगाह किया है, वह इस यात्रा में मौजूद है। राहुल गांधी की यात्रा में जितनी संख्या में लोग हर रोज जुट रहे हैं, वह कोरोना संक्रमण को विस्फोट में बदल देने के लिए पर्याप्त आधार देता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि वहले ही यह पता चल चुका है कि कोरोना का नया वेरियंट पहले के मुकाबले बहुत अधिक संक्रामक है और एक संक्रमित अपने आस पास के 18 लोगों को बहुत कम समय में संक्रमित कर देता है। लेकिन जिस तरीके की बयानबाजी पहले से होती आयी है, उस कारण इसमें राजनीति की बू का आना भी स्वाभाविक है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने राहुल गांधी को लिखा है कि देश में एक बार फिर से कोरोना का खतरा बढ़ता जा रहा है, हेल्थ इमरजेंसी के हालात हैं। देश को बचाने के लिए भारत जोड़ो यात्रा रोक दें। सरकार की अपील पर कांग्रेस ने कहा- भारत जोड़ो यात्रा से मोदी सरकार बौखलाई हुई है। क्या गुजरात चुनाव में पीएम मोदी मास्क लगाकर गए थे? मंडाविया ने कहा है कि किसी खास के लिए सबको खतरे में नहीं डाला जा सकता। मैं तो सिर्फ स्वास्थ्य मंत्री होने का कर्तव्य निभा रहा हूं। कोई ये सोचता है कि कोई मंत्री उनसे सवाल कैसे कर सकता है तो हम उनकी मानसिकता का क्या कर सकते हैं? इस पर मुझसे सवाल करना मेरे काम में बाधा डालने जैसा है। इसलिए कोरोना के खतरे के बीच इसमें राजनीति का संदेह उत्पन्न होना लाजिमी है। तो क्या वाकई भाजपा सरकार अब राहुल गांधी के दिल्ली प्रवेश से डर गयी है, यह राजनीतिक सवाल भी कोरोना के साथ साथ उभर रहा है।

कोचिंग डिप्रेशन में युवा अपना रहे आत्महत्या की राह

कोचिंग के दबाव में युवा डिप्रेशन के इस कदर षिकार हो रहे हैं कि आत्म हत्याओं की राह जा रहे हैं। डिप्रेषन में युवा यह भी भूलने लगे हैं कि जीवन अनमोल है। किसी प्रतियोगिता में विफल होने से जीवन से मुहं नहीं मोडा जा सकता। दुर्भाग्य जनक तथ्य यह है कि पेरेंट्स की अतिमहत्वाकांक्षा युवाओं को मानसिक तनाव में ले जा रही है। उद्योग नगरी से षिक्षा नगरी में बदली कोटा में प्रतिमाह हादसों का दौर जारी है। एक मोटे अनुमान के अनुसार हजारों करोड़ से अधिक सालाना कारोबार वाली शिक्षा नगरी कोटा को लगता है नजर लग गई है। देश भर में विख्यात कोटा में उज्ज्वल भविष्य का समना संजोयें आने वाले युवाओं द्वारा खुदकशी करने का अंतहिन सिलसिला जारी है। इसी साल के ही आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो एक दर्जन से अधिक युवाओं ने सपनिले भविष्य के स्थान पर मौत को गले लगाने में किसी तरह का संकोच नहीं किया।

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
पत्रकार

यह कोई इस साल के ही हालात नहीं है अपितु यह पिछले कुछ सालों से लगातार चला आ रहा सिलसिला है। हांलाकि कोरोना काल में सबकुछ बंद होने से अवश्य कुछ सुधार दिखाई दिया था पर हालात जस के तस देखने को मिल रहे हैं। यहां तक कि आए दिन इस तरह की खबरें आम होती जा रही है। आखिर यह स्थिति क्यों होती जा रही है। यह अपने आप में विचारणीय मुद्दा हो जाता है। आखिर इसके लिए दोषी किसे माना जाए? स्वयं बच्चे को, अतिमहत्वाकांक्षी पेरेंट्स को, कोचिंग संस्थानों को, प्रशासन को या फिर हालातों को? हांलाकि किसी को दोषी ठहराने से समस्या का हल नहीं निकलने वाला हैं। यह भी सही है कि इन हालातों के लिए सरकार सहित सभी गंभीर है। तात्कालीक समाधान भी खोजे जाते रहे हैं पर परिणाम नहीं आ रहे। इंजीनियर या डॉक्टर बनने का सपना संजोए बच्चों का बीच राह में मौत को गले लगा लेना हृदय विदारक होने के साथ ही साथ कहीं गहरे तक सोचने को मजबूर कर देता है। आखिर क्या कारण है कि उज्ज्वल भविष्य व गरिमामय प्रोफेसन से जुड़ने की तैयारी की राह पर उतरते युवा इस कदर निराशा के दलदल में फंस जाते हैं कि बिना आगे-पीछे सोचे मौत को गले लगाने में हिचकते भी नहीं हैं। कोटा में कोचिंग कर रहे छात्रों में जिस तेजी से आत्महत्याओं का दौर चला है वह अपने आपमें गंभीर होने के साथ ही बच्चों के परिजनों, कोटावासियों या राजस्थान ही नहीं देश के मनोवैज्ञानिकों, राजनेताओं, प्रशासन, शिक्षाविद् को गहरी सोच में ड़ाल दिया है। कोरोना काल में कोचिंग गतिविधियां बंद होने से आत्महत्याओं का यह अंतहीन सिलसिला कुछ कम अवश्य हुआ पर कोचिग संस्थानों के चालू होते ही आत्महत्याओं का जो सिलसिला शुरू हो गया है वह अपने आप में चिंतनीय और समाधान खोजने को मजबूर कर देता है। यह कोई शिक्षा नगरी कोटा का नाम खराब करने का प्रयास नहीं है अपितु शिक्षा नगरी में आए दिन हो रही घटनाओं का विश्लेषण है। यह अपने आप में गंभीर है और इसके लिए केन्द्र व राज्य सरकार दोनों ही गंभीर भी है।

यही कोई दो माह पहले कोटा में कोचिंग कर रही छात्रा कृति ने सरकार और अपने माता-पिता को मृत्युपूर्व अपने नोट में जो संदेश दिया है वह बहुत कुछ बयां करता है। अपनी मां को लिखा कि ह्यह्यआपने मेरे बचपन और बच्चा होने का फायदा उठाया और मुझे विज्ञान पसंद करने के लिए मजबूर करती रही।..... इस तरह की मजबूर करने वाली हरकत 11 वीं पढ़ रहीं मेरी छोटी बहन के साथ मत करना, वो जो करना चाहती है, जो पढ़ना चाहती है वह उसे करने देनाह्यह्य कुछ इसी तरह से सरकार को लिखा है कि अगर वे चाहते हैं कि ह्यह्यकोई बच्चा नहीं मरे तो जितनी जल्दी हो सके इन कोचिंग संस्थानों को बंद करवा दें, यह कोचिंग खोखला बना देती है ह्यह्य कृति के इन संदेशों में कितनी सचाई और दर्द छिपा है यह अपने आप बयां कर रहा है। आखिर बच्चों का बचपन बड़ों की महत्वाकांक्षा के आगे टिक नहीं पा रहा है और गला काट प्रतिस्पर्धा में बच्चों को मानसिक दबाव और कुंठा की राह धकेल रहा है। यह साफगोई है तो सचाई भी यही हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि औद्योगिक नगरी से कोटा ने शिक्षा नगरी के रुप में समूचे देश में पहचान बनाई है। पर संस्थान कारोबार में बदल जाते हैं तो उनके परिणाम भी भिन्न हो जाते हैं। आईआईटी और इंजीनियरिंग में प्रवेश दिलाने की कोचिंग के लिए कोटा शहर की पहचान पूरे देश में कोचिंग हब के रुप में है। पिछले कुछ दशकों में कुकुरमुत्ते की तरह कोटा में कोचिंग संस्थानों ने कारोबार के रुप में पांव पसारे हैं। अकेले कोटा में ही कोचिंग के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं की तादाद यही कोई दो से ढ़ाई लाख तक है। एक मोटे अनुमान के अनुसार देश में कोचिंग का व्यवसाय कोई 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक का माना जा रहा है। इसमें से अकेले कोटा में कोचिंग का कारोबार एक हजार करोड़ रुपए से अधिक है। साफ है कोचिंग पूरी तरह से व्यवसाय का रुप ले चुकी है, ऐसे में मानवीय संबंध या गुरु-शिष्य के संबंध कोई मायने नहीं रखते। अपनत्व या आपसी संवेदना तो दूर-दूर की बात है। कोचिंग संस्थान पांच से छह घंटों तक कोचिंग कराते है शेष समय हॉस्टल में अध्ययन में बीतता है। पहले से ही मानसिक दबाव में रह रहे बच्चें कोचिंग संस्थानों की नियमित परीक्षाओं के माध्यम से रेंकिंग के दबाव में रहते संवेदनशील बच्चे इस दबाव को सहन ही नहीं कर पाते। कोचिंग संस्थानों के लिए तो यह निरा व्यवसाय बन जाने के कारण उन्हें बच्चों के मनोविज्ञान को समझने की ना तो जरुरत महसूस है और ना ही परवाह। दूसरी तरफ परिजन उंचे उंचे ख्वाब देखते हुए बच्चों का इन कोचिंग संस्थानों में प्रवेश कराकर अपने दायित्व की इतिश्री कर लेते हैं।

कोटा में चल रहे आत्महत्याओं के दौर से केन्द्र व राज्य सरकार दोनों ही चिंतित है। सरकार और मनोविज्ञानियों ने अपने स्तर पर प्रयास भी शुरू किए पर वह अभी कारगर नहीं हो पा रहे हैं। तो जिला प्रशासन भी सक्रिय हुआ। बच्चों के मानसिक दबाव को कम करने के लिए कोचिंग विद फन का कंसेप्ट लाया गया। जिला प्रशासन ने कोचिंग संस्थानों के लिए गाइड लाइन जारी करने के साथ ही होप हेल्प लाईन को शुरू किया गया। जिला प्रशासन की दखल के बाद फन डे, योग, मेडिटेशन के माध्यम से पढ़ाई के तनाव को कम करने के प्रयास शुरू किये गए। परिजनों ने भी अपने बच्चों से निरंतर संपर्क बनाना शुरू किया। काउसलिंग व स्क्रीनिंग जैसी व्यवस्थाएं भी नियमित करने का प्रयास आरंभ हुआ। कोटा में कोचिंग छात्रों की आत्महत्या के कारण कोई भी रहे हो पर यह बेहद चिंतनीय है। हमें कोटा की पहचान को बनाए रखना है तो यहां कोचिंग लेने आने वाले बच्चों के आत्मबल को भी मजबूत करना होगा।

(राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस विशेष - 24 दिसंबर 2022)

समझदारी और सतर्कता बचाएगी ग्राहक धोखाधड़ी



डॉ. प्रितम भी. गेडाम
स्तंभकार

किसी भी प्रकार के उत्पाद या वस्तु सर्च इंजन से ढूंढ़ने पर हमारे सामने स्क्रीन पर जेन्युइन ई-कॉमर्स कंपनी के साथ ही ढेर सारी फेक ई-कॉमर्स वेबसाइट की लिस्ट खुलती है, जो अत्यंत अल्प दरों में वस्तुओं की कीमत दशार्ती है। ऐसी वेबसाइट कंपनी का तो नाम भी कभी सुना नहीं होता है, इनसे संपर्क हेतु एक बंद मोबाइल नंबर और एक फेक ईमेल आयडी दशार्यी होती है, अधिकतम उनके दिए गए पते पर कोई भी रजिस्टर्ड कंपनी या ऑफिस नहीं होता है। दुनिया भर में धड़ल्ले से ऐसे फ्रॉड वेबसाइट के जाल फैलाकर ग्राहकों को खूब लुटा जाता है। सोशल मीडिया, नेटवर्किंग साइट पर बहुत बार ऐसी फेक लिंक दिखाई जाती है, हमेशा जेन्युइन ई-कॉमर्स कंपनी से ही खरीदारी करनी चाहिए। लोग हमेशा बिना कुछ सोचे-समझे लुभावने ऑफर के चक्कर में अपना विवेक खो देते है और फेक बातों को सच मानकर पैसा गंवाते है साथ ही अपने परिचित लोगों में भी फेक लिंक या फेक ऑफर शेयर करते हैं। आये दिन हमें ऐसे झूठे कॉल, मैसेज, ईमेल आते रहते है, किसी पर भी तुरंत भरोसा करना महंगा पड़ सकता है। सतर्क और जानकर न होने का हजार्ना हमें भुगतना पड़ता है। हम कोई भी वस्तु खरीदते है तो हमें उस वस्तु सम्बन्धी सम्पूर्ण जानकारी होनी ही चाहिए, उदाहरण के लिए उस वस्तु की अधिकतम कीमत, उसका वजन, सम्मिलित पदार्थ गुणधर्म व मात्रा, पैकिंग दिनांक, अंतिम दिनांक, संपर्क विवरण, मान्यताप्राप्त संस्थान का नाम व अन्य जानकारी भी ध्यान से पढें। वस्तु पर दशार्यी गई अधिकतम कीमत से ज्यादा ग्राहक द्वारा भुगतान कानून का उल्लंघन है। दुकानदार से वस्तु का पक्का बिल मांगे, सम्पूर्ण संतुष्टि होने पर ही वस्तु खरीदें। देश में पिछले तीन वर्षों के अंतर्गत 16 लाख से अधिक साइबर अपराध की घटनाएं हुई हैं, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय द्वारा लोकसभा को सूचित किया गया। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार साइबर धोखाधड़ी की रिपोर्ट में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, 2022 की पहली और दूसरी तिमाही के बीच साइबर धोखाधड़ी की शिकायतों में 15.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी, बाद में इसमें 34 फीसदी की बढ़ोतरी हुयी। आरबीआई के मुताबिक, सितंबर 2022 को खत्म हुए वित्त वर्ष में यूपीआई पेमेंट में 1200 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। एक्सपेरियन के ग्लोबल आइडेंटिटी एंड फ्रॉड रिपोर्ट 2022 सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग एक तिहाई भारतीय उपभोक्ता ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं। सर्वेक्षण में शामिल अधिकतम भारतीय पिछले एक साल में ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रति सबसे अधिक असुरक्षित महसूस करते हैं ऐसा पता चला है, मुख्य रूप से सोशल मीडिया साइटों (38%), भुगतान प्रणाली प्रदाताओं (30%), और ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म (30%) पर धोखाधड़ी का अनुभव किया। ओपसेक सिक्योरिटी के शोध अनुसार, साल 2020 में 86% उपभोक्ता पहचान की चोरी, क्रेडिट/डेबिट कार्ड धोखाधड़ी या डेटा उल्लंघन का शिकार हुए हैं, जो साल 2019 के मुकाबले 80% से अधिक बढ़ गया है। फेडरल ट्रेड कमीशन ने बताया कि अमेरिकी उपभोक्ताओं ने पिछले साल 2021 में धोखाधड़ी से 5.8 बिलियन डॉलर खो दिया, जो कि 2020 के मुकाबले 70% से अधिक की वृद्धि है। मायक्रोसॉफ्ट 2021 ग्लोबल टेक सपोर्ट स्कैम रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, भारत में उपभोक्ताओं ने 2021 में 69% की ऑनलाइन धोखाधड़ी की उच्च दर का अनुभव किया।

सोशल मीडिया, नेटवर्किंग साइट पर बहुत बार ऐसी फेक लिंक दिखाई जाती है, हमेशा जेन्युइन ई-कॉमर्स कंपनी से ही खरीदारी करनी चाहिए। लोग हमेशा बिना कुछ सोचे-समझे लुभावने ऑफर के चक्कर में अपना विवेक खो देते है ।

किन पुष्पों से करें सूर्य देव की आराधना

सूर्य की आराधना से सभी मनोवांछित कामनाएं पूरी होती हैं, सूर्य देव की आराधना से स्वास्थ्य, यश और मान-सम्मान में वृद्धि होती है। अगर सूर्य देव की पूजा में उनके प्रिय पुष्प अर्पित किये जाएं तो सूर्य देव आप पर प्रसन्न होंगे और आपको आरोग्य, ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी।

सूर्य आराधना में करें इन पुष्पों का प्रयोग

पुराणों के अनुसार सूर्य की आराधना यदि आक के पुष्पों से की जाये तो आपको इसका हजार गुना फल प्राप्त होता है। सूर्य देव को कनेर, बेला, पाटला, मालती, काश के पुष्प, कुब्जक, कटसरैया, जपा, यावन्ति, कर्णिकार, चंपा, रोलक, माधवी, बर्बरमल्लिका, अशोक, कुंद, कमल, मौलश्री, आरूषा, तिलक, लोध, पलाश के फूल, अगस्त्य और दूर्वा अर्पित किये जा सकते हैं। इन पुष्पों के अलावा रामा तुलसी

के पत्ते,श्याम तुलसी, बेल पत्र, शमी के पत्ते, भंगरैया के पत्ते, तमाल पत्र और कमल के पत्ते सूर्य पूजा में प्रयोग किये जा सकते है।

पुष्प जो सूर्य आराधना में वर्जित हैं

सूर्य देव की पूजा अपराजिता, तगर, गूंजा, अमड़ा, धतूरा, कांची और भटकटैया के फूलों से नहीं करनी चाहिए।

कौन सा पुष्प है श्रेष्ठ

सूर्य की आराधना में गुड़हल के पुष्प का प्रयोग श्रेष्ठ है उससे श्रेष्ठ लाल कनेर का पुष्प, कई सहस्त्र लाल कनेर के पुष्पों से श्रेष्ठ एक बिल्वपत्र है, सहस्त्र बिल्वपत्रों से बढ़कर एक पद्म पुष्प, कई सहस्त्र पद्म पुष्पों से बढ़कर एक मौलश्री का पुष्प है, कई सहस्त्र मौलश्री के पुष्पों से बढ़कर एक शमी का पुष्प है, कई सहस्त्र शमी के पुष्पों से बढ़कर एक रक्त कमल और सहस्त्र रक्त कमलों से बढ़कर केसर का पुष्प होता है। इन पुष्पों के पत्ते और फल भी सूर्य देव को प्रिय है अतः उनका प्रयोग भी सूर्य आराधना में श्रेष्ठ माना गया है। इन सभी पुष्पों का प्रयोग दिन में किया जाता है यदि आप रात्रि में सूर्य की पूजा कर रहे हैं तो मुकुर और कदम्ब के फूलों को अर्पित कर सकते हैं। लेकिन बेला के फूल दिन और रात दोनों समय अर्पित किये जा सकते हैं।

जानकारी

ऋषिकेश



इस बार साल के पहले दिन की शुरूआत वीकेंड से हो रही है। ऐसे में आप कहीं भी दो से तीन दिन के लिए न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए जा सकते हैं। अगर आप कन्फ्यूज है डेस्टिनेशन और बजट को लेकर तो आप किसी भी कम बजट वाले हिल स्टेशन पर इंजॉय कर सकते हैं। उत्तराखंड के कुछ हिल स्टेशन आपके न्यू ईयर सेलिब्रेशन का मजा दुगना कर देंगे क्योकि आप यहां कम खर्च में भी पूरा इंजॉय कर सकते हैं। आइये जानते हैं इन स्थानों के बारे में-

ऋषिकेश

ऋषिकेश का नाम सुनते ही आपके जेहन में रिवर राफ्टिंग, कैम्पिंग जैसी एक्टिविटीज आने लगती है। ऋषिकेश में साल भर देशी विदेशी पर्यटकों की भरमार रहती है। यहां बहुत सी धर्मशालाएं है जहां आप मुफ्त में भी ठहर सकते हैं। तीन दिन की ऋषिकेश ट्रिप का खर्च लगभग पांच हजार रुपए आ सकता है। दिल्ली से ऋषिकेश की दूरी 263 किलोमीटर है और किराया भी आपके बजट में है।

AMOLED डिस्प्ले वाली Boult Rover भारत में लॉन्च

नई दिल्ली: भारतीय इलेक्ट्रॉनिक कंपनी बोल्ट (Boult) ने अपनी नई स्मार्टवॉच Boult Rover को लॉन्च कर दिया है। इस वॉच को 1.3 इंच की एमोलेड डिस्प्ले और 600 निट्स की पीक ब्राइटनेस के साथ पेश किया गया है। बोल्ट रोवर के साथ ब्लूटूथ कॉलिंग का सपोर्ट मिलता है। बोल्ट रोवर के साथ 150 से ज्यादा क्लाउड आधारित वॉचफेसेस का सपोर्ट दिया गया है। वॉच के साथ 10 दिन का बैटरी बैकअप मिलता है। चलिए जानते हैं इस वॉच के अन्य स्पेसिफिकेशन और कीमत के बारे में...

Boult Rover की कीमत

वॉच को क्लासिक स्विच और फ्लिप वर्जन में पेश किया गया है। वॉच के क्लासिक स्विच मॉडल के साथ ब्राउन लेदर का प्राइमरी स्ट्रैप और ओरेंज लेदर में सेकेंडरी स्ट्रैप मिलता है। वहीं वॉच के फ्लिप वर्जन के लिए स्टैंडर्ड ब्लैक स्ट्रैप मिलते हैं। साथ में ग्रीन और ब्लू कलर के स्ट्रैप का ऑप्शन भी मिलता है। बोल्ट रोवर की कीमत 2,999 रुपये रखी गई है। वॉच को फ्लिपकार्ट से खरीदा जा सकेगा। बोल्ट रोवर के साथ 1.3 इंच की एचडी एमोलेड डिस्प्ले का सपोर्ट मिलता है। डिस्प्ले के साथ 600 निट्स की पीक ब्राइटनेस और 150 से ज्यादा क्लाउड आधारित वॉचफेसेस का सपोर्ट मिलता है। वॉच में नेविगेशन के लिए एक फिजिकल बटन का सपोर्ट है। वॉच के साथ जिंक एलॉय की बिल्ड क्वालिटी मिलती है। बोल्ट रोवर के साथ ब्लूटूथ कॉलिंग का सपोर्ट भी दिया गया है। कॉलिंग के लिए इसके साथ इनबिल्ट स्पीकर और माइक मिलता है। वॉच में हेल्थ ट्रैकिंग के लिए हार्ट रेट सेंसर, स्त्रड2 सेंसर, स्लीप मॉनिटर और पीरियड ट्रैकर का सपोर्ट है। वहीं रनिंग, स्विमिंग, वॉकिंग और योगा जैसे मल्टिपल स्पोर्ट्स मोड का सपोर्ट है। स्मार्टवॉच के साथ 10 दिन के बैटरी बैकअप का दावा है। वॉटर और डस्ट रेसिस्टेंट के लिए वॉच के साथ क्व68 की रेटिंग मिलती है।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट

" आदित्य ठाकरे का नार्को टेस्ट कराया जाए। भारत में कई राजनेता हैं, लेकिन सुशांत सिह राजपूत की मौत के मामले में केवल श्री आदित्य ठाकरे का ही नाम क्यों सामने आया है।"

नितेश राणे
भाजपा विधायक



"मुझे खुशी है कि जो प्यार मुझे 'संदीप और पिकी फरार' के दौरान मिला, वही प्यार मुझे 'कुत्ते' के ट्रेलर रिलीज के बाद भी मिल रहा है। अब उम्मीद है कि मैंने फिल्म में जो किया है उसे लोग पसंद करेंगे।"

अर्जुन कपूर
बॉलिवुड अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

सच्चाई जाने बगैर कैसे आरोप...?

विश्व स्वास्थ्य संगठन की कार्यप्रणाली आज फिर चर्चा का विषय है। भारत विरोधी बातों को जिस तरह संघ में तवज्जो दी जाती है उसका झूठ एक बार फिर हाल ही में बेनकाब हुआ है।अगर हम कोरोना काल की बात करें तो जिस तरह भारत ने मानवता दिखाकर अमेरिका जैसे बड़े देश को दवा की आपूर्ति की थी उसमें कोई दुर्भावना नहीं छुपी हुई थी। इसके अलावा भी सरकार ने कई छोटे-मोटे देशों को टीको की मदद की है। ऐसे में भारत की भावनाओं को समझे बगैर जिस प्रकार सिरप के लिए भारतीय कंपनी को बिना वजह जिम्मेदार ठहराया गया है वह संयुक्त राष्ट्र संघ की संस्था डब्ल्यूएचओ की नासमझी ही कही जाएगी। अब निष्कर्ष के बाद जिस तरह गाम्बिया ने भारत की दवा कंपनी को क्लीन चिट दी है उसे विवाद पर ठंडा पानी डालने की साजिश ही माना जाएगा। भला यह भी कौन सी बात हुई कि पहले झूठे आरोप लगा दिए और जब खुद की किरकिरी होने लगी तो सफाई पर उतर आए। इस तरह की हरकतों से भारत की छवि को तो नुकसान नहीं पहुंचेगा पर आरोप लगाने वाले देश और संयुक्त राष्ट्र की छवि को जरूर आ जाएगी पूर्णविराम भविष्य में इस तरह के मामलों में पहले वास्तविकता पर रखी जाए फिर आरोप लगे तो उचित रहेगा।

अमृतलाल मारू 'रवि'
महालक्ष्मी नगर इंदौर

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

शहर ›› अपडेट

अभाविप के झंडों से पटा शहर

हजारीबाग : अखिल भारतीय विधार्थी परिषद का 23वां प्रांतिय अधिवेशन स्थानीय जिला स्कूल के मैदान में 24 से 27 दिसंबर तक होना तय है। जगह जगह चौक चौराहे पर अभाविप के झंडों से कार्यकताओं द्वारा शहर को सजाया गया है। दीवार लेखन, होडिंग, बैनर, चित्र कला आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार भव्य तरीके से किया जा रहा है। स्कूल परिसर कार्यक्रम स्थल में भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है ।पूरे कार्यक्रम स्थल को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है ।अभाविप के कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में दिन रात जुटे हुए है। इससे पूर्व में 2015 और 2015 से भी पूर्व में हजारिबाग की धरती पर विधार्थी परिषद का प्रांतिय अधिवेशन हो चुका है।

सिटी अपडेट्स ››

वैदिक गणित प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन

हजारीबाग: शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, महाराष्ट्र के तत्वावधान में श्रीनिवास रामानुजन जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस 2022- 23 के तहत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली हजारीबाग में वैदिक गणित प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। गौरतलब है कि उक्त प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली ,मालवीय मार्ग एवं बाबू गांव कोरा हजारीबाग में पढ़ने वाले भैया- बहनों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,कुम्हार टोली के भैया -बहनों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने विजेता प्रतिभागियों को एवं सहभागिता करने वाले प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

संक्षिप्त ›› अपडेट्स

सेंसेटिव जॉन समिति ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

इचाक : इचाक इको सेंसेटिव जॉन समस्या समाधान के लिए जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता एवं इको जॉन संघर्ष समिति के अध्यक्ष भागवत मेहता ,पदमा जीप सदस्य बसंत नारायण मेहता राजेश मेहता , डुमरौन मुखिया चोहान मेहता, समाजसेवी दिनेश मेहता ,प्रसादी मेहता, उप प्रमुख चंद्रदेव मेहता, बोंगा मुखिया उमेश मेहता , मुखिया अनिल मेहता पदमा जदयू नेता अर्जुन मेहता के एक साथ प्रतिनिधित्व मंडल ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी एवं बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, सदर विधायक मनीष जयसवाल, बरही विधायक उमाशंकर अकेला को ज्ञापन सौंपा। ईको सनसेटीव जॉन के बने नियम कानून से इचाक, पदमा ,कटकमसांडी के 218 गांव प्रभावित हुए हैं जिससे यहां के लोग बेरोजगार हो गए हैं। इसे निजात दिलाने की मांग किया।

अवैध बालू लदा पांच ट्रैक्टर जप्त

बरही : बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत धनबाद रोड़ स्थित क्वालीटि इन होटल के समीप से चार एवं चौक से एक अवैध रूप से बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया. इस बाबत बरही अंचलाधिकारी अरविंद देवाशिश टोप्पो ने बताया कि अंचल निरीक्षक व बरही पुलिस के साथ वाहन जांच के क्रम में अवैध बालू लदे गाड़ियों को पकड़ा गया है. बालू संबंधित कागजात मांगने पर कोई कागजात वाहन चालको द्वारा नहीं दिया गया। साथ ही मौके पर से पांच लोगों को विधिवत गिरफ्तार कर बरही थाना में कांड संख्या 520/22 दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. गिरफ्तार लोगों में राजकुमार यादव पिता छत्रु यादव ,उम्र 23 वर्ष, विकास कुमार पिता महेंद्र यादव, उम्र 20 वर्ष, परवीण यादव पिता प्रभु यादव, स्व छतु साव उम्र 42 वर्ष गौरीयाकरमा बरही निवासी हैं।

मांग विधायक ने कन्हैया स्थान तक गुणवत्तापूर्ण फोरलेन सड़क निर्माण कराने की उठाई मांग

सरकार ने कहा कि शीघ्र प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर कार्य होगा शुरू

- विधायक ने उठाया साहिबगंज में गंगा कटाव का मामला
- गंगा कटाव के मामले को सदन में उठाया

राष्ट्रीय खबर

सहिबगंज: राजमहल विधायक अनंत ओझा ने विधानसभा शीतकालीन सत्र के चौथे दिन अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से साहेबगंज नगर परिषद क्षेत्र के चानन, पुरानी साहेबगंज, सहिबगंज ग्रामीण के क्षेत्र सहित राजमहल और उधवा में तेजी से हो रहे गंगा कटाव के मामले को सदन में उठाया। उन्होंने ने कहा कि राजमहल विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत साहेबगंज ग्रामीण प्रखण्ड के पंचायत रामपुर स्थित सकरीगली अन्तर्गत गोपालपुर दियारा, पंचायत-मखमलपुर उत्तर अन्तर्गत कारगिल तथा पंचायत-हरप्रसाद अन्तर्गत ग्राम-टोपरा दियारा और रामपुर गंगा नदी तटीय व मध्य क्षेत्र में अवस्थित है, जहाँ गंगा कटाव जारी है साहेबगंज नगर परिषद क्षेत्र अन्तर्गत चानन में गंगा कटाव जारी है, जो शहरी घनी आबादी क्षेत्र में पड़ता है। उधवा प्रखण्ड के पंचायत धर दियारा अन्तर्गत धर दियारा के कॉलोनी नं०-10 के आसपास के क्षेत्र में गंगा कटाव जारी है। उन्होंने ने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे गंगा कटाव की रोकथाम व स्थानीय आमजन की सुरक्षा हेतु गंगा कटाव निरोधक कार्य अविलम्ब कराने की मांग सरकार से किया। सरकार ने विधायक के सवालों को स्वीकार करते हुए कहा कि साहेबगंज नगर परिषद क्षेत्र के चानन में गंगा कटावरोधी कार्य प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए शीघ्र शुरू कर दी जाएगी। वही अन्य गंगा कटाव क्षेत्र का क्षेत्रीय कटाव निरोधक समिति द्वारा स्थल निरीक्षण के पश्चात जल्द कार्रवाई की जाएगी।

खेल मंत्रालय भारत सरकार के अधीन संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना

राष्ट्रीय खबर

हजारीबाग : हजारीबाग युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अधीन संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2022 में झारखंड राज्य के 6 सदस्य दल में विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग की स्वयंसेविका संजना कुमारी का चयन अंतिम रूप से राजधानी दिल्ली के कर्तव्यपथ में 26 जनवरी पर होने वाले भव्य गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ है। संजना, संत कोलंबा महाविद्यालय हजारीबाग की छात्रा है एवं सुदेश राम व ललिता देवी की सुपुत्री है। संजना ने बताया कि महाविद्यालय स्तरीय चयन शिविर, विश्वविद्यालय स्तरीय चयन शिविर, राज्य स्तरीय चयन शिविर, पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर जैसे पड़ाव को पार करने के बाद पूरे झारखंड से सिर्फ 6 स्वयंसेवकों का चयन हुआ है। दौड़, परेड, सांस्कृतिक गतिविधि, अनुशासन, साक्षात्कार, नियमित गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता , विशेष शिविर में सक्रिय सहभागिता एवं अन्य गतिविधियों आधार पर उक्त छात्रों का चयन किया गया है, संजना बताती हैं कि वो काफी उत्साहित हैं और इस सफर में साथ देने वाले सभी को आभार भी प्रकट करती जिसमें विश्वविद्यालय प्रशासन , शिक्षक गण , परिवार के सभी सदस्य एवं साथी स्वयंसेवकों ने हमारा काफी सहयोग किया है। गणतंत्र दिवस के भव्य परेड में सेना के सभी टुकड़ियों के साथ नागरिकों को भी गौरवशाली परेड का हिस्सा बनने का अवसर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रदान करता है। वश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों के उम्दा प्रदर्शन से ही विश्वविद्यालय को गौरवशाली एवं ऐतिहासिक क्षण मिल पाया है। गणतंत्र दिवस परेड शिविर में प्रतिवर्ष विश्वविद्यालय के सक्रिय सहभागिता ने कई छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने के लिए आकर्षित किया है।

बेसिक अकेडमी में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

इचाक : इचाक मानव विकास द्वारा संचालित विद्यालय कैंपियन बेसिक अकैडमी में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विद्यालय के सचिव बीरबल प्रसाद, भाजपा के अशोक कपरदार, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम तथा हदारी मुखिया अशोक राम के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा स्पून रेस , रिले रेस सहित कई रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।मौके पर उपस्थित विद्यालय के सचिव बीरबल प्रसाद ने बच्चों को सम्बोधित करते हुवे कहा की अपने क्षेत्र के बच्चों का संपूर्ण विकास के लिए यह विद्यालय लगातार प्रयास कर रहा है।वरिष्ठ भाजपा नेता सह परासी पंचायत के मुखिया अशोक कपरदार बीस सुत्रीअध्यक्ष मनोहर राम हदारी पंचायत के मुखिया अशोक राम, डॉक्टर बीपीओ बंदना श्रीवास्तव, प्राचार्य सुरभी वर्मा एवं प्रबंधक गणेश शंकर मदन समेत कई वक्ताओं ने मार्गदर्शन दिया।मंच संचालन कुनाल कुमार वहीं निर्णायक की भूमिका में सुजीत शर्मा तथा सूर्यांक गोस्वामी का योगदान रहा कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक आरीफ हुसैन, कुणाल कुमार, सुजीत, शर्मा ,रजा आलम, धनेश्वर कुमार अनिता दास, मधु देव, सोनी कुमारी ,शालू गुप्ता ,रिमझिम सिन्हा ,रंजीत शर्मा ,गौरव कुमार, संदीप सिंह समेत गुड्डू कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

बिजली आपूर्ति की दयनीय स्थिति और बालू घाटों की नीलामी कराने की मांग

राष्ट्रीय खबर

हजारीबाग : झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने जनहित और राज्य हित में कई मामले को सदन पटल पर उठाया। विधायक मनीष जायसवाल ने बिजली की दयनीय स्थिति को अल्प सूचित प्रश्नकाल के दौरान उठाते हुए हजारीबाग, रामगढ़, गिरिडीह जिले सहित राज्य के अन्य डीवीसी कमांड एरिया में इन दिनों बिजली की आपूर्ति मात्र 7-8 घंटे प्रतिदिन होने की बात कही। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति में भारी कटौती का मुख्य कारण डीपीसी का सरकार पर लगभग हजार करोड रुपए राशि का बकाया होना है जिसका खामियाजा जनता को झेलनी पड़ रही है। राज्य में झारखंड बिजली वितरण निगम एवं डीवीसी का बिजली बिल का बकाया राशि घरेलू बिजली उपभोक्ता की तुलना में सरकारी कार्यालयों में आवासों पर अत्यधिक है, जिसे सरकार द्वारा भी जमा नहीं किया जा रहा है जबकि सरकार द्वारा घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के बकाया बिल की वसूली हेतु उक्त उपभोक्ताओं पर दबाव तो बनाती है परंतु अपने बकाया बिल के प्रति गंभीर नहीं है। अवैध उत्खनन में संलिप्त पाए जाने के मामले में विभाग द्वारा संबंधित पदाधिकारियों पर कार्रवाई की जा रही है ।

चावल तस्करी के आरोप में कांग्रेस नेता रितेश कुमार यादव पर एफआईआर

राष्ट्रीय खबर

झरिया: गुप्त सूचना के आधार पर घनुडीह ओपी प्रभारी चंद्रशेखर सिंह ने गुरुवार को झरिया स्टेशन रोड के समीप से टेंपो में भरा लगभग ढाई क्विंटल पीडीएस का चावल सहित चालक को पकड़कर थाना ले आये। कुछ देर बाद सूचना मिलने पर मार्केटिंग अधिकारी राजीव रंजन मौके पर पहुंचे व चावल के साथ पकड़े गए लोगों के बयान पर झरिया नगर कांग्रेस नेता रत्नेश कुमार यादव सहित छह के खिलाफ धनुडीह ओपी में मामला दर्ज कराया साथ ही पकड़े गए दोनों आरोपी को जेल भेजा गया। मार्केटिंग अधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि ओपी प्रभारी चंद्र शेखर सिंह की ओर से उन्हें बताया गया कि रात को स्टेशन रोड के पास से चावल तस्कर टैंपू में लगभग 6 बोरा चावल लोड कर जाने वाला था उसी समय सूचना के आधार पर गश्ती दल के साथ छापेमारी की गई जहाँ टेंपो चालक मोहन कुमार और साथी चावल तस्कर ललन कुमार दोनों को रंगे हाथ पकड़ा गया। इसके बाद थाना लाया गया सुबह में इसकी जांच की गई बाद में पकड़े गए आरोपी ने बताया कि इस मामले में कांग्रेसी नेता रत्नेश कुमार यादव, बंटी झा, विजेंद्र प्रसाद, छोटू मंडल भी सम्मिलित है, इन्हीं की देखरेख में चावल तस्करी का काम होता है। चावल आसपास के लोगों से खरीद कर टैंपू में लादकर बलियापुर के रास्ते गोविंदपुर व बंगाल तक भेजा जाता है। लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में चावल तस्कर सक्रिय है। ओपी क्षेत्र के कुम्हार पट्टी के पास पुराना तस्कर मुन्ना भी यह काम करता है। इधर कांग्रेसी नेता रत्नेश कुमार थाना पहुंचे उन्होंने इस मामले में कहा कि मुझे फंसाया जा रहा है रात्रि में मैंने ही व्हाट्सएप के जरिए प्रभारी को सूचना दी थी। मेरे कहने पर चालक और चावल पकड़ाया है और हमें गलत ढंग से फंसाया जा रहा है इसकी जांच हो। ओपी प्रभारी ने कहा कि इसकी जांच कर करवाई करेंगे।

अव्यवस्था ट्रांसपोर्ट कंपनियों में कार्यरत ठेका मजदूरों ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और कोयला मंत्रालय को लिखा पत्र

ट्रांसपोर्ट कंपनियां कर रही है मजदूरों को कम भुगतान

- सीसीएल के द्वारा मजदूरों को शोषण किया जा रहा है
- मजदूर भूख के कगार पर पहुंच गए हैं

राष्ट्रीय खबर

हजारीबाग : हजारीबाग सीसीएल हजारीबाग एरिया के अधीन कार्य करनेवाली ट्रांसपोर्ट कंपनियों में कार्यरत लगभग 500 से अधिक ठेका मजदूर परेशान हैं। कार्यरत मजदूरों के परिजन भूखे मरने की स्थिति में हैं । ट्रांसपोर्ट कंपनियां अपने मजदूरों को सही से वेतन नहीं दे रही हैं आठ घंटे काम की जगह 12 घंटे काम कराती हैं। सीसीएल द्वारा निर्धारित वेतन के अनुसार भी मजदूरों को राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। आठ घंटा काम करनेवाले मजदूरों के लिए सीसीएल से ट्रांसपोर्ट कंपनियों को एक मजदूर का मजदूरी 1159 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से निर्धारित है। इसमें पेलोडर ऑपरेटर, हाइवा चालक, हेल्पर, मुंशी जैसे मजदूर शामिल है। यह सिलसिला वर्ष 2016 से चला आ रहा है। लगातार सात वर्षों से ठेका मजदूरों के साथ ट्रांसपोर्ट कंपनियां सौतैला व्यवहार कर रही हैं। किन-किन ट्रांसपोर्ट कंपनियों में कितने मजदूर हैं कार्यरत-राजीव ट्रांसपोर्ट कोल कंपनी के चैनपुर साइडिंग में लगभग 20 मजदूर, एटीसी कंपनी में 50, डीएस में लगभग 50, आरकेएस में लगभग 300 और पीएलआर में लगभग 50 मजदूर शामिल है। ये सभी मजदूर इन ट्रांसपोर्ट कंपनियों से मिलनेवाले मानदेय से परेशान हैं। सीसीएल के अधिकारियों की मिलीभगत कर ट्रांसपोर्ट कंपनियां कर रही है मजदूरों को कम भुगतान। बिचौलियों के माध्यम के द्वारा सीसीएल मजदूर को शोषण करते आ रहा है, इतने दिन से मजदूर के हक में राजनेताओं के द्वारा लड़ाई लड़ा जा रहा है सीसीएल का इस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है।सीसीएल के द्वारा मजदूरों को शोषण किया जा रहा है मजदूरों ने भूख के कगार पर पहुंच गए हैं । बिचौलियों के माध्यम के द्वारा सीसीएल मजदूर को शोषण करते आ रहा है, इतने दिन से मजदूर के हक में राजनेताओं के द्वारा लड़ाई लड़ा जा रहा है सीसीएल का इस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। कैसे हो रही है। गड़बड़ी-ट्रांसपोर्ट कंपनियां ठेका मजदूरों के मजदूरी भुगतान का जो मास्टर रोल बनाती है, उस पर एक मजदूर का 1159 रुपए प्रत्येक दिन की मजदूरी को दशार्या जाता है इस मास्टर रोल की गड़बड़ी में सीसीएल के कुछ पदाधिकारी भी शामिल हैं। सभी के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। इसलिए सरकार कंपनी द्वारा की जा रही गड़बड़ियों की जांच कराये। हमारी दयनीय होती जा रही हालत में सुधार के लिए कोई ठोस कदम उठाए।

न्यूज फटाफट

माइनिंग टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

हजारीबाग :--हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। 22 दिसम्बर को सभागार में हुई इस बैठक में माइनिंग टास्क फोर्स की पिछली बैठक में दिये गये निदेश के अनुपालन की समीक्षा की गई। मौके पर बड़कागांव एवं केरेडारी वन क्षेत्र में कोयले के अवैध खनन / भण्डारण कर वन भूमि व सड़क मार्ग से परिवहन पर की कारवाई की समीक्षा हुई। उपायुक्त ने रामगढ़ जिलान्तर्गत अवस्थित बसंतपुर वाशरी से निकाले गये अवैध कोयले का चुरचू प्रखण्ड के आँगो, बेडम, जुलमी आदि वनक्षेत्रों में भण्डारण कर छोटे वाहनों यथा पिकअप, 407 आदि के माध्यम से टाटीझरीया एवं दारू थाना के रास्ते परिवहन पर टीम बनाकर कारवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि अवैध खनन माफियाओं पर प्रशासन सख्ती से निबटेगा। उन्होंने कहा कि हर अवैध गतिविधि पर प्रखंड प्रशासन आपसी समन्वय के साथ कार्यो को अंजाम दे। जिले के विभिन्न नदियों से अवैध बालू उत्खनन कर ट्रैक्टरों एवं हाईवा के माध्यम से बड़कागाँव तथा कटकमदाग थाना क्षेत्र से हो रहे परिवहन पर अंकुश लगाने के सख़्त निर्देश दिया ।

मेहदी प्रतियोगिताओ का परिणाम घोषित

जमशेदपुर : योगेश्वरी आनंदमयी सेवा प्रतिष्ठान माताजी आश्रम हाता में जगत जननी मा सारदा देवी की 170 वी जयंती बिबिध कार्य्यक्रमो के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस अबसर पर महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए आल्पना,मेहदी और शंखध्वनि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बिभिन्न गांव के विवाहित और अविवाहित महिलाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं का परिणाम घोषित कर दिया गया है । आल्पना प्रतियोगिता अविवाहित महिलाओं में प्रथम प्रियंका दास, द्वितीय लावली नायक, तृतीय,अनिता पाल। विवाहित महिलाओं में प्रथम सिया मिश्रा, द्वितीय मनीषा मंडल ,तृतीय कविता भट्टाचार्य, मेहदी प्रतियोगिता में प्रथम,अनिता पाल, द्वितीय प्रियंका दास,तृतीय, तानिया गुप्ता, दीपिका गोप, मेहदी प्रतियोगिता,विवाहित महिलाओं में प्रथम,मनीषा मंडल,द्वितीय रुवी मंडल।उक्त सभी सफल प्रतिभागियो को आगामी 12 जनवरी 2023 बृहस्पतिवार को विवेकानंद जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह में माताजी आश्रम हाता में पुरस्कृत किया जायेगा यह जानकारी माताजी आश्रम की ओर से सुनील कुमार दे ने दी।उक्त प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडली में रघुनंदन बनर्जी,विश्वामित्र खंडायत, कृष्ण पद मंडल,राजकुमार साहू,महेश बियानी,उज्वल मंडल और तपन मंडल थे।

आईसेक्ट विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की टीम पहुंची उड़ीसा

हजारीबाग : कलिंगा विश्वविद्यालय, भूवनेश्वर में 23 दिसंबर से आयोजित 36वां अंतर विश्वविद्यालय ईस्ट जोन युवा महोत्सव में भाग लेने आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के विद्याथीर्यो की टीम उड़ीसा पहुंची। बता दें कि इस अंतर विश्वविद्यालय ईस्ट जोन युवा महोत्सव में 111 विश्वविद्यालय के प्रतिभागी विभिन्न विधाओं में भाग ले रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुल 11 विद्यार्थी रंगोली, फोटोग्राफी, ग्रूपसॉन्ग, मेंहदी, पेंटिंग, गायन समेत आठ विधाओं में हिस्सा लेने कलिंगा विश्वविद्यालय, भूवनेश्वर गए हैं। उन्होंने बताया कि युवा महोत्सव जैसे बड़े कार्यक्रम में शिरकत से विद्यार्थियों का मनोबल तो बढ़ता ही है, साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा भी मिलती है। वहीं आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान किए जाने के साथ साथ विश्वविद्यालय में खेलकूद, वाद-विवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य कार्यक्रमों में भागीदारी के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित भी किया जाता है, ताकि विद्यार्थियों का समावेशी विकास संभव हो सके। बताते चलें कि शुक्रवार से अंतर विश्वविद्यालय ईस्ट जोन युवा महोत्सव शुरू होकर आगामी 27 दिसंबर यानी मंगलवार तक चलेगी। युवा महोत्सव में जाने वालों में आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से समन्वयक डॉ रोजीकांत व विद्यार्थियों में नलिन कुमार, अविनीत कुमार, किरण कुमारी, कोमल कुमार, प्रणीत कुमार, निशा शर्मा, ऋतिक राज, अमन गुप्ता, निलेश, साहिल व श्वेता कुमारी के नाम शामिल हैं।

जल निकासी और तेनुआ नाला का भी उठा मामला

साहिबगंज: विधायक अंनत ओझा ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से राजमहल विधानसभा क्षेत्र के राजमहल प्रखंड के जल्ला झील के जल निकासी और तेनुआ नाला का गहरीकरण का मामला को उठाया। उन्होंने ने कहा कि राजमहल प्रखंड अंतर्गत जल्ला झील जल जमाव क्षेत्र में जल के निस्तारण नही होने के कारण सैकड़ो एकड़ जमीन जलमग्न हो गए हैं, जिससे खेती नहीं हो पाती हैं। जल निकासी हेतु सरकार इस पर पहल करे और तेनुआ नाला में गाद भर जाने से किसान सिंचाई से वंचित हैं, जिसका गहरीकरण करना अत्यंत जरूरी हैं। जिससे स्थानीय किसानों को सिंचाई की सुविधा हेतु कठिनाइयों का सामना ना करना पड़े।

किसानों को राहत पहुंचना सरकार की प्राथमिकता :नैन्सी

हजारीबाग :नगर भवन हजारीबाग में रबी कर्मशाला एवं मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना से संबंधित कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस अवसर पर उपायुक्त नैन्सी सहाय ने कहा सुखाड़ राहत योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी एवं किसानों को राहत पहुंचना सरकार की प्राथमिकता है। किसानों को सुखाड़ से राहत देने के लिए किसानों से प्राप्त आवेदनों का छः विभिन्न स्तर पर सत्यापन किया जाना है। उन्होंने बताया जिला में सुखाड़ राहत से संबंधित लगभग 13 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसको कर्मचारी, अंचल निरीक्षक, अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, एसडीओ, डीसी स्तर से सत्यापन प्रक्रिया कार्य की प्रगति अब तक संतोषजनक नहीं है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस कार्यशाला के बाद सत्यापन की प्रक्रिया में तेजी आयेगी। सत्यापन प्रक्रिया में आ रही अड़चनों, तकनीकी पक्ष को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी वरीय अधिकारियों के संपर्क में रहे।सत्यापन प्रक्रिया के हर पहलू से अवगत हो तथा प्रक्रिया में आ रही समस्याओं को दूर कर सत्यापन की गति में तेजी लाने का काम करें। उन्होंने कहा अगले तीन चार दिनों के अंदर शत प्रतिशत आवेदनों का निष्पादन सभी लॉगिन स्तर से सुनिश्चित कर ले।

ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न

हजारीबाग :--हजारीबाग उपविकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षात्मक की गई। डीडीसी के कार्यालय कक्ष में सम्पन्न समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अन्तर्गत लक्ष्य के विरुद्ध 86.7 प्रतिशत आवास पूर्ण किया जा चुका है। शेष 7309 लंबित आवासों को दिसम्बर माह में 2000 आवास को पूर्ण करने हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया था। इस वर्ष सहित लम्बित आवासो को हर हाल मे 31 मार्च 2023 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराना सभी बीडीओ की जिम्मेवारी है। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सभी प्रखण्डो को साप्ताहिक वितीय एवं भौतिक लक्ष्य के अनुरूप आवास पूर्ण करने के लिए निदेश दिया गया है। मनरेगा योजना अन्तर्गत मानव दिवस को लेकर लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रत्येक गांव में 5 योजना चलाने का निर्देश दिया गया। शत प्रतिशत आधार सीडिंग करने का निर्देश दिया गया। वीर शहीद पोटो-हो खेल विकास योजना के तहत सभी पंचायतों में खेल मैदान व खिलाड़ियों को मूलभूत सुविधाओं निर्माण करने का निर्देश दिया गया।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र प्रदेश

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

संवाद जिले के वरीय अधिकारियों संग उपायुक्त पहुंचे सुदूरवर्ती करकट्टा पंचायत के पाल्हे गांव

ग्रामीणों के मांग के अनुरूप होगा तालाब निर्माण, बंद स्कूल का पुनः होगा संचालन

- तीन किलोमीटर पैदल चल पहाड़ पर बसे आदिम जनजाति समुदाय के लोगों संग किया सीधा संवाद,परिसंपत्तियों का किया वितरण
- नया आंगनबाड़ी केंद्र,सड़क निर्माण का किया जायेगा प्रयासःउपायुक्त

राष्ट्रीय खबर

मेदिनीनगर (पलामू): उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे गुरुवार को जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड नौडीहा बाजार के करकट्टा पंचायत अंतर्गत हजारों फिट उपर करमा पाल्हे पहाड़ पर बसे पाल्हे,तुरकुन व करमा गांव पहुंचे। यहां वे कई सालों से पहाड़ पर निवास कर रहे आदिम जनजाति के लोगों संग संवाद कर उनकी जरूरतों व समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान स्थनीय ग्रामीणों ने उपायुक्त दोड्डे के समक्ष पीएम आवास, अंबेडकर आवास, पानी, बिजली,पेंशन, शिक्षा,राशन, आंगनवाड़ी, सड़क, रोजगार आदि से संबंधित समस्याओं को रखा। इस दौरान उन्होंने कई लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया साथ ही बच्चों के बीच खिलौने व टॉफी का भी वितरण किया।

ग्रामीणों ने उपायुक्त से तालाब निर्माण व बंद पड़े स्कूल के दोबारा निर्माण करवाने की मांग की

जिले के वरीय अधिकारियों संग पल्हे गांव पहुंचे उपायुक्त से ग्रामीणों ने गांव में बंद पड़े स्कूल को फिर से खोलवाने की मांग की साथ ही तालाब निर्माण हेतु भी अनुरोध किया। ग्रामीणों से संवाद के पश्चात उपायुक्त ने गीता कुमारी,रंजू देवी व कइल बैगा का ऑन स्पॉट पेंशन स्वीकृत किया साथ ही लोगों के बीच बढ़ती ठंड के मद्देनजर कंबल का भी वितरण किया।

इस अवसर पर मीडिया के प्रतिनिधियों से बात करते हुए उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा कई मांग किये गये हैं जिसे जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के मांग के अनुरूप शीघ्र ही तालाब निर्माण की स्वीकृति दी जायेगी साथ ही शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर स्कूल का संचालन पुनः शुरू करवाया जाएगा।उन्होंने कहा कि यहां पहुंचने का रास्ता कठिन है,रास्ते को सुगम बनाने हेतु वन विभाग से समन्वय स्थापित कर सड़क निर्माण की दिशा में जल्द ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा साथ ही बच्चे कुपोषण का शिकार ना हो इसके लिए नया आंगनवाड़ी केंद्र का भी संचालन किया जाएगा।

रोजगार हेतु तीन युवाओं का किया गया चयन

आदिम जनजाति बहुल पाल्हे गांव पहुंचे उपायुक्त ने रोजगार हेतु तीन युवाओं का चयन किया जिन्हें मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा साथ ही यहां के स्थानीय ग्रामीणों के कोविड वैक्सीनेशन हेतु मोटर एंबुलेंस की व्यवस्था भी करवाई जाएगी ज्ञातव्य है कि सड़क नहीं रहने के कारण इस इलाके के कई गाँवों में एएनएम नहीं पहुंच पायी थी जिसके कारण इस क्षेत्र में वैक्सीनेशन का कार्य नहीं हो पाया था।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद,जिला आपूर्ति पदाधिकारी शब्बीर अहमद,जिला शिक्षा सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक पीयूष,पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता आशुतोष कुमार,नौडीहा बाजार के प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र मंडल, स्थनीय मुखिया मंजू देवी समेत अन्य उपस्थित थे।

न्यूज फटाफट

समस्याओं को लेकर डीसी से मुलाकात

कोडरमा: गुरुवार को उपायुक्त आदित्य रंजन ने सुशासन सप्ताह के तहत अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर मिलने आए लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये आमजनों ने भूमि, शिक्षा, प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राजस्व, मुआवजा राशि, राशन कार्ड से संबंधित विभिन्न शिकायतों सहित अन्य समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण करते हुए प्रतिवेदन उपायुक्त कार्यालय में समर्पित करने का निदेश दिया।

अखिल भारतीय नौजवान संघ जिला कमेटी की बैठक

झुमरीतिलैया: अखिल भारतीय नौजवान संघ जिला कमेटी कोडरमा की बैठक साहू धर्मशाला झुमरीतिलैया में अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक की अध्यक्षता में की गई। रजक ने विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट पेश किया जो सबो ने पास किया। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि 1932 के खतियान स्थानीयता के लिए 1932 का खतियान को आधार बनाया गया है जो सही है और झारखंड सरकार इस पर अडिग रहे। जहां तक नियोजन नीति का सवाल है उसमें स्थानीयता के आधार पर स्कूली शिक्षा का आधार बनाया गया है वह सही है। लेकिन राज्य में बहुत सी आबादी है जिन्हें यह स्वीकार्य नहीं है। भाजपा सिर्फ सरकार गिराने की नियत से आदिवासी गैर आदिवासी को लड़ाने के नियत से और आदिवासी मूलवासी या बाहर से आए मजदूर वर्ग में फूट डालने का प्रयास कर रही है। अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिव कयूम उद्दीन ने कहा कि झारखंड में भाजपा छात्र नौजवानों एवं महिलाओं के हित में कभी नहीं सोची है ना कभी सोचने का प्रयास कर सकती है। बैठक को गुफरान खान, विनोद पासवान, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव उर्फ भीखन यादव, बबलू दास, राज देवदास, पूर्व मुखिया जयनगर खगेंद्र राम, संतोष दास, राम कुमार रजक, कैलाश रजक, पूर्व प्रमुख वीरेंद्र यादव ने संबोधित किया। बैठक में 26 दिसंबर को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के स्थापना दिवस में भाग लेने का फैसला लिया है। बैठक में रंजीत भारती, सिकंदर कुमार, सुखदेव पांडे, अखिलेश पांडे, सचिन दास, इसराइल अंसारी, बलवीर चौधरी, बबलू दास, बजरंगी दास, शिवनंदन शर्मा, फिरोज खान मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन विनोद पासवान ने किया।

छात्र- छात्राओं को दिया प्रमाण पत्र

झुमरीतिलैया: दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र के तत्वावधान में महाराणा प्रताप चौक के समीप ओम नमः शिवाय कॉम्प्लेक्स के सभागार में एक समारोह आयोजित कर कौशल केंद्र में लगभग कई तरह के प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 200 छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र दिया गया। इसमें कपड़ा सिलाई का तीन महीने का निःशुल्क शिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त युवतियों को रोजगार भी मुहैया कराया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए कौशल केंद्र की पहल सराहनीय है। बच्चे विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने को स्वाबलंबी बना सकते हैं। राज्य समन्वयक रौशन सिंह ने कहा कि कौशल केंद्र के तहत पढ़े-लिखे युवक और युवतियों को शत प्रतिशत रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। मैनेजर शैलेन्द्र कुमार ने भी दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र के बारे में विस्तार पूर्वक जानकरी दी। मौके पर नीलेश सिंह, प्रदीप प्रजापति, कृष्णा बर्णवाल, अनिता शर्मा व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

सहोदया का वॉलीबॉल प्रतियोगिता 23 को

कोडरमा: जिला सहोदया कंपलेक्स इंटर स्कूल वॉलीबॉल प्रतियोगिता 23 दिसंबर को सैक्रेड हार्ट स्कूल के मैदान में होगी। इसमें जिले के 13 एफिलिएटिड स्कूलों के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस बारे में विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल, नेशनल पब्लिक स्कूल परसाबाद, इकरा पब्लिक स्कूल, ग्रिजली विद्यालय, आरपी मोदी इंटरनेशनल स्कूल, कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर, आदर्श प्लस टू हाई स्कूल मधवाटांड़, संस्कार इंटरनेशनल स्कूल, सैक्रेड हार्ट स्कूल, मेरिडियन एकेडमी, सैनिक स्कूल तिलैया, डीएवी पब्लिक स्कूल और मॉडर्न पब्लिक स्कूल के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में एसपी कुमार गौरव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, सेवानिवृत्त आईपीएस राजीव रंजन और पॉलिटेक्निक कॉलेज कोडरमा के प्राचार्य राजेश कुमार शामिल होंगे। इसके अलावा सभी स्कूलों के निदेशक, प्राचार्य और सहोदया के पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

पाकुड: उप परिवहन आयुक्तसह सचिव, संथाल परगना क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, दुमका के जुगनु मिंज ने पाकुड़ के सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, साहेबगंज के साथ परिसदन सभागार में समीक्षात्मक बैठक की।बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि योग्य नए मतदाताओं का अधिक- से-अधिक नाम मतदाता सूची में जोड़ने एवं मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2023 के तहत मतदाता सूची में अन्य योग्य नागरिकों का नाम निबंधन, सुधार, स्थानांतरण या नाम विलोपन का कार्य जल्द-से-जल्द पूर्ण करने का निदेश दिया। उन्होंने सभी से अपने दायित्व को समझते हुए कार्य में प्रगति लाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने एवं निर्वाचन संबंधी (एसएसआर- 2023) अपने द्वारा किए गए कार्यों का रिकॉर्ड मेंटेन करने की बातें कही। उन्होंने ऑनलाइन व्यवस्था के तहत एनभीएसपी पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से आवेदन समर्पित करने, आयोग स्तर से प्रायोजित ॠअफवऊअ अस्त्रस्त्र के माध्यम से भी संबंधित व्यक्तियों का ऑनलाइन आवेदन समर्पित करने के लिए युवा एवं छात्र-छात्राओं को जागरूक प्रेरित एवं पीडब्ल्यूडी वोटर्स, वीआईपी वोटर्स आदि को चिन्हित करने का निर्देश दिया।

महान गणितज्ञ को याद किया बच्चों ने, किया माल्यार्पण

पाकुड़ :स्थानीय विद्यालय डी ए वी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में देश के प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्म दिवस पर उन्हे बच्चों ने याद किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री ललन कुमार जी ने अन्य शिक्षकों एवं बच्चों की उपस्थिति में महान गणितज्ञ रामानुजन जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर विद्यालय के गणित विभाग द्वारा एकदिवसीय विविध मनोरंजन कार्यक्रम में गणित पर आधारित गुणा भाग, जोड़ तोड़, आओ खोलें गणित के पोल आदि का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ललन कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय गणित दिवस का महत्व हर किसी के लिए महत्वपूर्ण है। इसके पीछे हमारा मुख्य उद्देश्य लोगों में मानवता के विकास एवं व्यावहारिक ज्ञान के लिए गणित के महत्व के बारे में जागरूकता लाना है।

27 दिसंबर को होगी विशेष कैम्प काआयोजन

पाकुड : उपायुक्त वरूण रंजन के निदेर्शानुसार पाकुड़ जिलान्तर्गत सोना सोबरन घोती साड़ी वितरण योजना के तहत जन वितरण प्रणाली विक्रेता के दूकान पर विशेष कैम्प आयोजन कर शत प्रतिशत लंबित सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, आधार सिडिंग एवं मोबाईल सिडिंग से संबंधित मामले प्रदर्शित किया जाना है। इस निमित सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता के दुकान पर 27 दिसंबर को विशेष कैम्प का आयोजन किया गया है। उक्त कैम्प के लिए सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे एवं सभी कार्डधारियों का लंबित आधार सिडिंग एवं मोबाईल सिडिंग तथा धोती साड़ी का वितरण करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

रैयतों के हितार्थ भूख हड़ताल पर बैठे मुखिया सहित तीन लोगों का हाल बेहाल

- एनएच 98 भूमि अधिग्रहण में गड़बड़ी के खिलाफ आक्रोशित रैयतों का 18वें दिन भी आंदोलन जारी

राष्ट्रीय खबर

हरिहरगंज/पलामू : एनएच 98 के विस्थापित रैयतों के मांगों की पूर्ति के लिए जारी आन्दोलन के समर्थन में ग्रामिणों और प्रबुद्धजनों ने मशाल जुलूस और मोटरसाइकिल जुलुश के बाद बीते बुधवार को कौवाखोह से ढाब चौखटवा तक दूकान प्रतिष्ठान को पूरी तरह बंद कर अधिकारियों की रवैए पर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान रैयतों ने उच्चाधिकारियों और सरकार विरोधी नारे लगाकर आक्रोश जताया। बता दें कि बीते 5 दिसम्बर से जारी धरना प्रदर्शन के बाद भी उच्चाधिकारियों ने उनकी मांगों के प्रति कोई सकारात्मक रुचि नहीं दिखाई। इससे आक्रोशित रैयतों के हितार्थ ढाब में एनएच किनारे टेंट लगाकर सेमरबार पंचायत के मुखिया जितेंद्र पासवान और वार्ड सदस्य अखिलेश कुमार गुप्ता दोनों 13 वें दिन से जबकि ग्रामीण राजू गुप्ता भी 17 वें दिन बुधवार से बेमियादी भूख हड़ताल पर बैठे हैं। इस दौरान हालांकि बीते सोमवार को हरिहरगंज सीओ बासुदेव राय, एनएचआई कर्मियों के साथ स्थल पहुंचकर आंदोलनकारियों को अंचल स्तर से कुछ मांगे पुरा करने का भरोसा तो दिया लेकिन मुख्य मांगे जिला स्तर से ही हल होने की बात भी कही। विदित हो कि इसे लेकर चरणबद्ध तरीके से विस्थापित रैयतों का आन्दोलन जारी है। बाबजूद इसके अभी तक जिला स्तर के कोई भी अधिकारी भूख हड़ताल खत्म कराने के प्रति दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं जिससे रैयतों का आक्रोश और गहराता जा रहा है। इस दौरान आंदोलनकारियों को ग्रामीणों का भरपूर साथ मिलने से आंदोलन लम्बा चलने की उम्मीदें हैं। हालांकि विद्यायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर राकांपा का एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को आंदोलित रैयतों का हाल जानने पहुंचा और मांगों के प्रति सार्थक प्रयास करने का भरोसा दिया। इस बाबत आंदोलित रैयतों का कहना है कि जनप्रतिनिधि प्रतिनिधिमंडल भेजकर विस्थापितों को भरोसा तो दिला रहे हैं किंतु उन्हें स्वयं आकर रैयतों का हाल जानने की फुर्सत नहीं है।

ये हैं रैयतों की 6 सुत्री मांगें

पुनर्मूल्यांकन कर अधिगृहित जमीन और मकान का दाम बढ़ाने, माप़ी में त्रुटि का सुधार कराने, छूटे रैयतों का थ्री डी में नाम जोड़कर वास्तविक रैयतों को मुआवजा देने, , इस अधिग्रहण से पहले सरकार 30 या 50 फीट जमीन खरीदी थी उसका कागजात उपलब्ध कराने, सघन आबादी वाले ग्राम सेमरबार , ढाब खुर्द और कौवाखोह में अंडरपास की व्यवस्था कराने, शिवालया कंट्रक्शन के कार्यो में 70% स्थानीय लोगों को काम दिलाने की मांगें शामिल है।

ज्ञान विज्ञान समिति पलामू में मनाया गया 33 वां स्थापना दिवस

राष्ट्रीय खबर

पलामू : ज्ञान विज्ञान समिति पलामू में 33 वा स्थापना दिवस पूरे जिले में अंधविश्वास और वैज्ञानिक चेतना के रूप में मनाया इस अवसर पर सदर मेदनीनगर में स्थापना दिवस कार्यक्रम विनीता देवी की अध्यक्षता में मनाया गया जिस में उपस्थित ज्ञान दिया समिति के राज्य अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने कहा कि साल 1989 के 22 दिसंबर को ऐसे संगठन की नींव रखी जिसे आगे चलकर आजादी के बाद की सबसे बड़ी लामबंदी की। धर्म जाति लिंग क्षेत्र आर्थिक असमानताओं से ऊपर उठकर कर लोग बिना किसी आर्थिक प्रलोभन के सिर्फ एक मकसद के लिए एक साथ आगे आए कि देश को साक्षर करना है।

केवल अंक और अक्षर ज्ञान नहीं उन्हें दुनिया को समझने का कौशल देना है उन्हें अपनी बदहाली के कारणों को जानने में सक्षम बनाना है था उन्हें अपने

हालात बदलने के लिए संगठित करना था और अपनी लड़ाई खुद लड़नी के लिए तैयार भी करना था कमोबेश इसी मकसद के साथ तीन दशक पहले भारत ज्ञान विज्ञान समिति की स्थापना हुई।

प्रखंड लेस्लीगंज में अनीता देवी प्रखंड अध्यक्ष की अध्यक्षता में स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें जिला सचिव अजय साहू ने उपस्थित होकर लोगों के बीच अपनी बातों रखते हुए कहा कि जब हम 33 वर्ष के अपने सफर पर नजर डालते हैं। वहीं इसकी अनेक उपलब्धियां भी रही है साक्षरता अभियान से लेकर सामाजिक रूपांतरण के लिए किए गए प्रयासों के सफर में देशभर में लाखों लोग भारत ज्ञान विज्ञान समिति का हमसफर बने भारत ज्ञान विज्ञान समिति समता कला जत्था हमारा देश कार्यक्रम बालमेला अंतरिक्ष की सैर देश को जानो देश को बदलो कार्यक्रम शांति एकता संप्रभुता ,भोजन का अधिकार यात्रा, काम का अधिकार यात्रा, शिक्षा का अधिकार यात्रा जैसे अनेक अभियानों और कार्यक्रमों के लिए लामबंदी एवं साक्षर भारत यात्रा के साथ-साथ संघन कार्यक्रम के साथ साथ करोना काल के बाद जहां एक तरफ पूरा विद्यालय बंद पड़ा था वहीं दूसरी तरफ इसके साथियों ने सामुदायिक शिक्षण केंद्र के माध्यम से बच्चों के बीच शिक्षा को बनाए रखने का कार्य किए और लगातार कर रहे हैं।

संक्षिप्त अपडेट्स

गरीब बच्चों में पोशाक वितरण

महेशपुर (पाकुड़): प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय गढ़बाड़ी में गुरुवार को स्काउट गाइड के तरफ से विद्यालय के दो गरीब छात्रों के बीच टोपी, स्वेटर एवं अन्य सामान का वितरण किया गया। स्काउट गाइड के जिला सचिव सह शिक्षक सरोज कुमार पांडेय ने बताने की ठंड को देखते हुए विद्यालय के दो अति गरीब छात्रों के बीच स्काउट गाइड के तरफ से सामग्री का वितरण किया गया। बच्चों के बीच सामग्री में स्वेटर, मौजा, टोपी एवं पैजामा दिया गया। सरोज पांडेय ने अन्य लोगों को भी ऐसे जरूरतमंद बच्चों के साथ सहानुभूति रखने की अपील की है।

पॉलिटेक्निक में कार्यक्रम आयोजित

- शहर के विभिन्न 8 विद्यालयों ने इस प्रतियोगिता में शामिल होने छात्र छात्राओं को भेजा था
- सफल प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया
- कार्यक्रम का शुभारंभ माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया

राष्ट्रीय खबर

पाकुड़ः पॉलिटेक्निक, पाकुड़ के प्रांगण में देश के प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्म दिवस पर उन्हे याद किया गया। संस्थान के प्राचार्य डॉ० सरोज कुमार पाढ़ी, उप-प्राचार्य डॉ. ऋषिकेश गोस्वामी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री निखिल चंद्रा एवं परीक्षा नियंत्रक श्री अमित रंजन ने अन्य शिक्षकों, संस्थान के छात्रों एवं आस-पास के स्कूलों से आये हुए विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर देश के प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जी को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें स्मरण किया।

इस अवसर पर संस्थान के गणित विभाग द्वारा एक दिवसीय विविध मनोरंजन कार्यक्रम में गणित पर आधारित गणित क्विज, सेमीनार, वाद-विवाद एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक किया गया। इन प्रतियोगिताओं में पाकुड़ जिला के विभिन्न स्कूलों से आये हुए सौ से ज्यादा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को नकद पुरस्कार, पदक और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य श्री डॉ० सरोज कुमार पाढ़ी जी ने बताया कि राष्ट्रीय गणित दिवस का महत्व हर किसी के लिए महत्वपूर्ण है। इस दिवस को मनाने के पीछे हमारा मुख्य उद्देश्य लोगों में मानवता के विकास एवं व्यावहारिक ज्ञान के लिए गणित के महत्व के बारे में जागरूकता लाना है। गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन ने अपने लगन एवं प्रतिभा से गणित के क्षेत्र में अद्भुत खोज किए हैं। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने आगे बताया की उनके जन्मदिन को विशेष बनाने का मुख्य उद्देश्य गणित के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए हर जरूरी कोशिश करना और रामानुजन जैसे गणितीय प्रतिभाओं को पल्लवित पुष्पित होने का अवसर देना है।

उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग झारखण्ड प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय तथा पाकुड़ पॉलिटेक्निक के पहल पर संस्थान परिसर में अत्यंत ही ज्ञानवर्धक तथा आकर्षक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें चित्रकला, गणित क्विज, वैदिक गणित, गणितीय मॉडल, सेमिनार एवं प्रेजेंटेशन इत्यादि प्रमुख रहे।

प्रलोभन देकर भगा ले जाने का मामला हुआ दर्ज

माहेशपुर (पाकुड़): थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक के द्वारा एक 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी को शादी का नियत से बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर लड़की के पिता ने बीते कल देर शाम थाने में नामजद आरोपित मोहम्मद शेख धितोड़ा गांव निवासी पश्चिम बंगाल के के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करवाया है। आवेदन में उल्लेख किया है कि उसकी नाबालिग लड़की अपनी मां की मौत के बाद अपने नाना के यहां सोनारपाड़ा गांव में रहती थी। विगत 17 दिसंबर को दिन करीब दो बजे लड़की ने अपने नाना से अपनी सहेली के घर जाने की बात कह कर निकली थी।

पंचायतों में सरकारी योजनाओं के प्रति आमजनों को करें जागरूकः उपायुक्त

- जिला के सभी पंचायतों में आज सप्ताहिक पंचायत दिवस का आयोजन किया जाए
- विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी
- जिला के सभी पात्र व्यक्तियों की समस्याओं का निराकरण करते हुए अहर्ता रखने वाले लाभुकों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराया जा सके।
- जिला स्तरीय पदाधिकारीयों द्वारा विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण भी किया गया

राष्ट्रीय खबर

पाकुड़ : उपायुक्त वरुण रंजन के निदेर्शानुसार जिले के सभी पंचायतों में गुरुवार को भी जिले के सभी पंचायतों में आज सप्ताहिक पंचायत दिवस का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन की सोच है कि सभी सुयोग्य लाभुकों को सरलता पूर्वक योजनाओं का लाभ मिले। इसी सोच को लेकर जिला के सभी पंचायतों में सप्ताहिक पंचायत दिवस का आयोजन किया जा रहा है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ के लिए आपको सरकारी कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, प्रशासन आपको योजनाओं का लाभ देने के लिए आपके पंचायत में आ पहुंचा है। इसका उद्देश्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पंचायत हर घर को मिल सकें। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन पत्र दिए व प्राप्त किए जा रहे हैं। पंचायत स्तर से ही आम लोगों की समस्या का निराकरण किया जाएगा।

जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को दी। उन्होंने ग्रीन राशन कार्ड निर्माण, सोना सबरन धोती -साड़ी योजना, फुलो झानों आर्शिवाद योजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, किसान क्रेडिट कार्ड, ई श्रम पोर्टल पर श्रमिक निबंधन, जेएसएलपीएस द्वारा महिला समूह गठन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम आदि योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। पंचायत दिवस कार्यक्रम के माध्यम से शिकायतों के निष्पादन, योजनाओं से नए लाभुकों को लाभांवित किया जा रहा है। साथ ही कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी के अलावा शिकायतों का निष्पादन के साथ योग्य लाभुकों को जोड़ते हुए सरकारी योजनाओं के लाभ से आच्छादित भी किया जा रहा है।

शहर ›› अपडेट

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से महिला घायल

कोडरमा : गुरुवार को तिलैया थाना अंतर्गत झुमरी के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पैदल जा रही एक महिला घायल हो गयी। पीछे से टक्कर लगने से महिला गिरकर घायल हो गयी। घायल की पहचान शांति देवी के रूप मे हुई है। महिला राशन उठा कर झुमरी से अपने घर जा रही थी। महिला को ग्रामीणों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया ।

सिटी अपडेट्स ››

लोगों के बीच कम्बल का वितरण

मरकच्चो : प्रखंड के पंचायत दक्षिणी के टोला तेलियामारन स्थित बिरहोर टोला के बिरहोर लोगो के बीच मरकच्चो प्रखंड विकास पदाधिकारी पप्पू रजक ने 22 दिसम्बर को झारखंड सरकार के द्वारा आवंटित कम्बल का वितरण किया। लगभग 30 लाभुक बिरहोर परिवार के बीच कम्बल वितरण किया गया। प्रखंड समेत ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर से लोग परेशान हैं। ठंड का सबसे ज्यादा प्रभाव इन गरीब आदिम जनजाति को होता है।

विद्यालय में पेरेंट्स मीटिंग का आयोजन

जयनगर : प्रखंड के परसाबाद स्थित नेशनल पब्लिक उच्च विद्यालय में पेरेंट्स मीटिंग किया गया। पेरेंट्स मीटिंग में बच्चों के अभिभावक विद्यालय में उपस्थित हुए। सभी अभिभावक को बच्चों का परीक्षा परिणाम पत्र दिखाया गया। विद्यालय के डायरेक्टर मुस्ताक खान ने अभिभावकों से आग्रह किया कि यदि आपके बच्चे की कोई शिकवा शिकायत है, तो आप आकर हमसे संपर्क करें। आपकी सारी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। बच्चों का परिणाम देखने के बाद अभिभावक भी खुश दिखे। मौके पर शिक्षक नवनीत मिश्रा, मिथिलेश सिंह अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं अभिभावक बच्चे उपस्थित थे।

संक्षिप्त ›› अपडेट्स

नालियों की सफाई की मांग

गुमला : मिशन बदलाव जिला सचिव सैयदा खातुन, नगराध्यक्ष ज्योति कुमारी और नगर सचिब ज्योति गलोरिया कुजूर के नेतृत्व में जिला प्रसाशन एवं गुमला नगरएवं नगरपरिषद सभी नालियों के सफाई को लेकर मांग पत्र दिया। सैयदा खातुन ने कहा कि गुमला में अल्पसंख्यक मुहल्ले में मोहल्लेवासियों ने बताया कि हमारा नालियों कई दिनों से जमा पड़ा हुआ है ।सभी जगहों में दुर्गंध इत्यादि भी आते रहता है। गंदे नालियों के वजहों से मच्छरों के भी प्रकोप बना रहता है और कई बीमारियां को भी आमंत्रित कर रहा है ।ये सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक देखते हुए मिशन बदलाव महिला टीम ने स्वत: ज्ञापन लेते हुए समस्या के समाधान निदान का मांग किया और कहा कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो मुहल्ले के लोग नगरपरिषद के विरूद्ध में आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

अंबेडकर प्रतिमा स्थल का होगा जीर्णोद्धार

कोडरमा : दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति जिला कमेटी कोडरमा की बैठक बृहस्पतिवार को साहू धर्मशाला झुमरीतिलैया में जिला अध्यक्ष इंद्रदेव राम की अध्यक्षता में हुई। संचालन जिला सचिव गणेश दास ने किया। बैठक में विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट जिला अध्यक्ष इंद्रदेव राम ने प्रस्तुत किया। बैठक में बाईपास रोड झुमरी तिलैया में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल का जीर्णोद्धार एवं सुंदरीकरण करने का फैसला लिया गया। इसके लिए निर्माण कमेटी का गठन किया गया। निर्माण समिति के सर्वसम्मति से संरक्षक मनोज रजक, अध्यक्ष विकास कुमार, विनोद राम को चुना गया।

उपायुक्त ने चलाया छापामारी अभियान हाईवा ट्रैक्टर एवं 18 मवेशी हुए जप्त

- ज्ञात हो तस्कर हिरणपुर के रास्ते से शहरग्राम- पीरपहाड़ के रास्ते मवेशी बंगाल तस्करी करते हैं
- जैसे-जैसे रात बढ़ता है तस्करों का हुजूम इस रास्ते से प्रतिदिन गुजरता है पुलिस रहती है खामोश
- वही उपायुक्त की छापामारी सफल रहती है तस्कर एवं अन्य लोग पकड़े जाते हैं पर पुलिस एवं अधिकारियों को जब भी छापा मारने पर खाली हाथ लौटना पड़ता है ऐसा क्यों
- आम लोगों के अनुसार पुलिस एवं अधिकारी जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति करते हैं

राष्ट्रीय खबर

महेशपुर (पाकुड़): क्षेत्र में चल रहे अवैध कारोबारों पर उपायुक्त ने अपना शिकंजा कस दिया है। अवैध परिवहन से लेकर मवेशी तस्करी में उपायुक्त खुद अपने नेतृत्व में कार्रवाई कर रहे हैं। इसी आलोक में शहरग्राम गांव के पास बीते कल देर रात से सुबह तक की गई छापेमारी में दो बोल्डर लदे हाईवा, एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर एवं तस्करी के लिए ले जा रहे 18 मवेशी को जब्त कर लिया। जब्त सभी वाहन एवं मवेशी को थाना परिसर में रखा गया है। इस संबंध में जानकारी लेने पर सीओ रितेश जयसवाल ने बताया कि उपायुक्त पाकुड़ के नेतृत्व में एसडीओ हरिवंश पंडित, जिला खनन पदाधिकारी प्रदीप कुमार साह तथा जिला के अन्य अधिकारियों के द्वारा संयुक्त रुप से छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें अवैध रुप से परिवहन कर रहे बोल्डर लदे दो हाईवा तथा बालू लदे एक ट्रेक्टर को जब्त किया गया है। साथ ही तस्करी के लिए ले जा रहे 18 मवेशी (बैल) को भी जब्त किया गया है। साथ ही दो मवेशी तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों को पुलिस हिरासत में रखा गया है।

बताते चलें कि महेशपुर में खुलेआम मवेशी की तस्करी की जा रही है। महेशपुर सप्ताहिक हटिया के नाम पर बंगाल के लोग हटिया पहुंच कर मवेशी की खरीद करते हुए पश्चिम बंगाल में तस्करी करते हैं। साथ ही तस्कर हिरणपुर के रास्ते से शहरग्राम-पीरपहाड़ के रास्ते मवेशी बंगाल तस्करी करते हैं। आश्चर्य की बात है कि उपायुक्त के द्वारा जब भी गुप्त तरीके से छापेमारी की गई है। सफलता हासिल हुई है। परंतु स्थानीय पुलिस अधिकारी एवं अन्य अधिकारी जब भी छापेमारी किया है सिर्फ हाथ की सफाई करने में व्यस्त हैं।

राजकीय पोलिटेकनिक कोडरमा में राष्ट्रीय गणित दिवस मना

सेमिनार में 15 शोध पत्र प्रस्तुत हुए



राष्ट्रीय खबर

कोडरमा: गुरुवार को राजकीय पोलिटेकनिक कोडरमा में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन प्राचार्य राजेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर एवं रामानुजन को उनके जन्म दिन के अवसर पर स्मरण करते हुए किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीसी आदित्य रंजन कोडरमा ने दीप प्रज्जवलन कर किया। मुख्य अतिथि के साथ संस्थान के प्राचार्य राजेश कुमार, डॉ भास्कर कर्ण, सह प्राध्यापक, बीआईटी मेसरा, डा प्रियंका कुमारी, सहायक प्राध्यापक, बीआईटी सिन्दरी एवं डा पिन्टु दास, सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची ने दीप प्रज्जवलन कर रामानुजम को याद किया। समारोह में राष्ट्रीय गणित दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में प्रस्तुत होने वाले शोध पत्रों की सार पुस्तिका का विमोचन किया गया। संस्थान के प्राचार्य राजेश कुमार ने राष्ट्रीय गणित दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला एवं छात्रों को प्रोत्साहित करने के साथ संस्थान के उपलब्धि एवं परिवर्तन पर प्रकाश डाला। संस्थान के वरीय व्याख्याता डॉ एसपी यादव ने राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार के विषयवस्तु की प्रासंगिकता स्पष्ट करते हुए गणितिय मॉडल को अपनाने हेतु अनिवार्य बताया। सेमिनार में कुल पंद्रह शोधपत्र प्रस्तुत किए गये, ये सभी शोध पत्र ग्रामीण विकास की सुप्रबंध हेतु तकनीकी से संबंधित रहा। राज्य के बाहर से डॉ इला अग्निहोत्री, डॉ राजेश सोलोमन पाल, डॉ बीके मिश्रा, डॉ अनिल कुमार ने शोध पत्र प्रस्तुत किया। राज्य के डॉ नास्कर कर्ण, डॉ पिन्टू दास, डॉ प्रियंका कुमारी, लाल कृष्ण एवं संस्थान के डा एसपी यादव, अनु कुमारी, आकृति राज, शाहीन आथर ने अपना शोध पत्र सेमिनार में प्रस्तुत किया।

उत्कृष्ट कार्य के लिए पीएलवी नेहा सिन्हा को मिला सम्मान

राष्ट्रीय खबर

कोडरमा: झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा में कार्यरत पारा लीगल वोलेनटियर नेहा सिन्हा को बाल पीड़ितो (पोक्सो अधिनियम) के लिए सहायक व्यक्ति के रूप में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जिला न्याय सदन के सभागार में एक समारोह आयोजित कर सभी पारा लीगल वोलेनटियर्स की उपस्थिति में यह प्रशस्ति-पत्र पीएलवी नेहा सिन्हा को कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विरेंद्र कुमार तिवारी ने प्रदान किया। इस अवसर पर प्रधान जिला जज विरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि कोडरमा के पीएलवी को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जाना कोडरमा न्यायमंडल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के लिए काफी गौरव का विषय है। उन्होंने उपस्थित सभी पारा लीगल वोलेनटियर्स से कहा कि आप सबों को भी इस बात से प्रेरणा लेकर अपने अपने क्षेत्र में

स्कूलों में चलाया गया जागरूकता अभियान

राष्ट्रीय खबर

गुमला: जिला परिवहन पदाधिकारी गुमला विजय सिंह बिरूवा के निदेर्शानुसार सड़क सुरक्षा द्वारा राज मध्य विद्यालय, केसीपारा गुमला एवम आर. सी. प्राइमरी स्कूल, गुमला में संयुक्त रूप से विद्यार्थियों एवं शिक्षको को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा के टीम द्वारा विद्यार्थियों को आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाए और दुसरों को बचाया जाये इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को किस प्रकार कम किया जाए इस पर भी विद्यार्थियों से विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने बताया दुर्घटना में ज्यादातर मृत्यु एवं दुर्घटना बाइक से हो रही है, इससे पता चलता है कि बाइक के गतिसीमा से अधिक रफ्तार से वाहन चलाने और लापरवाही से वाहन चलाने के अतिरिक्त बिना हेलमेट/सीट बेल्ट आदि सुरक्षा उपकरण के इस्तेमाल के बिना गाड़ी ड्राइव करने से एवं अल्कोहल सेवन करने से तथा ट्रिपल राइड करने से दुर्घटना होती है।

टाना भगत विकास प्राधिकार की कार्यकारी समिति की बैठक संपन्न

टाना भगतों को मिल रहा लाभ

राष्ट्रीय खबर

गुमला: उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में गुरुवार को टाना भगत समुदाय के लिए प्राप्त सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजना के क्रियान्वयन के संबंध में टाना भगत विकास प्राधिकार की कार्यकारी समिति की बैठक संपन्न हुई।

समाहरणालय सभाकक्ष में हुए बैठक में टाना भगत समुदाय के विकास के लिए कई मुख्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा टाना भगत समुदाय को सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से उपायुक्त ने अवगत करवाते हुए उन्हें योजना से जुड़ने की सलाह दी।

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक लगभग 250 टाना भगत समुदाय को जोड़ा जा चुका है। वहीं कौशल विकास के क्षेत्र में भी टाना भगत समुदाय के परिवार के बच्चों को कल्याण गुरुकुल से ट्रेनिंग देते हुए उन्हें रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है। टाना भगत के लगभग 220 से अधिक किसानों के बीच सिंचाई के लिए पंप सेट का वितरण किया गया है। व्यावस्यीक दृष्टिकोण से टाना भगत किसानों को अदरक, मशरूम ,मिर्च , ओल, सरसो आदि की खेती के लिए प्रशिक्षण एवं बीज वितरण किया गया है। वहीं समुदाय के लोगो के लिए सामुदायिक भवन का भी निर्माण किया जा रहा है। जिले के लगभग 360 से अधिक टाना भगतों के परिवार को पेंशन आदि योजना से जोड़ा गया है। 25 वर्ष से ऊपर के 1800 टाना भगातों के प्राप्त अकाउंट में 4000 रुपए की राशि कुछ दिनों में भेजी जाएगी। टाना भगतों के लगभग 450 से अधिक महिलाओं को 23 महिला समूह से जोड़ कर जेएसएलपीएस के मध्यम से रोजगार से जोड़ा गया है। उपायुक्त ने टाना भगत समुदाय से रबी की खेती में किए जाने वाले फसल उत्पादन के संबंध में विशेष रूप से चर्चा करते हुए उन्हें मार्गदर्शन दिया।हॉर्टिकल्चर की ओर से टमाटर तथा मिर्च के बागवानी के लिए बीज वितरण करने के साथ साथ 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें किसानों को बीज बोने से लेकर उत्पादन के अंतिम पड़ाव तक का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उपायुक्त ने कहा टाना भगत समुदाय के लोगों की आर्थिक स्थिति खेती पर ही निर्भर है , अतः उनके पास जो भी जमीन है उस जमीन से 10 गुना अधिक लाभ मिले इस दिशा में जिला प्रशासन लगा हुआ है। टाना भगत किसानों का जमीन कभी खाली ना रहे , साल में कमसे कम 2 बार खेती अवश्य हो।

प्रतियोगिता › सेक्रेड हार्ट स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

बच्चों ने दिया प्रतिभा का परिचय, अभिभावक भी लिये हिस्सा

राष्ट्रीय खबर

झुमरीतिलैया: सेक्रेड हार्ट स्कूल में आयोजित चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन 22 दिसंबर को हो गया। इस मौके पर प्रधान जिला जज वीरेंद्र कुमार तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। जबकि जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, सिविल कोर्ट के जज इंचार्ज प्रशांत वर्मा, जिला नियोजन पदाधिकारी मो. इमरान फारुकी, अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी शैलेंद्र किशोर, जिला परिषद उपाध्यक्ष निर्मला देवी, नप के पूर्व उपाध्यक्ष संतोष कुमार यादव, निवर्तमान वार्ड पार्षद पिंकी जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों ने संयुक्त रूप से लैंप जलाकर और गुब्बारा उड़ा कर कार्यक्रम को गति प्रदान किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रधान जिला जज वीरेंद्र कुमार तिवारी ने बच्चों की प्रतिभा को सराहा और कहा कि कोरोना काल के बाद यह पहला मौका है जब मैं किसी कार्यक्रम में शामिल हुआ हूं। उन्होंने विद्यालय को शुभकामनाएं दी और एक्सकर्षन के तौर पर विद्यालय के बच्चों को कोर्ट परिसर का भ्रमण कराने के लिए आमंत्रण भी दिया। जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का आत्मविश्वास पड़ता है, जो उनके विकास में साधक बनता है। विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गान और स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार अतिथियों का स्मृति चिन्ह और शॉल ओढ़ाकर उनको सम्मानित किया।

प्राचार्य नवीन कुमार ने स्वागत भाषण और विद्यालय के उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मौके पर चारों हाउस के बच्चों ने मार्च पास्ट किया। वहीं बच्चों ने योगा के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

न्यूज फटाफट

इमरान बने जेएमएम के जिला संयुक्त सचिव

बालूमाथ: लातेहार जिला बालूमाथ के गालिब कॉलोनी निवासी मो इमरान को झामुमो लातेहार जिला संयुक्त सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। झामुमो केंद्रिय समिति द्वारा मनोनयन के पश्चात बुधवार को जिला कार्यसमिति की बैठक में जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के द्वारा इसकी घोषणा की गयी। जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव व जिला सचिव शम्शुल हुदा के द्वारा माला पहनाकर नव मनोनीत जिला सचिव मो इमरान को स्वागत किया गया। मो इमरान ने पार्टी की मजबूती के लिए हरसंभव प्रयास करने की बात कही। उन्होंने अपने मनोनयन के लिए पार्टी के केंद्रिय नेतृत्व समेत जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, जिला सचिव शम्शुल हुदा समेत तमाम पार्टी के पदाधिकारी का आभार प्रकट किया है। मो इमरान के संयुक्त सचिव बनने पर झामुमो के कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

जागरुकता ही एड्स के उपचार का सर्वोतम उपाय

कोडरमा : झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वाधान में झारखंड एड्स कंट्रोल सोसायटी एवं ट्राई के सहयोग से व्यवहार न्यायालय कोडरमा स्थित जिला न्याय सदन सभागार में पारा लीगल वॉलिंटियर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मियों के लिए एड्स से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि जागरूकता ही एड्स से बचाव का सबसे बड़ा उपचार है उन्होंने पारा लीगल वालंटियर को संबोधित करते हुए कहा कि सभी पारा लीगल वालंटियर अपने अपने क्षेत्र में एड्स पीड़ित व्यक्तियों को चिन्हित करें एवं उनकी गोपनीयता को बरकरार रखते हुए उन्हें समुचित सहायता प्रदान करें, ताकि विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से उनका विधिवत उपचार कराया जा सके।

सिखों का शहीदी सप्ताह हुआ आरंभ

कोडरमा : शहीदी सप्ताह आरंभ संगतो में दिखा उत्साह 21 दिसंबर की रात गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सिखों का शहीदी सप्ताह आरंभ हुआ। यह लगातार 28 दिसंबर तक चलेगा इसके लिए शाम 7:15 बजे से विशेष दीवान सजाया गया सर्वप्रथम पांच चौपाई साहिब जी के पाठ किया गया इसके उपरांत तेजस सिंह हरजसकौर हरजोत कौर तथा राजवीर सिंह ने कविता पाठ किया। इसके उपरांत बीबी मनजीत कौर ने शहीदी का शब्द गायन तत्पश्चात सरदार गुरमीत सिंह ज्ञानी कुलदीप सिंह शम्मी सलूजा बॉबी लांबा ने नाम सिमरन किया। गुरभेज सिंह ने शहादत के पहले पड़ाव का इतिहास विस्तृत रूप से बताया। वही सचिव यशपाल सिंह गोल्डन ने बताया कि आज 6 पोह को 21 दिसंबर के दिन 1704 ईसवी में गुरु गोविंद सिंह ने आनंदपुर साहिब का किला छोड़ा था। मुगलों ने जिन्होंने किला घेरा हुआ था उन्होंने शपथ लेकर कहा कि गुरु महाराज किला छोड़ दें उनके ऊपर कोई भी हमला नहीं होगा । परंतु गुरु महाराज का काफिला निकलते ही सरसा नदी के पास जालिमों ने उन पर आक्रमण कर दिया। दीवान की समाप्ति रात 9:30 बजे हुई समाप्ति उपरांत गुरु का लंगर अटूट वरता, इस सप्ताह को लेकर सिख संगत में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

कांग्रेस नेताओं ने सौपा कृषि मंत्री को मांग पत्र

कोडरमा : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नव मनोनीत प्रदेश सचिव सह कोडरमा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू ने कोडरमा जिला के मरकच्चो एवं कोडरमा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के कई आहरों के गहरीकरण सहित जीर्णोद्धार हेतु एक मांग पत्र राज्य के लोकप्रिय कृषि पशु पालन में सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख को सौंपा। बुधवार देर शाम झारखंड विधानसभा स्थित कृषि मंत्री के सभा कक्ष में उपस्थित होकर श्री सहाय के साथ मरकच्चो प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष केदार राणा, यासीन अंसारी, मो अनवर कोडरमा से मनोज यादव ने माननीय मंत्री को वर्षा उपरांत जल संचय ना होने से उत्पन्न पटवन समस्या के बारे में अवगत कराया। मंत्री ने तत्काल मरकच्चो प्रखंड के महूगांय, जामू, तेलोडिह, मरकच्चो दक्षिण सहित कोडरमा के इंदरवा पंचायत में आहार गहरीकरण हेतु उपायुक्त कोडरमा को अनुशंसा किया। मंत्री ने पैक्स के माध्यम से धान की खरीदारी में अनियमितता सहित झारखंड सरकार के सूखा राहत योजना के तहत 90% अनुदान पर रबी फसल बीज जरूरतमंद किसानों को ढंग से वितरित हो इसपर विस्तार से चर्चा किया तथा अगले माह जनवरी में कोडरमा जिला दौरा हेतु सहमति दिया है।

लापता युवक का शव डैम से बरामद

कोडरमा: पिछले 2 दिनों से लापता हजारीबाग के युवक का शव गुरुवार को कोडरमा जिले के जवाहर घाट स्थित तिलैया डैम से बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार हजारीबाग स्थित ओकनी निवासी और श्रीराम इंश्योरेंस के कर्मी 45 वर्षीय राजेश कुमार वर्मा 20 दिसंबर की रात लगभग 10 बजे अपनी मोटर साइकिल जेएच02 बीजे 7562 से निकले थे। उसके बाद वे वापस नहीं लौटे। उनकी लगातार खोजबीन की जा रही थी। इस बीच गुरुवार को जवाहर घाट स्थित तिलैया डैम से उनका शव बरामद किया गया। खबर पाकर चंदवारा पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल भेजा है। मृतक ने आत्महत्या की या दुर्घटना में उनकी मौत हुई है, इसका खुलासा नहीं हो पाया है।

एसपी को आवेदन देकर इंसाफ की लगायी गुहार

डोमचांच : प्रखंड क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने कोडरमा पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर इंसाफ दिलाने की गुहार लगाया है। उक्त महिला ने आवेदन में लिखा कि मैं एक गरीब हरिजन महिला हूं और अपने गरीबी के कारण रेफरल अस्पताल डोमचांच में सफाई का काम करती हूं। अपने बच्चों का भरण पोषण करती हूं। गत 17 दिसंबर 2022 को करीब साढ़े चार बजे दिन हम रेफरल अस्पताल डोमचांच से ड्यूटी करके घर पहुँची। इसी बीच चौकीदार लक्ष्मण पासवान ने मेरे घर में घुस के गलत नीयत से हमें पकड़ लिया और बिस्तर पर पटक दिया। हमारे साथ जबरदस्ती छेडछाड़ करने लगा। विरोध करने पर मारपीट करने लगा। चिल्लाने पर हमारे परिजन वहां पहुंचे तब लक्ष्मण पासवान वहां से भाग गया। महिला ने कहा कि जब नवलशाही थाना में शिकायत की तो उल्टे ही थाना प्रभारी गाली देने लगे। गलती तुम्हारी होगी और और बदनाम मेरे चौकीदार को करते हो। भागो, वरना तुमलोग को ही जेल में डाल देंगे। जब हमारा पूरा परिवार थाना पहुँचा तब आवेदन लिया गया। महिला ने एसपी से मामले की जांच कराने और इंसाफ दिलाने की मांग की है।

जमशेदपुर ने जामताड़ा को 8 विकेट से हराया

कोडरमा : इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का पांचवा मैच गुरुवार को कोडरमा जिला अंतर्गत चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में जमशेदपुर और जामताड़ा के बीच खेला गया। टॉस जीतकर जमशेदपुर ने क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जामताड़ा की टीम ने 37 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 144 रन बनाए। जामताड़ा की ओर से अनिकेत ने 41 रन रोहित ने 32 रन और कंचन ने 18 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए जमशेदपुर की ओर से आनंद कुमार ने 5 विकेट और युवराज सिंह ने 3 विकेट लिए । बाद में बल्लेबाजी करने उतरी जमशेदपुर की टीम 24 ओवर में 2 विकेट खोकर विजय लक्ष्य को हासिल कर लिया। जमशेदपुर की ओर से आनंद कुमार ने 61 रन और अक्षय ने 58 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए जामताड़ा की ओर से अनिकेत और प्रशांत ने एक-एक विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच जमशेदपुर के आनंद को ऑब्जर्वर शब्बीर हुसैन और सचिव दिनेश सिंह ने दिया।

न्यूज फटाफट

रमीज राजा पीसीबी अध्यक्ष पद से बर्खास्त, 14 सदस्यीय पैनल ने संभाला जिम्मा

कराची: पाकिस्तान की सरकार ने पूर्व क्रिकेटर रमीज राजा को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष पद से हटाकर देश में अगले चार महीनों तक क्रिकेट का संचालन करने के लिए नजम सेठी की अगुवाई में 14 सदस्यीय पैनल नियुक्त किया है। पाकिस्तान सरकार ने बुधवार देर रात रमीज को बर्खास्त करने के संबंध में अधिसूचना जारी की। यह फैसला पाकिस्तान के इंग्लैंड के हाथों टेस्ट श्रृंखला में 0-3 से करारी हार के बाद लिया गया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने यह अधिसूचना जारी की जिसे कैबिनेट से मंजूरी मिलना बाकी है जो कि महज औपचारिकता है। पीसीबी के संरक्षक शरीफ ने रमीज को हटाकर सेठी की अगुवाई में नया पैनल नियुक्त किया है।रमीज को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सितंबर 2021 में पीसीबी का अध्यक्ष नियुक्त किया था। वह 15 महीने तक इस पद पर रहे। एहसान मनी के पद छोड़ने के बाद रमीज पीसीबी के 36वें अध्यक्ष बने थे। वह चौथे पूर्व क्रिकेटर थे जिन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उनसे पहले जिन क्रिकेटरों ने यह पद संभाला था उनमें एजाज बट (2008-11), जावेद बुर्की (1994-95) और अब्दुल हफीज कारदार (1972-77) शामिल हैं। सेठी 2013 से 2018 तक पीसीबी के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी रहे थे। उन्होंने 2018 के आम चुनावों में इमरान की पार्टी की जीत के बाद अपना पद छोड़ दिया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ 26 दिसंबर से कराची में शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से कुछ दिन पहले घटे इस घटनाक्रम पर अभी तक पीसीबी या रमीज ने कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है।अधिसूचना में कहा गया है प्रधानमंत्री ने पीसीबी के 2014 के संविधान की समीक्षा की और 2019 से लागू किए गए मौजूदा संविधान को रद्द कर दिया। अधिसूचना के अनुसार सेठी प्रबंधन समिति का नेतृत्व करेंगे जिसमें पूर्व पाकिस्तानी खिलाड़ी शाहिद अफरीदी, हारून रशीद, शफकत राणा और महिला टीम की पूर्व कप्तान सना मीर शामिल हैं। समिति के अन्य सदस्यों में 2019 में रद्द किए गए संचालन बोर्ड के पूर्व सदस्य शामिल हैं। पीसीबी के न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा करने के कुछ घंटों बाद यह अधिसूचना जारी की गई। न्यूजीलैंड की टीम 19 साल बाद टेस्ट श्रृंखला के लिए पाकिस्तान का दौरा कर रही है।

टिर्की को विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

नयी दिल्ली: हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने गुरुवार को कहा कि भारत ने बीते वर्षों में अच्छा प्रदर्शन किया है और उन्हें उम्मीद है कि वे अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ओडिशा पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 में भी इसे जारी रखेंगे। टिर्की ने कहा, ''भारत की वर्तमान पुरुष टीम आत्मविश्वास से भरी है और हाल के वर्षों में उन्होंने जो प्रदर्शन किया है उसने दर्शकों को बहुत खुशी दी है। मुझे विश्वास है कि वे एफआई ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।'' पूर्व कप्तान टिर्की ने कहा कि भारतीय टीम ने अपनी फिटनेस और खेल के तकनीकी पहलुओं पर भी मेहनत की है। टिर्की ने कहा, ''मैं चाहता हूं कि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और आत्मविश्वास के साथ खेलें। टीम के पास बेहतरीन खिलाड़ी हैं और मैं पूरे हॉकी परिवार के साथ भारतीय पुरुष हॉकी टीम को जनवरी के लिये शुभकामनाएं देना चाहता हूं।'' एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप की शुरुआत 13 जनवरी 2023 को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में होगी, जबकि इसके कुछ मुकाबले राउरकेला में भी खेले जायेंगे। इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, नीदरलैंड, भारत, अर्जेंटीना, जर्मनी, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, फ्रांस, कोरिया, मलेशिया, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका, जापान, चिली और वेल्स सहित 16 टीमें विश्व चैंपियन बनने के लिये भिड़ेंगी।

धमक

उमेश यादव और रविचंद्रन अश्विन की शानदार गेंदबाजी की बदौलत

भारत ने बांग्लादेश को 227 रन पर ऑलआउट किया

▶▶ पहले सत्र में दो विकेट गंवाने के बावजूद 82 रन बना लिये

▶▶ कप्तान शाकिब अल हसन (16) चेतेश्वर पुजारा को कैच थमा बैठे

एजेंसियां

ढाका: भारत ने उमेश यादव (25/4) और रविचंद्रन अश्विन (71/4) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत बंगलादेश को दूसरे टेस्ट की पहली पारी में गुरुवार को 227 रन पर ऑलआउट कर दिया। बंगलादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए सहज शुरुआत की और पहले सत्र में दो विकेट गंवाने के बावजूद 82 रन बना लिये। बंगलादेश दूसरे सत्र में आक्रामक बल्लेबाजी करने के इरादे से उतरा, लेकिन लंच के बाद पहली गेंद पर ही कप्तान शाकिब अल हसन (16) चेतेश्वर पुजारा को कैच थमा बैठे। शाकिब के बाद मुश्फिकुर रहीम (26) और लिटन दास (25) भी जल्दी पवेलियन लौट गये, हालांकि मोमिनुल हक ने बंगलादेशी पारी को संभाल लिया। मोमिनुल ने 84 रन की पारी खेलते हुए मेहदी हसन मिराज़ (15) के साथ छठे विकेट के लिये 41 रन की साझेदारी की। मोमिनुल ने 157 गेंदों की अपनी पारी में 12 चौके और एक छक्का लगाया। दिन का खेल खत्म होने से एक घंटा पहले तक बंगलादेश ने पांच विकेट के नुकसान पर 213 रन बना लिये, लेकिन आखिरी पांच विकेट सिर्फ 14 रन के अंतराल पर गंवाने के कारण टीम 227 रन पर ऑलआउट हो गयी। भारत के लिये उमेश यादव और रविचंद्रन अश्विन ने चार-चार विकेट लिये, जबकि 12 साल बाद राष्ट्रीय टीम में आये जयदेव उनाडकट को दो सफलतायें हासिल हुईं।

मैदान पर उतरते ही उनादकट ने बनाया नया रिकॉर्ड, दो मैचों में सर्वाधिक अंतर



एजेंसियां

मीरपुर: भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने गुरुवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में मैदान पर उतरते ही एक अनोखा रिकॉर्ड बनाया। वह सर्वाधिक टेस्ट मैचों से बाहर रहने वाले भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं। उनादकट ने 12 साल पहले 16 दिसंबर 2010 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। इसके बाद अब उन्होंने 118 टेस्ट मैचों में बाहर रहने के बाद टीम में वापसी की। यह भारत की तरफ से रिकॉर्ड है जबकि विश्व क्रिकेट में वह सर्वाधिक टेस्ट मैचों से बाहर रहने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे नंबर पर आ गए हैं। रिकॉर्ड इंग्लैंड के गैरेथ बैटी के नाम पर है जिन्हें दो टेस्ट मैचों के बीच 142 मैच तक इंतजार करना पड़ा था।उनादकट को बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव की जगह टीम में रखा गया है जिन्हें चटगांव में खेले गए पहले टेस्ट मैच में भारत की 188 रन की जीत के बाद मैन ऑफ द मैच चुना गया था। अपने करियर का दूसरा टेस्ट मैच खेल रहे उनादकट ने बांग्लादेश के खिलाफ सुबह के सत्र में सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन का विकेट लिया जिन्होंने पहले टेस्ट मैच में शतक लगाया था। उनादकट को चोटिलमोहम्मद शमी की जगह बांग्लादेश दौरे के लिए टीम में शामिल किया गया था। उन्हें सौराष्ट्र की तरफ से विजय हजारे ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने का इनाम मिला। सौराष्ट्र के कप्तान उनादकट ने विजय हजारे ट्रॉफी में 10 मैचों में सर्वाधिक 19 विकेट लिए थे। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने से पूर्व 96 प्रथम श्रेणी मैचों में 353 विकेट लिए थे।

कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल नहीं करने का फैसला हैरानगी भरा: कपिल

एजेंसियां

कानपुर : बंगलादेश के खिलाफ चटगांव टेस्ट में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव को गुरुवार से ढाका में शुरू हुये दूसरे टेस्ट में जगह नहीं मिलने से कोच कपिल पांडे हैरान हैं। टीम प्रबंधन के फैसले से खिन्न नजर आ रहे कपिल ने कहा '' कुलदीप को अंतिम एकादश में नहीं खिलाने का टीम प्रबंधन का फैसला हैरानगी भरा है। पहले टेस्ट में जो खिलाड़ी प्लेयर आफ द मैच रहा हो, उसे अगले ही टेस्ट में बेंच पर बैठाना हैरत में डालने वाला है। यह किसी भी खिलाड़ी के मनोबल को प्रभावित कर सकता है। शायद टीम प्रबंधन को उम्मीद होगी कि कुलदीप दस से ज्यादा विकेट लेते और शतक भी बनाते तो उनके बारे में विचार किया जा सकता था।'' उन्होने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब कुलदीप के साथ नाइंसाफी हुयी है। इससे पहले आईपीएल में 21 विकेट चटकाने के बावजूद उन्हे टी-20 विश्वकप में जगह नहीं दी गयी। इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने के बाद उन्हे टीम से बाहर किया गया। कुलदीप के कोच ने कहा '' मै टीम प्रबंधन पर सवाल नहीं उठा रहा हूं। भारतीय टीम के कोच बेहद अनुभवी हैं। हो सकता है कि कुलदीप टीम संयोजन में फिट नहीं बैठ रहे हों मगर मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि कुलदीप को अगर ढाका टेस्ट के लिये अंतिम एकादश में स्थान मिलता तो वह एक बार फिर मारक गेंदबाजी से विरोधी टीम को संकट में डालने में सफल होते।

दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे दौरे के लिये कोली बने विंडीज कोच

एजेंसियां

सेंट जॉन्स: क्रिकेट वेस्ट इंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के आगामी दौरों के लिए आंद्रे कोली को अपनी पुरुष टीम का अंतरिम कोच नियुक्त किया है। सीडब्ल्यूआई ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बोर्ड ने बताया कि 19 दिसंबर को सीडब्ल्यूआई के निदेशक मंडल की बैठक के बाद कोली को यह जिम्मेदारी दी गयी। उल्लेखनीय है कि वेस्ट इंडीज के टी20 विश्व कप 2022 के पहले दौर में बाहर होने के बाद पूर्व कोच फिल सिमन्स ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। जमैका के पूर्व विकेटकीपर कोली सीडब्ल्यूआई अकादमी कार्यक्रम के मुख्य कोच हैं। उन्होंने पहले वेस्ट इंडीज अंडर-19 के मुख्य कोच के रूप में और वरिष्ठ पुरुष और महिला दोनों टीमों के सहायक कोच के रूप में काम किया है। वेस्टइंडीज ने जब सिमंस की अगुवाई में टी20 विश्व कप 2016 जीता था, तब कोली ने सहायक कोच की भूमिका निभाई थी। कोली ने कहा, '' जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के आगामी दौरों पर वेस्टइंडीज टीम की देखरेख करने की जिम्मेदारी मिलना एक विशेष सम्मान है। वेस्टइंडीज क्रिकेट मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है। आगामी कार्य चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि हम दो टीमों के खिलाफ उनकी घरेलू परिस्थितियों में खेलेंगे।'' उन्होंने कहा, '' हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता होगी कि हमारी योजना और तैयारी उपयुक्त हैं। हम इन योजनाओं निरंतरता के साथ मैदान पर लागू करने की कोशिश करेंगे ताकि सकारात्मक परिणाम हासिल कर सकें।''

सिंधम अगेन के लिये उत्साहित हैं रोहित शेट्टी

एजेंसियां

मुंबई: बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार रोहित शेट्टी, फिल्म सिंधम अगेन का निर्देशन करने के लिये उत्साहित हैं। अजय देवगन और रोहित शेट्टी एक बार फिर साथ आ रहे है। दोनों सिंधम अगेन बना रहे है। यह सिंधम फिल्म की तीसरी कड़ी होगी। इस फिल्म में अजय देवगन लीड रोल में एक साधारण पुलिस ऑफिसर के रोल में नजर आएंगे। रोहित शेट्टी ने बताया है कि वह इस फिल्म के लिए काफी उत्साहित हैं क्योंकि स्क्रिप्ट बहुत अच्छी बनी है। रोहित शेट्टी ने कहा कि पुलिस फ्रैंचाइजी को पसंद करने वालों को फिल्म सिंधम अगेन बहुत पसंद आएगी। सिंधम अगेन लार्जर दैन लाइफ है। इसे सूर्यवंशी से एक अलग लेवल पर बनाया गया है और यह सूर्यवंशी से 10 गुना बड़ी भी है।मैं बहुत कम ही किसी फिल्म को लेकर एक्साइटेड होता हूं, लेकिन ह्यसिंधम अगेनह्ल इतने सालों के बाद एक ऐसी स्क्रिप्ट है, जिसकी शूटिंग शुरू करने के लिए मैं एक्साइटेड हूं।

फिल्म 'कुत्ते' के ट्रेलर को मिल रही प्रशंसा से खुश हैं अर्जुन कपूर

एजेंसियां

मुंबई: बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर अपनी आने वाली फिल्म कुत्ते के ट्रेलर को मिल रही प्रशंसा से बेहद खुश हैं। बॉलीवुड फिल्मकार विशाल भारद्वाज के बेटे आसमान भारद्वाज के निर्देशन में बनी फिल्म 'कुत्ते' में अर्जुन कपूर मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म में अर्जुन कपूर के अलावा नसीरुद्दीन शाह, कोंकणा सेन शर्मा, तब्बू, कुमुद मिश्रा, राधिका मदान और शर्दुल भारद्वाज भी नजर आएंगे। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 'कुत्ते' के ट्रेलर को मिल रही प्रशंसा से अर्जुन कपूर बेहद खुश हैं। अर्जुन कपूर ने कहा, ''यह देखना वास्तव में उत्साहजनक है कि लोग, मीडिया और उद्योग 'कुत्ते' के ट्रेलर को पसंद कर रहे हैं और मुझे इस फिल्म में देखने के लिए उत्साहित हैं। मुझे एहसास है कि लोग मुझे बेहतर प्रदर्शन करते हुए देखना चाहते हैं। मुझे खुशी है कि जो प्यार मुझे 'संदीप और पिंकी फरार' के दौरान मिला, वही प्यार मुझे 'कुत्ते' के ट्रेलर रिलीज के बाद भी मिल रहा है। अब उम्मीद है कि मैंने फिल्म में जो किया है उसे लोग पसंद करेंगे। मैं फिल्म रिलीज होने पर प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्सुक हूं। लोगों ने जो कुछ भी देखा है वह केवल एक झलक है कि फिल्म में मेरा किरदार क्या करता है।'' गौरतलब है कि 'कुत्ते' का निर्माण लव फिल्म्स और विशाल भारद्वाज फिल्म्स के बैनर तले लव रंजन, विशाल भारद्वाज, अंकुर गर्ग और रेखा भारद्वाज ने किया है। वहीं, इसे गुलशन कुमार और भूषण कुमार की टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। आसमान भारद्वाज निर्देशत यह फिल्म एक सस्पेंस थ्रिलर है।यह फिल्म 13 जनवरी 2023 को रिलीज होगी।

अनिल कपूर और जैकी श्राफ की जोड़ी फिर मचायेगी धूम

एजेंसियां

मुंबई: बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर और जैकी श्राफ की सुपरहिट जोड़ी सिल्वर स्क्रीन पर फिर से धूम मचाती नजर आ सकती है। अनिल कपूर और जैकी श्राफ ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। बॉलीवुड में चर्चा है कि सुभाष घई की फिल्म चोर पुलिस में अनिल कपूर और जैकी श्राफ काम कर सकते हैं। इसे लेकर दोनों से बातचीत चल रही है। यह एक कॉमिक फिल्म है, जिसमें अनिल कपूर चोरों ??के परिवार से और जैकी श्रॉफ पुलिस के परिवार से होंगे। फिल्म में दोनों के बीच शानदार कैमिस्ट्री भी देखने को मिलेगी। बताया जा रहा है कि चोर पुलिस को अनीस बज्मी और पट्टू पारेख द्वारा लिखा गया है। यह पुलिस और चोरों के परिवारों के इर्द-गिर्द एक कॉमेडी फिल्म है। निदेशक के के लिए रवि जाधव के साथ बातचीत चल रही है। फिल्म फिलहाल शुरुआती दौर में है।यह अनीस बज्मी की एक टिपिकल फिल्म है, जिसमें पुलिस, चोर, परिवार और एक प्रेम कहानी होगी।

विक्रांत सिंह राजपूत-रक्षा गुप्ता ने शुरू की फिल्म 'फनमौजी' की शूटिंग

एजेंसियां

मुंबई: भोजपुरी फिल्म अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत और अभिनेत्री रक्षा गुप्ता ने फनमौजी की शूटिंग शुरू कर दी है। कॉमेडी फिल्म फनमौजी का एक सेंसेशनल गाना शूट किया गया है, जिसमें विक्रांत सिंह राजपूत और रक्षा गुप्ता के बीच एक केमिस्ट्री शानदार रही। इस गाने के शूट के दौरान की कुछ फोटोज सोशल मीडिया में वायरल रहे हैं।फिल्म फनमौजी का निर्माण डीवीए एसपी मूवीज के बैनर तले किया जा रहा है। इस फिल्म को लेकर विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा कि यह एक शानदार कॉमेडी फिल्म होने वाली है, दर्शकों को खूब गुदगुदाएगी। इस फिल्म में सभी किरदार का अहम रोल है। सभी एक दूसरे से जुड़े हैं।

इस फिल्म के स्क्रिप्ट पर दो सालों से काम चल रहा है, तब जाकर आज यह फ्लोर पर आई है। वहीं, फिल्म के कथाकार और निर्देशक बालकृष्ण सिंह ने कहा कि हम फिल्म को बड़े स्तर पर शूट कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग दमन और मड के साथ गोरखपुर में भी होगी। साथ ही फिल्म के कुछ हिस्सों की शूटिंग अमेरिका में भी होगी। इस फिल्म के निर्माता सुधीर गुप्ता हैं, जो अमेरिका में ही रहते हैं। रक्षा गुप्ता ने कहा कि फनमौजी में फाइनली मैं कॉमेडी कर रही हूं। इससे पहले मैंने एक्शन किया है। इमोशनल फिल्म की है। तो मैं इस फिल्म को लेकर खुश हूं। उन्होंने कहा कि हमारी फिल्म काफी फन वाली है और हम सेट पर भी फन कर रहे हैं। साथ ही आज जो गाना शूट हुआ है, वह भी बेहतरीन होने वाला है।

शाहरूख-दीपिका की फिल्म पठान का दूसरा गाना झूमे जो पठान रिलीज

एजेंसियां

मुंबई: बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म पठान का दूसरा गाना झूमे जो पठान रिलीज हो गया है। यशराज बैनर तले बन रही सिद्धार्थ आनंद निर्देशित पठान में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म का दूसरा गाना झूमे जो पठान रिलीज हो गया है। पठान के इस गाने को विशाल- शेखर ने तैयार किया है। झूमे जो पठान के बोल कुमार ने लिखे है, जबकि अरिजीत सिंह, सुकृति कक्कड़, विशाल और शेखर ने गाने को अपनी आवाज दी है।फिल्म पठान 25 जनवरी, 2023 को हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।

प्रदेश >> अपडेट

अधेड़ महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

श्रीगंगानगर : जस्थान के श्रीगंगानगर जिले में सादुलशहर थाना क्षेत्र के गांव प्रतापपुरा में आज एक अधेड महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक प्रताप पुरा निवासी सुखदीपकौर जटसिख (55)को उसके परिवार जन गंभीर हालत में सादुलशहर के सरकारी अस्पताल में लेकर आए ।डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार दिया हालत में सुधार होते ने देखकर सुखदीपकौर को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

कोविड-19 की स्थिति पर मोदी की समीक्षा बैठक

नयी दिल्ली: चीन और कुछ अन्य देशों में कोविड के बढते मामलों को लेकर उत्पन्न स्थिति पर विचार-विमर्श करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे हैं। चीन में ओमिक्रॉन के सब वेरिएंट बीएफ-7 के कारण तेजी से बढ़ें संक्रमण के कारण पैदा हुई स्थिति पर प्रधानमंत्री समीक्षा बैठक करेंगे। यह बैठक इस कारण भी जरूरी हुई कि पिछले छह माह में भारत में भी इस वेरिएंट के चार मामले दर्ज किये गये। इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को एक बैठक करके अधिकारियों और विशेषज्ञों से बात की थी और अलर्ट रहने तथा निगरानी प्रक्रिया को तेज करने के आदेश दिये थे।

भारतीय ग्राहक पंचायत के सदस्यों के साथ रोपे पौधे

भोपाल: मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के सदस्यों के साथ यहां स्मार्ट सिटी उद्यान में करंज, खिरनी और सारिका इंडिका के पौधे लगाए। आधिकारिक जानकारी के अनुसार चौहान के साथ आशीष शर्मा ने अपने जन्म-दिवस पर पौध-रोपण किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं और बधाई दी।

खेत में पानी मोड़ने गए किसान की हुई मौत

अलवर : राजस्थान में अलवर के उद्योग नगर थाना क्षेत्र के गांव केरवा जाट में खेत में पानी देने गए एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक किसान के परिजन रूप सिंह ने बताया की मृतक बच्चू सिंह चौधरी बीती रात अपने घर से खेत में पानी मोड़ने के लिए गया था लेकिन वह सुबह तक घर नहीं लौटने पर परिजन उसको ढूंढते हुए खेत की तरफ पहुंचे जहा वह खेत में मृत अवस्था में पड़ा हुआ मिला।

योजना राज्यों को मोटे अनाजों की खरीद के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा

मोटे अनाजों की बड़े पैमाने पर होगी खरीद : तोमर

▶▶ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मोटा अनाज वर्ष घोषित किया गया है

▶▶ राज्यों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जायेगी

एजेंसियां



नयी दिल्ली : कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि सरकार पौष्टिक मोटे अनाजों के उपयोग को बढावा देने के लिए इस बार बड़े पैमाने पर इनकी खरीद की जायेगी और इसके लिए राज्यों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जायेगी । तोमर ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मोटे अनाजों (ज्वार , बाजरा ,रागी आदि) की खरीद के लिए राज्यों को केन्द्र को प्रस्ताव भेजना होगा और उसके आधार पर उन्हें राशि उपलब्ध करायी जायेगी । राज्यों की ओर से जिन मोटे अनाजों की खरीद की जायेगी उसका वितरण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से करना होगा । उन्होंने बताया कि पिछले साल सात राज्यों ने 13 लाख टन मोटे अनाजों की खरीद की थी । इस बार और अधिक राज्यों को मोटे अनाजों की खरीद के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा । उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मोटा अनाज वर्ष घोषित किया गया है । कृषि मंत्री ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दलहनों और तिलहनों की भी खरीद की जा रही है जिससे किसानों को लाभकारी मूल्य मिल रहा है । दलहनों के मामले में देश लगभग आत्मनिर्भर हो गया है जबकि तिलहनों के उत्पादन बढाने के लिए कई कदम उठाये गये हैं । तोमर ने 'एक देश एक राशन कार्ड' योजना और आधुनिक तकनीक से लोगों को हो रहे फायदे की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इससे कही भी लोग सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों से अपना राशन आसानी से प्राप्त कर सकते हैं । इससे अपने राज्य के बाहर जा कर काम करने वाले लोगों को सार्वाधिक फायदा हो रहा है । उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली की पांच लाख से अधिक दुकानों में पॉस मशीने लगायी गयी है । इससे पारदर्शिता बढी है और फर्जी कार्ड का पता चला है । देश भर में 19 करोड़ राशन कार्ड हैं जिससे करीब 80 करोड़ लोग जुड़े हैं । राशन कार्ड से पार्टेबल की सुविधा मिलने के कारण वर्ष 2019 में 93 करोड़ लेनदेन तथा 2022 में 39 करोड़ लेनदेन हुए हैं । इस योजना पर तीन लाख 90 हजार करोड़ रुपये खर्च किये गये ।

आप सरकार किसानों को दे रही धोखा : नैनीवाल

एजेंसियां

चंडीगढ़: भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पंजाब किसान मोर्चा के अध्यक्ष दर्शन सिंह नैनीवाल ने जीरा में प्रदर्शन कर रहे किसान-मजदूरों पर लाठीचार्ज की निंदा करते हुए गुरुवार को आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) ने किसानों के मुद्दों पर राजनीति कर सत्ता हासिल की और अब सरकार किसानों को धोखा दे रही है। नैनीवाल ने यहां जारी बयान में कहा कि राज्य की भगवंत सिंह मान सरकार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से सीख लेनी चाहिए , जिसने एक साल से ज्यादा चले किसान आंदोलन के दौरान कभी भी किसी किसान पर किसी तरह की सख्ती का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब के किसानों की हितैषी होने का झूठा ड्रामा कर सत्ता में आई आप सरकार किसानों पर अत्याचार कर रही है, जिसका जिसका एक उदाहरण खुद मुख्यमंत्री के विधानसभा हल्के संगरूर में मांगपत्र देने पहुंचे खेतिहर मजदूरों पर लाठीचार्ज किया गया। जीरा में संघर्ष कर रहे किसानों, मजदूरों और महिलाओं पर लाठी चार्ज करने के बजाय पंजाब सरकार को चाहिए कि वह किसी निष्पक्ष एजेंसी से फैक्ट्री में पर्यावरण और पानी को नुकसान पहुंचाए जाने के आरोपों की जांच करवाए। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार हर मोर्चे पर बुरी तरह विफल रही है और चुनाव पूर्व किये वादे पूरे नहीं कर रही। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को समय पर खाद नहीं मिल रही, किसानों के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य के नाम पर भी धोखा किया है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार केंद्र सरकार की मूल्य अंतर योजना का लाभ किसानों तक नहीं पहुंचा रही है। उन्होंने मांग की कि पंजाब सरकार को अपने वादे के मुताबिक किसानों का सारा कर्ज माफ करना चाहिए।

विपक्ष हंगामे के बीच शिवराज का अविश्वास प्रस्ताव पर जवाब

एजेंसियां

भोपाल: मध्यप्रदेश विधानसभा में विपक्षी दल कांग्रेस के लगातार हंगामे के बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के बिंदुओं पर अपना जवाब प्रस्तुत किया। चौहान के लगभग ढाई घंटे के संबोधन के दौरान उन्होंने लगभग सभी बिदुओं पर अपनी बात रखी। उन्होंने कांग्रेस के 15 महीने के शासनकाल के दौरान की गतिविधियों को लेकर विपक्ष को लगातार घेरा। चौहान ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि कांग्रेस 15 साल बाद सरकार में आई, तो जनता से किए अपने सभी वायदे पूरा करेगी। इस दौरान उन्होंने प्रतिपक्ष से ही कहा कि वे सोचें कि उनकी सरकार आखिर गिर क्यों गई। सदन की कार्यवाही के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की गैरमौजूदगी को भी उन्होंने रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार विपक्ष के सदस्यों के सम्मान का भी ध्यान रखती है। इसी दौरान उन्होंने एक उदाहरण के माध्यम से बताया कि जब वे मुख्यमंत्री नहीं थे तो उनके साथ किस प्रकार का व्यवहार किया गया था। चौहान ने कहा कि कांग्रेस की कमलनाथ सकार ने भ्रष्टाचार का लोकव्यापीकरण किया। उन्होंने कहा कि उस दौरान पदों की बंदरबांट हुई।

प्रदेश में शुष्क शीत लहर 25 दिसंबर तक चलने के अनुमान है

एजेंसियां

शिमला: हिमाचल प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान तापमान शून्य से कम हो जाने के कारण यहां का सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने कहा कि प्रदेश में शुष्क शीत लहर 25 दिसंबर तक चलने के अनुमान है। विभाग ने निचली पहाड़ियों और मैदानी भाग के अलग-अलग इलाकों में घने कोहरे की चेतावनी दी है और मैदानी इलाकों में शीत लहर चलने के आसार जताए हैं। लाहौल-स्पीति जिला प्रशासन ने यात्रियों के लिए यातायात परामर्श जारी करते हुए कहा कि मनाली लेह राष्ट्रीय राजमार्ग दारचा तक खुला है।

आरपीएससी ने मनाया 74वां स्थापना दिवस

एजेंसियां

अजमेर: राजस्थान लोकसेवा आयोग अजमेर मुख्यालय पर आज 74वां स्थापना दिवस मनाया गया। आज ही के दिन 22 दिसंबर 1949 को लोकसेवा आयोग विधिवत रूप से अस्तित्व में आया था। राजस्थान प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा की महत्वपूर्ण नौकरियों के अलावा सरकारी नौकरियों में भर्ती का महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हुए आयोग को आज 74 साल पूरे हो गए लेकिन आयोग में सदस्यों का कोरम आज भी पूरा नहीं हुआ। आयोग अध्यक्ष सहित सात सदस्यों की संवैधानिक संस्था है लेकिन अधिकांश समय यहां सदस्यों के पद रिक्त ही रहते हैं जिससे आयोग को कार्य निपटाने में बहुत दिक्कतें आती है और अनेकों मामले लंबित हो जाते हैं। सरकार की ओर से आयोग सदस्यों की संख्या पूरी तरह नहीं भरे जाने से आयोग का कार्य प्रभावित होता है।

जे पी अवार्ड से सम्मानित होंगे कला एवं संस्कृति के पुरोधा

▶▶ योगदान देने वाले 33 विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा

राष्टीय खबर

लखनऊ : लोकनायक जयप्रकाश राष्ट्रीय कला और संस्कृति प्रतिष्ठान, नयी दिल्ली एल.एन.जे.पी.आई.एस.डी.सी. के सहयोग से भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण की स्मृति में इस वर्ष का वार्षिक जेपी अवार्ड कार्यक्रम 2022 दिनांक 21 दिसंबर, 2022 को आयोजित करने जा रहे हैं। एल. आई. सी. इंडिया, वाइड एक्सपोर्ट और ए.सी.एस ड्राइमिक्स के सहयोग से दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में होने जा रहे इस भव्य जे पी अवार्ड समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय वाणिज्य राज्य मंत्री पंकज चौधरी, पद्मविभूषण डॉ. सोनल मानसिंह तथा सम्मानित अतिथि के रूप में पद्मश्री शोभना नारायण एवं कंज्यूमर अफेयर्स के वर्तमान सचिव रोहित सिंह मौजूद रहेंगे । इस सम्मान समारोह में देश के कला-संस्कृति क्षेत्र के पुरोधाओं को लोकनायक राष्ट्रीय स्मृति सम्मान -2022 से सम्मानित किया जायेगा। इस सम्मान समारोह में कला जगत के अलावा भी कई अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले 33 विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा। कला संस्कृति से जुड़े पुरोधा में कुछ दृश्यकला में अहम योगदान देने वाले चित्रकार, कला समीक्षा-कला लेखन और कला- प्रोत्साहन जैसे क्षेत्रों के खास लोगों को भी सम्मानित किया जा रहा है। जिसमे प्रसिद्ध समकालीन चित्रकार अर्पणा कौर, नई दिल्ली से, प्रसिद्ध इंस्टालेशन कलाकार, निदेशक, गोवा संग्रहालय सुबोध केरकर गोवा से, वरिष्ठ लोक कलाकार राम शब्द सिंह (कोहबर कला) आजमगढ़ उत्तर प्रदेश से, पूर्व आयुक्त और वरिष्ठ कला लेखक नर्मदा प्रसाद उपाध्याय, मध्य प्रदेश से, पत्रकार, कला-संस्कृति लेखक आलोक पराड़कर लखनऊ उत्तर प्रदेश से एवं बिहार सरकार के पूर्व मुख्य सचिव एवं महानिदेशक, बिहार म्यूजियम,पटना अंजनी कुमार सिंह पुरस्कृत होंगे। संस्था की उत्तर प्रदेश इकाई के संस्कृति सचिव भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने बताया कि बुधवार को नई दिल्ली में लोकनायक लोककला सम्मान से राम शब्द सिंह, वरिष्ठ लोक कलाकार, कोहबर कला को जे पी पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। यह पहली बार होगा कि उत्तर प्रदेश के लोककला चित्रों को एक बड़े सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। चित्रकार रामशब्द सिंह का जन्म 1 जुलाई 1950 उत्तर प्रदेश के जनपद आजमगढ़ के लालगंज अहिरौली गाँव में हुआ है। वर्तमान में वे सहारनपुर में रहते हुए कलाकर्म कर रहे हैं। इनकी कला शिक्षा 1977 में चित्रकला विषय से काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी से हुई है। इन्होंने वाराणसी जनपद की लोककलाओं का विश्लेषणात्मक अध्ययन पर मेरठ विश्वविद्यालय से पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त की। कला के क्षेत्र में देश के कई राज्यों से इन्हें अनेकों पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए हैं। इनकी लोककलाओं के चित्रों की प्रदर्शनी भी एकल एवं सामुहिक रूप से देश के कई हिस्सों में लगाई गई है। साठ से अधिक कार्यशालाओं, कला शिविरों में भी आपने भाग लिया है। आपके कृतित्व पर 13 विद्यार्थियों ने पी.एच.डी. की उपाधि भी प्राप्त की है। 1998 में इनके सांझी कला पर एक फिल्म भी बनाई गई है ।प्रकाशन के रूप में लोक रीति रिवाज शीर्षक से पुस्तक भी प्रकाशित हुई है जो राज्य ललित कला अकादमी, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के द्वारा प्रकाशित है। लोककला से ओतप्रोत डॉ रामशब्द सिंह ने उत्तर प्रदेश के लोकचित्रों को लेकर काफी कार्य किया है। आज भी 72 वर्ष की अवस्था मे आप निरंतर कलाकर्म किये जा रहे हैं। आज भी इनके चित्रों से ग्रामीण अंचलों की मिट्टी से ओतप्रोत लोककला की खुश्बू फैल रही है। रामशब्द के चित्र देश ही नहीं विदेशों में भी भारत की कला संस्कृति की झलक को दशार्ती है। राम शब्द सिंह कहते हैं कि हमे अपने लोककलाओं की उन धरोहरों को सुरक्षित और संरक्षित करने की आवश्यकता है। इसके अभाव में देश की तमाम लोककलाएं दम तोड़ती नजर आ रही हैं। यह हम सबकी जिम्मेदारी है, और मैं उसी जिम्मेदारी का वहन कर रहा हूँ। बतौर कला संरक्षक व प्रोत्साहन कर्ता के तौर पर जाने जानेवाले, 1981बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी एवं बिहार सरकार के पूर्व मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह फरवरी 2022 को बिहार म्यूजियम, पटना के महानिदेशक बने। वे बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के मुख्य परामर्शी भी हैं। बिहार में कला संस्कृति एवं पुरातत्व के संरक्षण संवर्द्धन के लिए इनकी महती भूमिका अविस्मरणीय है। विदित हो कि अपनी तरह के अनूठे और आधुनिक संग्रहालय के तौर पर चिन्हित बिहार म्यूजियम, पटना की परिकल्पना एवं क्रियान्वयन में भी आपकी सक्रिय भागीदारी रही है। उन्हें इस कार्यक्रम में लोकनायक कला संरक्षण एवं प्रोत्साहन सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। वाराणसी,उत्तर प्रदेश के रहने वाले आलोक पराड़कर को लोकनायक कला और संस्कृति लेखन सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। पुस्तकों के रूप में प्रख्यात तबला वादक पंडित किशन जी महाराज पर अभिनंदन ग्रन्थ,वाराणसी के रंगमंच पर काशी का रंगमंच, वाराणसी के विविध पक्षों पर प्रेरणा काशी, अयोध्या शोध संस्थान की शोध पत्रिका साक्षी, कला स्त्रोत,रामकथा वैश्विक संदर्भ वाणी प्रकाशन का संपादन कार्य किया। सम्मान के रूप में पराड़कर को उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी सम्मान, माटी रतन ,वकार-ए-अवध, पत्रकारिता प्रवीण,पंडित कमलापति त्रिपाठी स्मृति पत्रकारिता सम्मान भी अबतक प्राप्त हुए। वर्तमान में नादरंग के संपादक हैं, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की त्रैमासिक पत्रिका छायानट में अतिथि संपादक भी रहे। नियमित लेखन राष्ट्रीय सहारा, इंडिया टुडे साथ ही अनेकों पत्र पत्रिकाओं में कर रहे हैं। नर्मदा प्रसाद उपाध्याय का जन्म 30 जनवरी 1952 को पावन नर्मदा तट पर अवस्थित हरदा नगर में हुआ।

विगत लगभग 47 वर्षों से साहित्य, कला तथा संस्कृति के विभिन्न अनुशासनों के अध्ययन व उनसे जुड़े विभिन्न विषयों पर सर्जनात्मक रूप से सक्रिय हैं। वे वाणिज्यिक कर विभाग के विभिन्न पदों पर 40 वर्षों तक कार्यरत रहकर वर्ष 2015 में सदस्य, मध्यप्रदेश वाणिज्यिक कर अपील बोर्ड के पद से सेवानिवृत्त हुए। देश तथा विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, संग्रहालयों तथा कलावीथिकाओं में उनके द्वारा नियमित रूप से व्याख्यान व प्रस्तुतिकरण दिए गए हैं। निबंधकार, समीक्षक, संस्कृतिविद् तथा भारतीय कला के विभिन्न अनुशासनों के विशेषकर भारतीय लघुचित्र परम्परा के अध्येता तथा कला व साहित्य के अंर्तसंबंधों के विचारक र्मदा प्रसाद उपाध्याय की कृतियों और साहित्यिक उपलब्धियों का विवरण की एक लंबी सूची है। भूपेन्द्र कुमार अस्थाना

(सांस्कृतिक सचिव, उ.प्र.)
लोकनायक जयप्रकाश राष्ट्रीय कला और संस्कृति प्रतिष्ठान,
नई दिल्ली
9452128267,
7011181273

न्यूज फटाफट

सदस्यों के इस्तीफे स्वीकार करवाने को खटखाएगी सुप्रीम कोर्ट

इस्लामाबाद : पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक ए-इंसाफ (पीटीआई) अपने सदस्यों का इस्तीफा स्वीकर करने के लिए नेशनल असेंबली के अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ से सम्पर्क नहीं करेंगे, बल्कि इसके लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी। उल्लेखनीय है कि पीटीआई ने बुधवार को कहा था कि वह अपने सदस्यों के इस्तीफे को स्वीकार करने के लिए नेशनल असेंबली के अध्यक्ष अशरफ से सम्पर्क करेगी और उनसे इस्तीफे स्वीकार करने के लिए कहेगी, लेकिन पार्टी ने अब अपनी योजना बदल दी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता सीनेटर शिबली फ़राज़ ने घोषणा की है कि पार्टी के सदस्य नेशनल असेंबली नहीं जाएंगे, इसके बजाय, पीटीआई सामूहिक इस्तीफे की स्वीकृति के लिए सर्वोच्च न्यायालय का रुख करेगी। उन्होंने कहा, हम एक-दो दिन में सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा, पार्टी शीर्ष अदालत जा रही है,जहां विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई के दौरान इस मुद्दे पर पहले ही चर्चा हो चुकी है और यहां तक कि न्यायाधीशों ने भी कहा था कि पीटीआई को एनए छोड़ने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए।

काबुल की महिलाओं के विश्वविद्यालय प्रवेश पर लगी रोक

काबुल: अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने महिलाओं की शिक्षा पर जबरदस्त कुठाराघात करते हुए उनके विश्वविद्यालय प्रवेश पर रोक लगा दी है। महिलाओं को उच्च शिक्षा से रोकने के लिए तालिबान सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय की ओर से विश्वविद्यालयों के लिए जारी आदेश की विदेशों और संयुक्त राष्ट्र में कड़ी आलोचना हो रही है। काबुल में एक निजी विश्वविद्यालय में बिज़नेस स्टडीज़ की छात्रा शाइस्ता ने कहा, जब हम विश्वविद्यालय पहुंचे तो गेट पर खड़े तालिबानियों ने हमसे कहा कि अगले आदेश तक हमें अंदर जाने की इजाजत नहीं है। यह बात सुनकर सभी छात्राएं रोने लगीं। काबुल के ही एक अन्य विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि स्टाफ के पास इस आदेश को लागू करने के सिवा और कोई चारा नहीं था। इसलिए स्टाफ को लड़कियों को वापस भेजना पड़ा। तालिबान प्रशासन ने महिलाओं की उच्च शिक्षा पर यह पाबंदी लगाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति पाने की अपनी पहल को कमजोर किया है साथ ही उन पर लगे विभिन्न प्रतिबंधों को समाप्त कर अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के प्रयासों पर भी इस फैसले से कुठाराघात हुआ है। तालिबान सरकार के इस फैसले के बाद अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन ने सरकार को इस फैसले को तुंरत वापस लेने को कहा है और प्रशासन ने छठी कक्षा से ऊपर के लिए लड़कियों के स्कूल खालने तथा महिलाओं और लड़कियों के दैनिक सार्वजनिक जीवन में हिस्सा लेने पर लगी रोक को समाप्त करने की अपील की है।

नासा के इनसाइट लैंडर ने मंगल पर पूरा किया मिशन

लॉस एंजेलिस: अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के इनसाइट लैंडर ने मंगल ग्रह पर अद्वितीय विज्ञान एकत्र करने के चार साल से अधिक समय के बाद अपना मिशन पूरा कर लिया है। यह जानकारी नासा ने दी है। नासा ने बताया कि दक्षिणी कैलिफोर्निया स्थित एजेंसी की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी में मिशन नियंत्रक लगातार दो प्रयासों के बाद लैंडर से संपर्क करने में असमर्थ रहे, जिसके कारण उन्हें यह निष्कर्ष निकालना पड़ा कि अंतरिक्ष यान की सौर ऊर्जा से चलने वाली बैटरी नष्ट हो गयी है। एजेंसी ने बताया कि नासा ने फैसला लिया था कि यदि दो प्रयासों के बाद लैंडर से सम्पर्क स्थापित नहीं हो पता है, इस मिशन के पूरा होने की घोषण कर दी जाएगी। नासा ने बुधवार को बताया कि इनसाइट ने आखिरी बार पृथ्वी के साथ 15 दिसंबर को संचार स्थापित किया था। उल्लेखनीय है कि नासा ने मई 2018 में मंगल के गहरे आंतरिक भाग का अध्ययन करने के लिए इनसाइट लॉन्च किया गया था। इसने नवंबर 2018 के अंत में लाल ग्रह पर सुरक्षित लैंड किया था। नासा के अनुसार, पिछले चार वर्षों में इनसाइट ने लगभग 1,300 भूकंपों का पता लगाया है और अनगिनत वैज्ञानिक खोजें की हैं।

कैपिटल हिल हिंसा की अंतिम रिपोर्ट दायर करने में करेंगी देरी

वाशिंगटन: अमेरिका के कैपिटल हिल यानी संसद भवन में छह जनवरी 2021 को हुई हिंसा की जांच कर रही अमेरिकी कांग्रेस के सदन की प्रवर समिति ने कहा कि वह अपनी अंतिम रिपोर्ट जारी करने में देरी करेगी।सदन पैनल ने बुधवार को एक बयान में कहा कि अब उम्मीद है कि इसकी अंतिम रिपोर्ट आज दाखिल की जायेगी और आज ही जारी भी की जाएगी। पैनल की ओर से यह भी कहा गया कि अन्य रिकॉर्ड बुधवार को जारी किए जा सकते हैं। यह घोषणा समिति द्वारा अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चार आपराधिक आरोपों के लिए अपनी रिपोर्ट न्याय विभाग को भेजने के दो दिन बाद की। ट्रम्प के खिलाफ लगे चार आरोपों में विद्रोह के लिए उकसाने का आरोप भी शामिल है।

गठबंधन सरकार बनाने में सफल रहने का किया दावा

यरुशलम: इजरायल के भावी प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने नई गठबंधन सरकार बनाने में सफल रहने का दावा किया है। नेतन्याहू ने मध्य रात्रि से कुछ समय पहले ट्वीट कर कहा,मैं (सरकार बनाने में) कामयाब रहा। वहीं नेतन्याहू की दक्षिणपंथी लिकुड पार्टी ने एक अलग बयान में कहा कि अनुभवी नेता ने राष्ट्रपति आइजैक हजीग को फोन किया और उन्हें सूचित किया कि उन्होंने (नेतन्याहू) सफलतापूर्वक नई सरकार बनाने के लिए समर्थ जुटा लिया है। लिकुड पार्टी ने हालांकि अभी तक अपने पांच सहयोगियों में से चार के साथ अंतिम गठबंधन समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। इन पांच सहयोगियों में से तीन अति-दक्षिणपंथी दल और दो यहूदी अति-रूढ़िवादी दल शामिल हैं। इजरायल के कानून के अनुसार, नई सरकार को 02 जनवरी, 2023 तक शपथ लेने की आवश्यकता है। नेतन्याहू के समूह ने एक नवंब को हुए चुनाव में संसद की 120 सीटों में से 64 पर जीत हासिल की है।

आज का इतिहास

- ▶▶ 1672 : खगोलविद जियोवनी कैसिनी ने शनि के उपग्रह 'रिया' की खोज की।
- ▶▶ 1894 : रवीन्द्रनाथ टैगोर ने पश्चिम बंगाल के शांतिनिकेतन में पूस मेले का उद्घाटन किया।
- ▶▶ 1901 : शांतिनिकेतन में ब्रह्मचर्य आश्रम को औपचारिक रूप से खोला गया।
- ▶▶ 1902 : भारत के सातवें प्रधानमन्त्री चौधरी चरण सिंह का जन्म हुआ।
- ▶▶ 1914 : प्रथम विश्व युद्ध ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की सेना मिस्र की राजधानी काहिरा पहुंची।
- ▶▶ 1921 : विश्व-भारती विश्वविद्यालय का उद्घाटन हुआ।
- ▶▶ 1922 : बीबीसी रेडियो ने दैनिक समाचार प्रसारण शुरू किया।
- ▶▶ 1926 : आर्य समाज प्रचारक एवं विद्वान स्वामी श्रद्धानंद की हत्या।
- ▶▶ 1968 : मौसम संबंधी देश के पहले रॉकेट 'मेनका' का सफल प्रक्षेपण।
- ▶▶ 1976 : सर शिवसागर रामगुलाम द्वारा मॉरिशस में सरकार का गठन।
- ▶▶ 1969 : चांद पर से लाए गए पत्थरों को राजधानी में आयोजित एक प्रदर्शनी में रखा गया।
- ▶▶ 1995 : हरियाणा के मंडी डाबवाली इलाके में स्थित एक स्कूल में कार्यक्रम के दौरान आग लगने से 360 लोगों की मौत।
- ▶▶ 2002 : इजरायली सेना के हटने तक फलिस्तीन का चुनाव स्थगित।
- ▶▶ 2003 : इजरायल ने गाजा पट्टी पर हमला किया।
- ▶▶ 2005 : वामपंथी विरोधी लेक काकजिंस्की ने पौलैंड के राष्ट्रपति का पद भार ग्रहण किया।
- ▶▶ 2007 : पाकिस्तान में लगे आपातकाल को वहाँ की अदालत ने सही ठहराया।
- ▶▶ 2008 : सॉफ्टवेयर कम्पनी सत्यम पर विश्व बैंक ने प्रतिबंध लगाया।
- ▶▶ 2019 : दिल्ली के किराड़ी में तीन मंजिला मकान में आग लगने से नौ लोगों की मौत।
- ▶▶ 2019 : सऊदी अरब के पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या के मामले में पांच को सुनाई गई मौत की सजा।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची शुक्रवार 12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
23:12:2022

आरके चौधरी बने चेयरमैन

रांची: झारखंड रियल इस्टेट रेगुलेटरी आथोरिटी (झारेरा) का चेयरमैन आरके चौधरी को बनाया गया है। वहीं वीरेंद्र भूषण को झारेरा का सदस्य बनाया गया है। अब रेरा के पेंडिंग मामलों की सुनवाई में तेजी आएगी। चूंकि दो महीने से रेरा के अध्यक्ष का पद खाली होने के कारण कोर्ट में सुनवाई नहीं हो रही थी। वहीं लगातार कंप्लेन की वजह से आवेदकों की लिस्ट लंबी हो गई है।

खुलासा ईडी के शपथपत्र में हेमंत सोरेन के प्रतिनिधि पर आरोप

प्रशासन को नियंत्रित करते थे पंकज मिश्रा

राष्ट्रीय खबर

रांची: ईडी के जांच में घिरे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और बड़हरवा के डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा एक दूसरे के काफी करीबी है। यह बात ईडी की जांच के दौरान सामने आयी। ईडी ने हाईकोर्ट में शपथपत्र दिया है, जिसमें कहा है कि पंकज मिश्रा के द्वारा उपयोग किए जाने वाले नंबर की जांच से पता चला है कि डीएसपी पीके मिश्रा और पंकज मिश्रा एक दूसरे को लगभग 275 बार फोन कॉल किए। ईडी ने शपथपत्र में कहा कि जांच के दौरान पंकज मिश्रा के मोबाइल नंबर पर हुई बातचीत को विधि पूर्वक इंटरसेप्ट किया गया था। जिसमें तत्कालीन आयुक्त चंद्र मोहन कश्यप पर अपना वर्चस्व कायम करते हुए और अपनी शक्ति का दुरुपयोग करते हुए उनकी एक कॉल को इंटरसेप्ट किया गया था। ईडी ने कहा कि यह स्पष्ट है कि डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा ने पंकज मिश्रा को उनकी अवैध गतिविधियों में सहायता प्रदान की है। कोर्ट को बताया गया कि

बड़ाहरवा केस मामले में जांच को नियंत्रित किया। साथ ही पंकज मिश्रा और विधायक मो आलमगीर आलम के खिलाफ किसी भी प्रकार की जांच होने से रोका। इन दोनों व्यक्तियों के खिलाफ जांच एक दिन में ही पूरी कर ली गई थी। इसलिए यह स्पष्ट है कि पंकज मिश्रा झारखंड के मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि होने के नाते एक बहुत ही प्रभावशाली व्यक्ति और राजनीतिक रसूख का आनंद लेते हैं और जिला प्रशासन के कार्यों को प्रभावित करते हैं।

बाबूलाल मरांडी के दलबदल मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई अब 5 जनवरी को

राष्ट्रीय खबर

रांची: भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी की ओर से दलबदल मामले में स्पीकर के न्यायाधिकरण में फैसला सुरक्षित रखे जाने के खिलाफ दायर याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। मामले में प्रार्थी बाबूलाल मरांडी की ओर से शिकायतकर्ता कांग्रेसी विधायक दीपिका पांडे सिंह की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब दिया गया। अब मामले की अगली सुनवाई 5 जनवरी 2023 को होगी। इससे पूर्व पिछली सुनवाई में दीपिका पांडेय सिंह की ओर से बहस की गई थी, पूर्व की सुनवाई में झारखंड विधानसभा की ओर से सुप्रीम कोर्ट व अन्य हाईकोर्ट के जजमेंट को प्रस्तुत किया गया था। कहा गया था कि स्पीकर के न्यायाधिकरण में जब तक कोई आदेश बाबूलाल मरांडी के मामले में न हो जाए, तब तक झारखंड हाईकोर्ट इस रिट को नहीं सुन सकता है। यह याचिका मेंटेनेबल नहीं है, इसलिए इसे खारिज कर देना चाहिए। संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत स्पीकर का न्यायाधिकरण किसी विधायक को डिसक्वालीफाई करने के निर्णय लेने में सक्षम है। हाई कोर्ट इसमें इंटरफेयर नहीं कर सकता है। यह भी कहा गया था कि किसी राजनीतिक दल का विलय करना या न करना यह विधानसभा अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र में आता है। झारखंड विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की।यह सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट में हुई। वहीं प्रार्थी की ओर से कहा गया था कि बिना गवाही कराये ही स्पीकर के न्यायाधिकरण ने फैसला सुरक्षित रखा है। स्पीकर के न्यायाधिकरण में बाबूलाल मरांडी और प्रदीप यादव के मामले में अलग-अलग तरीके से सुनवाई हो रही है, जो अनुचित है। प्रार्थी की ओर वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह और अधिवक्ता विनोद कुमार साहू ने पैरवी की। वहीं दीपिका पांडे सिंह की ओर से अधिवक्ता सुमित गरोदिया ने पैरवी की।

कई देशों में फिर से कोरोना विस्फोट को लेकर झारखंड स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

सभी जिलों के उपायुक्तों को पत्र लिख कर सचेत रहने का दिया गया है निर्देश

राष्ट्रीय खबर

रांची: चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, अमेरिका में एक बार फिर से कोरोना विस्फोट हो गया है। इससे पूरी दुनिया एक बार फिर भय के साये में है। कोरोना को लेकर झारखंड सरकार की स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। राज्य सरकार का स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग भी कोरोना मामले पर पूरी नजर रखा हुआ है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने इस मामले पर सभी जिलों के उपायुक्तों को पत्र लिख कर सचेत रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि सभी जिलों के उपायुक्त कोरोना पीड़ितों के जीनोम सिक्वेंसिंग के मामलों से संबंधित सैंपल राजधानी रांची के राजेंद्र आर्युविज्ञान संस्थान (रिम्स) भेजें। उन्होंने कोरोना की टेस्टिंग, ट्रेसिंग, ट्रीटमेंट और वैक्सीनेशन के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उधर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा है कि राज्य सरकार विदेशों में कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर गंभीर है। झारखंड सरकार एलर्ट मोड पर है। मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ विभाग पूरी तरह से अलर्ट है। हालांकि अब डरने की कोई बात नहीं, क्योकि झारखंड में कोई नया मामला नहीं आया है। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग की ओर से राज्य भर में सभी आवश्यक सावधानी बरतने की निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग सभी पहलुओं पर नजर बनाये हुए है। चीन में कोरोना के ओमक्रोन सब वेरिएंट बीएफ-7 के मामले आये हैं। भारत में भी इसको लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से समीक्षा की गयी है। गुजरात और ओड़िशा में कोरोना के नये वेरिएंट का मामला सामने आ चुका है।

बाइक सवार को बस ने रौंदा

रांची : नामकुम थाना क्षेत्र के रांचीजमशेदपुर एनएच-33 के जामचूआं में तेज रफ्तार बस ने सड़क पार कर रहे हैं बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक सवार राजेश महतो की मौके पर मौत हो गई । राजेश नामकुम के लाली गांव का रहने वाला था। भाग रहे बस को दशम फॉल थाना के सहयोग से पकड़ लिया गया गया। घटना सुबह करीब 7:30 बजे की है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। जानकारी के अनुसार राजेश महतो भतीजी को स्कूल से घर लाने के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय निकला था, इसी दौरान स्कूल के समीप बस ने उसे रौंद दिया, इससे मौके पर उसकी मौत हो गई।

न्यूक्लियस मॉल रोड, रोसपा टावर, अलबर्ट एक्का चौक पार्किंग से हटाये गये ठेला-खोमचा

राष्ट्रीय खबर

रांची: रांची नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने निगम क्षेत्रांतर्गत पार्किंग में अवैध रूप से संचालित ठेला, खोमचा को हटाने की कार्रवाई की। टीम ने न्यूक्लियस मॉल रोड, रोसपा टावर, फिरायालाल चौक, रिलायंस मार्ट, कांके रोड एरिया में सघन अभियान चलाया। रांची नगर निगम की ओर से सभी को इसे हटाने को लेकर नोटिस जारी किया गया था। पूर्व में ही सूचना जारी कर दो दिनों का समय दिया गया था। साथ ही निर्देश दिया गया था कि दो दिनों के भीतर यदि ठेला, खोमचा, गुमटी इत्यादि नहीं हटाया गया तब रांची नगर निगम सामान जब्त करते हुए कार्रवाई करेगा। बताते चलें कि रांची नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वाहन पड़ाव की बंदोबस्ती की गयी है। यह देखा जा रहा था कि पड़ाव स्थल पर ठेला, खोमचा, गुमटी लगा कर व्यवसाय किया जा रहा है। इस वजह से वाहन पार्किंग की समस्या हो रही है। वहीं सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

10 साल से संविदा पर कार्यरत कर्मी को नियमित करें

रांची: झारखंड हाइकोर्ट ने ट्रांसपोर्ट विभाग एवं अन्य विभागों में 10 साल से अधिक काम करने वाले कर्मियों को नियमित करने का आदेश दिया है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने नरेंद्र कुमार तिवारी सहित 11 अलग-अलग याचिकाओं पर गुरुवार को आदेश पारित किया। कोर्ट ने प्रार्थी की याचिका को स्वीकार कर लिया। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा एवं अधिवक्ता विपुल पोद्दार ने पैरवी की। बता दें कि ट्रांसपोर्ट विभाग एवं अन्य विभाग में संविदा पर 10 साल से ज्यादा काम करने वाले कर्मियों ने अपनी सेवा नियमित करने की राज्य सरकार से गुहार लगाई थी। लेकिन राज्य सरकार ने उनके आग्रह को नामंजूर कर दिया था। जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। वर्ष 2017 में हाइकोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद सभी प्रार्थी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। जिसमें सुप्रीम कोर्ट विभाग को केस रिमांड बैक कर दिया और गाइडलाइन फ्रेम कर ट्रांसपोर्ट विभाग में 10 साल से ज्यादा काम कर रहे हैं कर्मियों को नियमित करने पर निर्णय लेने का निर्देश दिया था। राज्य सरकार की ओर से फिर से उनके आग्रह को खारिज कर दिया गया और इन्हें वर्ष 2018 में नौकरी से हटा दिया गया। इसे लेकर सभी प्रार्थी ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की थी। जिस पर गुरुवार को हाईकोर्ट ने आदेश सुनाया है।

फसल की नयी किस्मों के विकास में स्थानीय समुदाय के दावों का निबटारा अब बीएयू में भी



राष्ट्रीय खबर

रांची:केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय के अधीन कार्यरत पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण, नई दिल्ली ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय को एक केंद्र के रूप में अधिसूचित किया है। इस अधिसूचना को भारत के राजपत्र में भी प्रकाशित किया गया है। प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार मैदानी फसलों, फलों, सब्जियों, फूलों, मसालों और बागान फसलों के विकास से संबंधित ऐसे दावे बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक अनुसंधान के समक्ष प्रस्तुत किए जा सकेंगे। वृक्ष प्रजाति के विकास में स्थानीय समुदाय द्वारा संरक्षित जेनेटिक संसाधन का प्रयोग किये जाने से संबंधित भरपाई के दावे निदेशक अनुसंधान के साथ-साथ वानिकी संकाय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी विभाग के अध्यक्ष को भी प्रस्तुत किए जा सकते हैं। भारत सरकार द्वारा प्राधिकरण का गठन पौधा किस्मों और किसानों के अधिकारों के संरक्षण के लिए दो दशक पूर्व किया गया था।

बीएयू के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने ऐसे दावों की प्राप्ति और प्रोसेसिंग के लिए प्राधिकरण द्वारा बीएयू को केंद्र बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि झारखंड के किसानों ने लंबे अरसे से बहुत से पौधा आनुवंशिक संसाधनों को संरक्षित करके रखा है। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय या राज्य में अवस्थित आईसीआर के शोध संस्थानों द्वारा उनके संसाधनों का प्रयोग कर नए उन्नत प्रभेद विकसित किए जाने पर उन्हें मुआवजा मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

लेवी के लिए कई कंपनियों के साईट में फायरिंग और वाहन जलाने सहित कई आरोप

78 अपराधिक कांडों के फरार 10 लाख का इनामी नक्सली मुनेश्वर गंझू गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

पलामू\रांची: करीब 78 अपराधिक मामलों में फरार चल रहे जोनल कमांडर मुनेश्वर गंझू उर्फ बितन गंझू उर्फ मुंशी जी को पुलिस ने धर दबोचा है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के हेसला बांझीटोली से बुधवार की देर रात उसे गिरफ्तार किया है। मुनेश्वर गंझू के पास से पुलिस ने 53 हजार रुपये नगद बरामद किया। चंदवा थाना क्षेत्र के मड़मा निवासी मुनेश्वर की अगुवाई वाले दस्ते ने लातेहार, पलामू, गढ़वा, चतरा सहित कई जिलों में दर्जनों वारदात अंजाम दिए हैं। मुनेश्वर गंझू पर लातेहार, गुमला, लोहरदगा और रांची जिले के विड्रिान्न थानों में 78 मामले दर्ज है। घटना की जानकारी देते हुए लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि सूचना मिली थी कि मुनेश्वर गंझू हेसला बांझीटोली में अपने दस्ते के साथ छिपा हुआ था। इसी सूचना पर चंदवा थाना के इंस्पेक्टर सह थानेदार अमित कुमार गुप्ता, पुलिस बल के साथ मुनेश्वर गंझू को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। मुनेश्वर गंझू 2 अक्टूबर को मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड के क्रशर प्लांट, 21 अक्टूबर को चंदवा थाना के मालहन में केईसी इंटरनेशनल साईट पर, 22 नवंबर को टीटीआईपीएल कंपनी के द्वारा कराये जा रहे डगडगी रेलवे पुल निर्माण कार्य क्षेत्र में आगजनी और गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया था। इसमें करोड़ों की संपत्ति का नुकसान हुआ था। इसमें कई लोग घायल हुए थे, में सीआईसी सेक्शन माओवादियों ने उत्पात मचाया था और रेलवे के काम में लगे तीन लोगों को गोली मारकर घायल कर दिया था। इसी दस्ते ने डगडगी पुल के पास 13 वाहनों में आग लगा दी थी। बताया जाता है कि मुनेश्वर खूंखार नक्सली रवींद्र गंझू का दाहिना हाथ है।

मामला आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा की ओर से मांगा गया समय

बरहरवा टोल प्लाजा टेंडर मामले में हाईकोर्ट ने माना नहीं हुई निष्पक्ष जांच

राष्ट्रीय खबर

रांची: साहिबगंज के बरहरवा टोल प्लाजा टेंडर मामले में बरहरवा थाने में दर्ज मामले की 24 घंटे में क्लीन चिट देने के मामले की सीबीआई जांच का आग्रह करने वाली याचिका पर गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) की ओर से दायर शपथपत्र का कोर्ट ने अवलोकन किया। इस दौरान कोर्ट ने माना कि इस मामले की निष्पक्ष तरीके से जांच नहीं हुई है, जल्दबाजी में मामले में जांच अधिकारी ने मामले की जांच की और रिपोर्ट दिया है। वहीं सुनवाई के दौरान राज्य सरकार, आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गई। इनकी ओर से कहा गया कि ईडी के शपथ पत्र के बाद वे अपना जवाब दाखिल करना चाहते हैं। है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी निर्धारित की। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति एस के द्विवेदी की कोर्ट में हुई।

प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने पैरवी की। बता दें कि साहिबगंज के बरहरवा थाने में टोल प्लाजा टेंडर विवाद में शंभू नंदन कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें पंकज मिश्रा पर टेंडर में भाग नहीं लेने की धमकी देने का आरोप लगाया गया था। पंकज ने टेलिफोनिक धमकी दी थी, लेकिन पुलिस ने उसके वॉइस रिकॉर्ड की फॉरेंसिक जांच नहीं कराई थी। साथ ही आधे घंटे में 14 गवाहों का बयान लेकर पुलिस ने मामले में पंकज मिश्रा और मंत्री आलमगीर आलम को क्लीन चिट दी थी। प्रार्थी की ओर से आरोप लगाया गया था कि मामले में जांच को प्रभावित करने के लिए इन दोनों को क्लीन चिट दी गई है, प्रार्थी ने इसकी सीबीआई जांच कराने का आग्रह किया है। मामले को लेकर बरहरवा साहिबगंज थाना कांड संख्या 85/2020 दर्ज कराई गई थी।निचली अदालत ने भी मामले में ट्रायल पर रोक लगाई है।